निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




खूंटी में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लगाया जनता दरबार


• बोकारो, मंगलवार 13 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 237 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


# सत्ता को जवाबदेह बनाती है लेखनी : राज्यपाल

## रांची प्रेस क्लब के सभागार में राजनीति और मीडिया संवाद विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब के सभागार में सोमवार को राजनीति और मीडिया संवाद विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला भी शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनीति और मीडिया का संबंध परस्पर पूरक है और दोनों के संतुलन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि उन्हें पत्रकारों के बीच आकर बेहद प्रसन्नता हो रही है। बहुत समय बाद मीडिया से सीधे संवाद का अवसर मिला है। उन्होंने अपने जीवन के विभिन्न प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि वे विद्यार्थी जीवन में भी किराए के मकान में रहे। मंत्री रहते हुए भी किराए के मकान में रहे और आज राज्यपाल के रूप में भी संविधान के तहत



प्रदत्त आवास में ही रह रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की सादगी और मर्यादा का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि राज्यपाल के ऊपर भले ही मुकदमा न चले लेकिन पत्रकारों की लेखनी जरूर चलती है। यही लेखनी सत्ता को जवाबदेह बनाती है। उन्होंने कहा कि मीडिया सत्ता और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। जिम्मेदार और निष्पक्ष पत्रकारिता से ही शासन व्यवस्था में पारदर्शिता आती है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा होती है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया से जुड़े लोग कभी खुद को छोटा न समझें, लेकिन साथ ही अहंकार से भी दूर रहें। पत्रकारिता का धर्म विनम्रता, सत्य और जनहित से जुड़ा है। मीडिया को अपनी ताकत का अहसास होना चाहिए लेकिन उस ताकत का उपयोग समाज और लोकतंत्र के हित में होना चाहिए। परिचर्चा के दौरान पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त ने भी राजनीति और मीडिया के संबंधों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसकी स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। पत्रकारों को सत्ता से सवाल पूछने का साहस बनाए रखना चाहिए। साथ ही तथ्यों और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में राजनीति और मीडिया के बदलते स्वरूप, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए राजनीति और मीडिया दोनों को एक-दूसरे की सीमाओं और भूमिकाओं का सम्मान करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहृत बच्चा 14 घंटे में बरामद

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कोवाली थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ढेगाम हाट बाजार से अगवा किए गए चार माह के बच्चे को मात्र 14 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में एक महिला आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने सोमवार को बताया कि आरोपी महिला झुमारानी मंडल की बेटी की कोई संतान नहीं है। इस वजह से आरोपी महिला ने बच्चे की चोरी की और उसे अपनी बेटी को दे दिया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सरायढेला थाना क्षेत्र की बगुला बस्ती में बीती रात 42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सेवक कुमार बाउरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना से पहले सेवक कुमार का अपने बेटे से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से निकल गए और कुछ दूरी पर एक पेड़ से गमछे के सहारे लटक गए।

### ऑटो से टकराई बाइक युवक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** बसिया प्रखंड के महाराजगंज के पास सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक रवि खड़िया की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार का एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पालकोट प्रखंड के मुरुमकेला बघिमा निवासी रवि खड़िया के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के अमजोरा मंडल टोला में सोमवार को एक विवाहिता का उसके ससुराल में फंदे से लटका शव मिला। मायके पक्ष ने मृतका की सास और पति के मामा पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान पूनम कुमारी के रूप में की गई है। मृतका के भाई ललन मंडल के अनुसार जब वो बहन के ससुराल पहुंचा और भांजी से बात की तो उसने बताया कि उसकी दादी उपाशी देवी ने मां को फंदे से लटका कर गई है। दादी के साथ पिता के मामा भी शामिल थे।

# स्कार्पियो ने मारी टक्कर, दो की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** मेदिनीनगर-पांकी मेन रोड पर पांकी थाना क्षेत्र के पिपरा कोनवाई में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नुरू गांव निवासी 28 वर्षीय भरत साव और 26 वर्षीय ब्यास यादव के रूप में की गई है। दोनों युवक आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार भरत साव अपने भाई मनीष से मिलने सगालीम पेट्रोल पंप गए थे। भाई वहीं काम करता है। भाई से मुलाकात के बाद भरत अपने साथी ब्यास यादव के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। पिपरा कोनवाई के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी की थी। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कॉर्पियो के आगे बीएसएनएल का बोर्ड लगा हुआ था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को एमएमसीएच, मेदिनीनगर पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

# मुस्कान अवार्ड जीतने की रेस में शामिल होगा रांची सदर अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अगर सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो रांची का सदर अस्पताल मुस्कान अवार्ड पाने वाला राज्य का पहला सदर अस्पताल होगा। राज्य सरकार की ओर से 'मुस्कान अवार्ड' के लिए सर्टिफिकेशन मिल जाने के बाद सदर अस्पताल, रांची ने शिशु रोग विभाग के सभी मानकों पर खड़ा उतरने के लिए जरूरी मानक के अनुरूप अपग्रेड करने का काम भी शुरू कर दिया है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि मुस्कान अवार्ड के नॉमिनेशन से पहले बेहद जरूरी झारखंड सरकार की अनुमति सदर अस्पताल को मिल गई है। उन्होंने बताया कि अब अगले चरण में राष्ट्रीय स्तर पर मुस्कान अवार्ड के लिए नॉमिनेशन किया जाएगा। कहा कि नॉमिनेशन से पहले सदर अस्पताल के शिशु रोग विभाग में संसाधनों को बढ़ाया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि मुस्कान अवार्ड पाने के लिए जरूरी अपग्रेड के लिए 50 पेज का चेकलिस्ट है। इसके अनुसार अब पीडियाट्रिक विभाग को अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फरवरी के मध्य तक मुस्कान अवार्ड के लिए सेंट्रल टीम सदर अस्पताल का दौरा करेगी और यहां बच्चों के इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेगी। उनकी तरफ से पूरी कोशिश होगी कि सेंट्रल टीम के आने से पहले शिशु रोग विभाग को संसाधन के हिसाब से पूरी तरह अपग्रेड कर दिया जाए।

# ट्रक से टकराकर घर में जा घुसी बेकाबू कार, चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा रविवार देर रात बेल चंपा इलाके में हुआ, जब एक चार पहिया वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। गढ़वा थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर में जा घुसी। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें फंसे सभी लोगों को बाहर निकालने के लिए गैस कटर की मदद लेनी पड़ी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार से चारों शवों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी चार लोग पलामू जिले के पांडू और विश्रामपुर थाना क्षेत्रों के निवासी थे। पुलिस के अनुसार वे श्री



वंशीधर नगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान नरेंद्र कुमार पासवान (30), जितेंद्र कुमार पासवान (28), बादल पासवान (18) और विक्की पासवान (18) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग यूपी बॉर्डर के बिलासपुर गांव एक रिश्तेदार के घर आए थे और देर रात अपने घर पलामू जिले के पाण्डु थाना क्षेत्र एवं विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भंडार गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव के पास तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी। मामले में मृतक के परिजनों का कहना है कि तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो को पीछे से टक्कर मार दी। झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र चंद्रवंशी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। मैं पीड़ित परिजनों के साथ हूं। इस घटना को लेकर एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि देर रात सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# संघर्ष के लिए तैयार रहे युवा कार्यकर्ता : सुबोधकांत सहाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सम्मानित किया गया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, विधायक सुरेश बैठा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने निर्वाचित होने वाले युवा कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला और अंग वस्त्र पहनाते हुए कहा कि कांग्रेस तब मजबूत होगी, जब यूथ कांग्रेस मजबूत होगी। नवनियुक्त युवा कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों को योग्य एवं सक्षम बताते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बहुत अच्छी टीम बनी है, इस टीम में पार्टी संगठन के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा दिखता है। ऐसे में युवा कांग्रेस के





प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव की जिम्मेदारी सबसे अधिक है कि पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों को कैसे जनता के बीच ले जाया जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युवा कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहरी निकाय चुनाव है। आप सभी को अभी से ही निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाना चाहिए कि कैसे शहरी निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस विचारधारा से आने वाले लोग वार्ड पार्षद, मेयर, डिप्टी मेयर, नगर पंचायत परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने। उन्होंने आगे कहा कि भले ही यह चुनाव दलीय आधार पर नहीं होना है, लेकिन इस बात का ख्याल रखना है कि ज्यादा से ज्यादा हमारी विचारधारा वाले लोग जीत हासिल करें। पूर्व सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धीरज प्रसाद साहू ने यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस ही कांग्रेस की असली ताकत है। युवा जब जनता की आवाज बनेंगे तो इसका सबसे ज्यादा असर समाज पर पड़ेगा। वहीं कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि वह हर तरह से युवा कांग्रेस को सहयोग के लिए तैयार हैं।

# कृषि मंत्री ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उपायुक्त आर. रॉनिटा और प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों ग्रामीण, किसान और आम नागरिक शामिल हुए। जनता दरबार में प्राप्त अधिकांश आवेदन कृषि संबंधी समस्याओं से जुड़े रहे। ग्रामीणों और किसानों ने दीप बोरिंग, सिंचाई सुविधा, कृषि यंत्र, बीज, खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने से संबंधित मांगें रखीं। कई किसानों ने खेतों में पानी की कमी, उपकरणों के अभाव और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलने की शिकायत भी मंत्री के समक्ष रखी। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए और मामलों में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

### मां की डांट के बाद किशोर ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के सोपोडेरा कुर्मी टोला में एक 17 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। परिजनों के अनुसार घटना से पहले अंकित की मां ने उसे मोबाइल फोन लेकर बाहर जाने को लेकर डांटा था। बताया जा रहा है कि इसी बात से आहत होकर अंकित मानसिक तनाव में आ गया था। जब उसकी मां ड्यूटी पर चली गई, उसी दौरान अंकित ने यह कदम उठा लिया।

### गैंगस्टर प्रिंस खान के कई ठिकानों पर छापा

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में प्रिंस खान के गुर्गे, उसे आर्थिक व अन्य प्रकार से सहयोग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर, पांडरपाला, भूली समेत एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई जहां कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। वहीं, पांडरपाला क्षेत्र में फल कारोबारी वसीम के घर पर भी पुलिस ने दबिश दी। साथ ही वासेपुर के आरा मोड़ स्थित उसकी फल दुकान की भी तलाशी ली गई। इसके अलावा वासेपुर के गुलजारबाग इलाके में बाबू खान के घर पर भी पुलिस की टीम पहुंची। इस कार्रवाई के दौरान जानवरों के कारोबार से जुड़े नदीम खान और शाहरुख को पुलिस हिरासत में लेने की सूचना है। तलाशी के दौरान नकदी भी बरामद होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस की ओर से फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी गई है। एसएसपी ने साफ संकेत दिया है कि प्रिंस खान को मदद देने वाले सफ़ेदपोश लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी का नेतृत्व सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने किया। इधर मामले को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि प्रिंस खान के गुर्गों और उसके गैंग में शामिल हुए अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिसमें बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के वासेपुर, भूली और पांडरपाला समेत कुल 12 ठिकानों पर छापेमारी की गई। पुलिस की कुल 12 टीम छापेमारी में मौजूद थी।


सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India.
Khadi India

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)
के साथ अपने सपनों के उद्यम का निर्माण करें





वित्तीय सहायता
- विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50 लाख रूपये तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए 20 लाख रूपये तक का बैंक ऋण
- कुल परियोजना लागत पर 35% तक भारत सरकार की सब्सिडी
- लाभार्थी का योगदान - 5% से 10%
- वित्तीय सहायता केवल नई सूक्ष्म इकाईयों के लिए उपलब्ध
- पी.एम.ई.जी.पी./आरईजीपी/मुद्रा के तहत व्यापार का उन्नयन
  - विनिर्माण क्षेत्र के लिए 1 करोड़ रूपया तक बैंक ऋण
  - सेवा क्षेत्र के लिए 25 लाख रूपया
  - परियोजना लागत पर 15% तक भारत सरकार की सब्सिडी

पात्रता
- 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति
- कोई आय सीमा नहीं
- 5 लाख रूपये तक की परियोजना लागत के लिए किसी योग्यता की आवश्यकता नहीं
- परियोजनाओं के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण
  विनिर्माण क्षेत्र - 10 लाख रूपये
  सेवा क्षेत्र - 5 लाख रूपये
- मौजूद ईकाइयाँ सहायता के पात्र नहीं हैं

अपने स्थान पर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
की एक प्रमुख योजना
For scheme details please visit
www.kviconline.gov.in/pmegpeportal

आज ही ऑनलाइन आवेदन करें :
www.kviconline.gov.in/pmegpeportal

प्रत्येक रविवार को लाइव वेबिनार में शामिल होकर विभिन्न व्यावसायिक सुझावों को देखें
पंजीकरण करें:
https://www.udyami.org.in/workshop

खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
राज्य कार्यालय : 191-C अशोक नगर, रांची

फोन न. : 0651-3502401
अधिक जानकारी के लिए नजदीकी जिला उद्योग केन्द्र/खादी और ग्रामोद्योग आयोग से संपर्क करें।

सावधान : पी.एम.ई.जी.पी. के तहत ऋण की मंजूरी के लिए पैसे मांगने वाले धोखेबाजों से सावधान रहें। सावधानी बरतें और ऐसी गतिविधियों की सूचना उपयुक्त प्राधिकारी को दें।

Follow Ministry of MSME @minmsme
Follow Khadi India @kvicIndia

# इन्द्रपुरी चौक हत्याकांड का खुलासा, 8 अभियुक्त गिरफ्तार, हथियार बरामद

## एसपी अंजनी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रपुरी चौक के पास 1 जनवरी 2026 को हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में हत्या में शामिल 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं हत्या में प्रयुक्त खून लगे तलवार एवं बेसबॉल बैट भी बरामद किए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे कोलघटी में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ अपराधियों ने प्रतिशोध की भावना से लैस होकर इन्द्रपुरी चौक के समीप सुरज कुमार राणा पर तलवार, डंडा एवं अन्य घातक हथियारों से निर्मम हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में कुलदीप सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी काजल कुमारी (निवासी—मंडई खुर्द, थाना लोहसिंघना) के लिखित आवेदन के आधार पर लोहसिंघना थाना कांड संख्या 01/26 (दिनांक 02.01.2026) के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर 2023) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। कांड के त्वरित उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग श्री अमित आनंद (भा.पु.से.) के नेतृत्व में स्व्ळ टीम का गठन किया गया। स्व्ळ द्वारा नई दिल्ली, भिलाई (म.प्र.), नोएडा (उ.प्र.), चतरा, रामगढ़, रांची एवं बड़कागांव थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 10 जनवरी 2026 को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नोएडा सेक्टर-126 (उ.प्र.) से राहुल कुमार, रौशन कुमार एवं दीपक कुमार को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर हजारीबाग लाया गया। कड़ाई से पूछताछ के बाद शेष अभियुक्तों सोनू कुमार, राहुल उर्फ लोला, अमन कुमार उर्फ रोहन एवं मुकेश कुमार को बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराडीह से गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त, कांड में संलिप्त एक विधि-विवादित किशोर को कोलघटी से निरुद्ध किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और इनके विरुद्ध पूर्व में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में लोहसिंघना, बड़कागांव, सदर थाना सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के पदाधिकारी-कर्मी शामिल थे। झारखंड पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चामुंडा देवी पूजा को लेकर बरकट्ठाडीह में ग्रामीणों की बैठक, 17 से पूजा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठाडीह स्थित चामुंडा देवी मंडप परिसर में आगामी चामुंडा देवी पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उमेश यादव ने की, जबकि संचालन इंद्रजीत प्रसाद द्वारा किया गया।



बैठक में आगामी 17 जनवरी से चामुंडा देवी मंडप में तीन संध्या पूजा-पाठ के आयोजन तथा मंडप के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पूजा को शांतिपूर्ण, भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि पूजा समिति के लिए पूर्व में गठित समिति को ही बरकरार रखा जाएगा। समिति के निर्णय के अनुसार 17 जनवरी से पूजा का शुभारंभ होगा, जबकि 18 जनवरी को महाप्रसाद वितरण के साथ पूजा का विधिवत समापन किया जाएगा। बैठक में इंद्रजीत प्रसाद, रामखेलावन यादव, उमेश यादव, इंद्रदेव मोदी, पिंकू यादव, त्रिलोकी राणा, जीवलाल साव, अयोध्या चंद्र यादव, विजय मोदी, सुन्दर तूरी, धानेश्वर यादव, बालदेव यादव, बासुदेव मोदी, दशरथ मोदी, उपेंद्र यादव, विजय यादव, प्रमोद यादव, महादेव साव, त्रिवेणी साव, संजय ठाकुर, सुरेश ठाकुर, सुखदेव साव, महादेव मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से पूजा को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए कहा कि यह आयोजन आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसमें पूरे गांव की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर खेल मैदान में दिखी युवा ऊर्जा

## विद्यार्थी परिषद ने कराया बैडमिंटन टूर्नामेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार इकाई की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहर के माहेश्वरी एकेडमी के इंदौर स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केबी झा महाविद्यालय के एकाउंट्स विभागाध्यक्ष प्रो.विनय पांडे एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. जितेश कुमार मौजूद रहे।विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश कार्यकारी परिषद सदस्य आशीष झा, विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, जिला संयोजक रोहन,नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री अमित गुप्ता एवं मोनू यादव,विशाल सिंह, जय, राहुल , ध्रुव झा, कृष कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यकारी परिषद सदस्य आशीष झा ने किया। जिन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.विनय पांडे ने अपने संबोधन में कह कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण दर्शन युवा शक्ति पर आधारित है। खेल युवाओं को अनुशासन,धैर्य और संघर्ष की भावना सिखाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर नवीन सिन्हा के आवास में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा संत विनोबा नगर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, जो कि राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है, सिंदूर स्थित संत विनोबा नगर, सिंदूर में श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच मनाई गई। यह कार्यक्रम नवीन सिन्हा के आवास में आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सर्वश्री बृज मोहन प्रसाद (कार्यकारी जिलाध्यक्ष), श्री अनूप सिन्हा (जिला संयोजक), शशिकांत (जिला महामंत्री), श्री अजय अंबष्ट (जिला संगठन मंत्री), श्री गौतम किशोर (जिला कोषाध्यक्ष), श्री रुपेश बिहारी लाला (प्रकोष्ठ अध्यक्ष), श्री प्रबल प्रताप नारायण (प्रकोष्ठ अध्यक्ष), कृष्ण किशोर प्रसाद (प्रकोष्ठ अध्यक्ष), श्री नवीन सिन्हा (प्रकोष्ठ अध्यक्ष) सहित शेखर लाल, प्यारे मोहन सहाय, शिक्षक अजय किशोर अंबष्ट, मुकेश सिन्हा एवं कई चित्रांश व समाजसेवी उपस्थित थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि वे आत्मविश्वास, अनुशासन व सेवा भाव को अपनाएँ तो देश को नई दिशा दे सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी अतिथियों ने सहभागिता की। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं ने गीत, विचार प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों, राष्ट्रप्रेम और युवा चेतना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी एवं ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन अइड्ट के जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवीन सिन्हा, जिला युवा प्रकोष्ठ, अइड्ट, हजारीबाग ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और समाजसेवा के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एसबीएमसीएच पुलिस पिकेट की कार्यप्रणाली दुरुस्त करने की मांग

# सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन ने एसपी अंजनी अंजन को सौंपा ज्ञापन

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसबीएमसीएच) में स्थित पुलिस पिकेट की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने की मांग को लेकर आवाज उठी है। अस्पताल में दुर्घटना अथवा अन्य घटनाओं में मृत व्यक्तियों के शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी से शोकाकुल परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सोमवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में पहुंचकर जिले के अंजनी अंजन (पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग) को एक लिखित पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने एसबीएमसीएच पुलिस पिकेट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न थाना क्षेत्रों से लाए गए दुर्घटनाग्रस्त शवों का पोस्टमार्टम अक्सर इसलिए लंबित हो जाता है, क्योंकि पिकेट में तैनात पुलिसकर्मी इंक्वेस्ट (पंचनामा) तैयार करने से इनकार कर देते हैं। पिकेट कर्मियों का कहना होता है कि जिस थाना क्षेत्र में घटना हुई है, उसी थाने की पुलिस को आकर पंचनामा बनाना होगा। इस क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार के कारण दूर-दराज से आए परिजनों को कई-कई घंटे, कभी-कभी पूरी रात तक संबंधित थाने के अधिकारी के आने का इंतजार करना पड़ता है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पत्र में कहा कि अस्पताल परिसर में पुलिस पिकेट की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि पोस्टमार्टम जैसी पुलिस प्रक्रिया शीघ्र, सरल और मानवीय तरीके से पूरी हो सके। यदि पिकेट की मौजूदगी के बावजूद परिजनों को अन्य थाना क्षेत्रों के अधिकारियों का इंतजार करना पड़े, तो पिकेट की उपयोगिता और उद्देश्य दोनों ही समाप्त हो जाते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि एसबीएमसीएच परिसर में वाहन चोरी, स्नैचिंग, पैकेटमारी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, साथ ही अस्पताल की चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था से मरीजों, परिजनों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी बिंदुओं पर हस्तक्षेप करते हुए पुलिस पिकेट की कार्यप्रणाली को पूरी तरह दुरुस्त करने की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सांसद मीडिया प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा विषय बताया और इस पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने एसपी के आश्वासन पर विश्वास जताते हुए कहा कि यदि पुलिस पिकेट की कार्यप्रणाली दुरुस्त होती है, तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार में देशभर के 400 मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हुए, मानवाधिकार संरक्षण का लिया संकल्प

## मानवाधिकार संरक्षण राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का मूल्य लक्ष्य : मनोज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार का आयोजन सिल्वर लेक व्यू रिसॉर्ट उरवा बरही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं संचालन रांची जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नाजिया प्रवीण एवं कोडरमा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने किया।



बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, कोबरा 203 के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पांडेय, बिहार प्रदेश अध्यक्ष नरेश शर्मा, कोडरमा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, कोडरमा के पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, चतरा के पूर्व जिप अध्यक्ष ममता देवी, प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, जगदीश दास, किशोर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव, प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप कुमार, प्रदेश विधि प्रभारी उदय कुमार सिंहा ,प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, प्रदेश सह संयोजक रवि शंकर कुमार, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ महासचिव मंजू सिंह, उपाध्यक्ष सुप्रिया सिंह, प्रमंडल अध्यक्ष कामिनी कुमारी, हीरा देवी, प्रमंडलीय महासचिव संजू सिंह प्रदेश एक्सक्यूटिव मेंबर ब्रह्मदेव यादव, राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह, पेंशनर समाज के अध्यक्ष राजेंद्र रुखरियार, डिग्री कॉलेज बरही के प्राचार्य प्रो जय प्रकाश आनंद, उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं बुके के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही के बच्चियों द्वारा स्वागत नृत्य के साथ साथ झारखंडी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सभी प्रतिभागियों को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के हाथों प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर इंद्रदेव प्रसाद, नवीन चौधरी, प्रदीप कुमार यादव, कृष्णा मोदी, अवध पांडेय, रवि शंकर कुमार, अशोक यादव सहित 150 नए मानवाधिकार कार्यकताओं को आईडी कार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे लगभग 400 कार्यकताओं को माला पहनाकर एवं बुके के साथ स्वागत किया गया। सभी ने मानवाधिकार संरक्षण के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हरेक व्यक्ति के मानवाधिकार की सुरक्षा होनी चाहिए। कहीं भी मानवाधिकार का हनन का मामला आता है तो निश्चित तौर पर हम सभी को एकजुट होकर उनके मानवाधिकार के संरक्षण के लिए काम करना होगा। चतरा विधायक ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संगठन मानवाधिकार के संरक्षण को लेकर काम कर रहा है जो काबिलेतारिफ है। वही कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि जहां सरकारी मशीनरी मानवाधिकार संरक्षण में असफल होती है। वही आप जैसे मानवाधिकार कार्यकताओं के कारण कई गरीबों को न्याय मिल पाता है। शालिनी गुप्ता ने कहा कि हरेक मनुष्य को बेहतर ढंग से जीने का अधिकार है। यदि उसके अधिकार का हनन होता है तो निश्चित तौर पर सभी को एकजुटता से इस पर काम करनी चाहिए। कोबरा 203 के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि आप जैसे लोगों से ही मानवाधिकार का सुरक्षा संभव है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन से जुड़े हरेक कार्यकर्ता संकल्पित होकर अपना काम कर रहे हैं। जहां भी हमलोगों को मानवाधिकार हनन की सूचना मिलती है, हम मौके पर जाकर समाधान का प्रयास करते हैं। अब तक 700 मामले को एसोसिएशन के द्वारा सुलझाया गया है।

# अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** दिनांक 12 जनवरी 2026 को आयोजित अपराध गोष्ठी में झारखंड पुलिस के पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर कड़े दिशानिर्देश दिए गए।



अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित मामलों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि चोरी, लूट, छिनतई एवं गृहभेदन से संबंधित मामलों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हर हाल में सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2026 के पूर्व के सभी लंबित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिले के सभी थानों में जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती से संबंधित लंबित मामलों को विशेष अभियान चलाकर निष्पादित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले में पुराने संप्रदायिक मामलों में जहां अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, वहां फरार अभियुक्तों को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अफीम की खेती करने वालों तथा अफीम एवं ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्त तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी में संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध उउअ के तहत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। साइबर अपराधों पर भी विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि साइबर से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही थाना स्तर पर आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समय पर समाधान करने का निर्देश दिया गया। आगामी सरस्वती पूजा को लेकर पूर्व में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित मामलों में अभियुक्तों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के अंत में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# झारखंड की वीर गाथा हमें सिखाती है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल बड़े शहरों के आंदोलनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें झारखंड की पहाड़ियों और जंगलों में भी उतनी ही गहरी हैं 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जब देश सुलग रहा था तब छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले दो जाबाज दीवान शेख भिखारी और राजा टिकैत उमराव सिंह थे शेख भिखारी का जन्म रांची के ओरमांझी के खुदिया गांव में हुआ था वे खटंगा रियासत के राजा टिकैत उमराव सिंह के दीवान और सैन्य कमांडर थे। इन दोनों की जोड़ी ऐसी थी कि शेख भिखारी अपनी बुद्धि और सैन्य रणनीति से योजना बनाते थे और टिकैत उमराव सिंह अपने साहस और नेतृत्व से उसे अमली जामा पहनाते थे जब 1857 की क्रांति की लहर रांची पहुंची तो शेख भिखारी ने हजारीबाग और रांची के सैनिकों को एकजुट किया उन्होंने छोटानागपुर में अंग्रेजों की कमर तोड़ दी थी।

# उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको : मनोज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. संजय बर्नवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने की, जबकि संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा— 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको—यही स्वामी विवेकानंद जी का संदेश है। आज के युवा अपने आत्मबल और कर्म के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि जब स्वामी विवेकानंद जी 1893 में अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद में गए थे, उस समय भारत की स्थिति कमजोर मानी जाती थी, लेकिन उनके ओजस्वी भाषण ने पूरी दुनिया की सोच बदल दी और भारत की आध्यात्मिक शक्ति को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। विधायक ने सचिव कृष्णा प्रजापति की मांग पर स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में पाँच कंप्यूटर उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया, ताकि बरही के बच्चे मुफ्त में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें।

जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि 1893 में शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद जी के ऐतिहासिक भाषण ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया। आज के युवाओं को उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। वे बचपन से ही अध्यात्म से जुड़े थे और उनके विचार आज भी युवाओं को दिशा देने का कार्य करते हैं।

राजकुमार यादव ने कहा कि अल्पायु में ही स्वामी विवेकानंद जी ने सनातन धर्म की गरिमा को विश्व स्तर पर बढ़ाया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षाविद ईशो सिंह, शिक्षाविद महेंद्र दुबे, कोषाध्यक्ष अमित केशरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, अशोक यादव, युगल यादव, प्रो. हीरामन साहू, डॉ. सुनील दत्ता, नंदकिशोर साहू, विनोद रविदास, सेवानिवृत्त शिक्षक साधु शरण दास, सहायक अध्यापक मनोज घोष एवं बिपिन बिहारी पांडेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# सिरमा नदी गार्डवाल में अनियमितता का आरोप, कब्रिस्तान जाने के लिए सीढ़ी निर्माण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़का गांव स्थित सिरमा नदी में निमार्णाधीन गार्डवाल को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए कब्रिस्तान जाने के लिए सीढ़ी निर्माण की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अपनी शिकायत जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा एवं मुखिया इशरत जहां के समक्ष रखी।



ग्रामीणों का कहना है कि सिरमा नदी में बन रहा यह गार्डवाल DMFT फंड से बनाया जा रहा है, जिसकी प्राकलित राशि लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बावजूद कार्यस्थल पर योजना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गार्डवाल की मोटाई में समरूपता नहीं है और निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में करंज के पेड़ के पास नदी में आवागमन के लिए सीढ़ी निर्माण, सड़क के लेवल के अनुसार गार्डवाल की ऊंचाई तय करने, गार्डवाल और सड़क की दीवार के बीच बालू के साथ पत्थर भरने, गार्डवाल की बुनियाद में चार बाई चार की जाली में सरिया बांधने सहित अन्य तकनीकी सुधार शामिल हैं। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कब्रिस्तान जाने के लिए सीढ़ी का निर्माण किया जाना चाहिए और गार्डवाल को पूरी मजबूती के साथ बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। वहीं, कार्य के अभिकर्ता रवि यादव ने बताया कि निर्माण कार्य एस्टीमेट के अनुसार ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढलाई की मोटाई 8 इंच निर्धारित है, जबकि कुछ स्थानों पर 10 इंच तक ढलाई की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीढ़ी का निर्माण मस्जिद के सामने से किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और गार्डवाल को मानक के अनुसार मजबूत एवं सुरक्षित बनाया जाए, ताकि आम लोगों के साथ-साथ कब्रिस्तान जाने वाले लोगों को भी सुविधा मिल सके।

# अभियान से समाधान, नशा नहीं पहचान

## नालसा डायल योजना 2025 का विशेष आठ दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम सेमिनार के साथ हुआ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** युवाओं को नशा से दूर रखने के लिए गांव-गांव में लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसे सभी पीएलभी समाज सेवा के रूप में अपनाएं। नशा उन्मूलन के क्षेत्र में किसी भी तरह की परेशानी आए तो अविलंब सूचित करें। साथ ही नालसा 15100 डायल करें। उक्त बातें पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राकेश रंजन ने कही। वे सोमवार को स्थानीय उप विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में नालसा के निर्देश पर झालसा के तत्वावधान व डीएलएसए पलामू द्वारा 5 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित नालसा डान योजना 2025 के विशेष आठ दिवसीय नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ डालसा सचिव राकेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बीएनएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य पंकज तिवारी व पीएलभी विनय प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएलएसए सचिव राकेश रंजन ने कहा कि स्कूल स्तर पर बच्चों के बीच नशा उन्मूलन के लिए जागरूक किया जाए तो इसके परिणाम बेहतर होंगे। बच्चे सबसे पहले घर में नशापान करने वालों को समझाएंगे। इससे अभिभावकों पर बड़ा असर होगा। बच्चे ऐसे लोगों को नशा छोड़ने पर बाध्य कर देंगे। ऐसे में पीएलभी स्कूल में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने पिछले 8 दिनों में पीएलभी के माध्यम से गांव- गांव, स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के माध्यम से नालसा डान योजना पर बेहतर कार्य किए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी



विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर युवाओं को सही मार्ग पर चलने व सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण करने में महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि सबसे ज्यादा युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। पहले संयुक्त परिवार में इन समस्याओं का समाधान लोग मिलजुल कर करते थे। लेकिन अब अकेला युवा समस्या को हल नहीं कर पाता तो नशे की ओर अग्रसर होता है। कहा कि जिनके घरों में महुआ से शराब बनता है अधिकतर उनके घर के बच्चे नशे के शिकार होते हैं। इन पर फोकस कर काम किया जाए तो बेहतर परिणाम आ सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में नशा के समान बिकते हैं। उस पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने कहा कि स्कूली स्तर पर बच्चों के बीच नालसा डान योजना 2025 के माध्यम से नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिले के सभी उच्च विद्यालय में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है। इस तरह पूरे स्कूल को टेबेको फ्री स्कूल घोषित किया गया है। विभिन्न कंपटीशन के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर बीएनएस ला कॉलेज के प्राचार्य पंकज तिवारी ने नालसा डान स्कीम 2025 के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर बीएनएस लॉ कॉलेज के अध्यनरत बच्चों ने भी अपने अनुभव शेयर किए व नशा उनमूलन की दिशा में किए जा रहे कार्यक्रम की बाबत अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर डीएलएसए के कार्यालय प्रभारी संजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह, डीएलएसए कार्यालय असिस्टेंट अमित कुमार विश्वकर्मा, पीएलभी विनय प्रसाद, शैलेन्द्र तिवारी, प्रमोद रंजन दास गुप्ता, विकास तिवारी, सुमन्त मेहता, मुनेश्वर राम, सोनू, नितेश, ओमप्रकाश, अनीश, प्रवीण समेत बड़ी संख्या में पीएलसी व ला स्टूडेंट शामिल थे।

## जेपीएससी सीडीपीओ परीक्षा में दिव्या राजन ने रचा सफलता का कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड लोक सेवा आयोग की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की हुई परीक्षा में झरना टोला रेड़मा निवासी पं. रामप्रवेश तिवारी की सुपौत्री व अजीत तिवारी की पुत्री दिव्या राजन ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिव्या ने प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में 21वीं रैंक प्राप्त कर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे इलाके में खुशी व गर्व का माहौल है।

दिव्या राजन शुरू से ही मेधावी व अनुशासित छात्रा रही हैं। प्रारंभिक शिक्षा रांची डोरंडा के विशप वेस्टकाट गर्ल्स स्कूल से हुई। श्यामली के जवाहर विद्या मंदिर से 12वीं की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने बीआईटी सिंदरी, धनबाद जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त की। इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद दिव्या ने समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने का संकल्प लिया। इसी उद्देश्य से उन्होंने जेपीएससी सीडीपीओ परीक्षा की तैयारी शुरू की। कठिन परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास व निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उनकी उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो व प्रयास इमानदारी से हो तो सफलता अवश्य मिलती है।

## बच्चे व युवा लें स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कन्नी राम चौक स्थित जेनिथ फीचर पब्लिक स्कूल परिसर में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा, भाजपा नेता गुड्डू खान व विद्यालय के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही उनके बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। अतिथियों ने स्मार्ट क्लास में स्थापित विशाल मॉनिटर का स्विच ऑन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अजय श्रीवास्तव ने उपस्थित



अतिथियों का स्वागत किया।

साथ ही स्मार्ट क्लास की प्रासंगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों को उच्च व गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए वचनबद्ध है। इसलिए यह तकनीक विद्यालय में स्थापित की गई है। मौके पर अविनाश वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के 163वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी कई बातों में से विद्यार्थियों के लिए एक बात अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब उन्होंने कहा था कि हमें किसी भी परिस्थिति में अपने मन के अंदर नकारात्मक विचारों को नहीं आने देना चाहिए। क्योंकि जीवन में सकारात्मक विचार ही हमें मंजिल प्राप्त कराते हैं। हम जैसा सोचते हैं वैसा बन जाते हैं। गुड्डू खान ने कहा कि विद्यालय जमीन से शुरू होकर आज आसमान को छू रहा है। विद्यालय की प्रगति को देख खुशी होती है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुदामा प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार, प्रमोद कुमार पांडे, हिमांशु राज, चंदा सिन्हा, वंदना सिन्हा, मेनका सिंह, शांति सिंह, रुखसाना परवीन, पूनम गुप्ता, कुश कुमार सिन्हा, अंकित पांडे समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झारखंड के तापमान में मामूली सुधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड का असर बरकरार है। फिलहाल अधिकतम और न्यूनतम पारा में मामूली सुधार से थोड़ी राहत मिली है। फिर भी कई जिले ऐसे हैं जहां का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे है। लिहाजा, छोटे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए रांची जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 6 तक की पढ़ाई को 14 जनवरी तक स्थगित रखने का आदेश जारी कर दिया है। झारखंड के गुमला जिला में सबसे कम 3.6 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ है। गुमला के बाद सबसे कम तापमान खूंटी जिला में 4.8 डिग्री दर्ज हुआ है। ठंड के मामले में हजारीबाग जिला तीसरे स्थान पर है। हजारीबाग का न्यूनतम पारा 5.1 डिग्री पर पहुंच गया है।

## युवा शक्ति ही देश की दिशा व बदल सकती है दशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के सभागार में कुलपति प्रो. डाक्टर दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जी जयंती मनाई गई। कुलपति ने कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर कुलपति ने कहा कि युवाओं को जाना होगा। युवा शक्ति ही किसी देश की दिशा व दशा बदल सकती है। कहा कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक युवाओं की संख्या भारत में ही है। उन्होंने नीलांबर - पीतांबर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आह्वान किया। कहा कि युवा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर देश को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने में भागीदार बनें।




कहा कि जीवन में असफलता डराने के लिए नहीं, सिखाने के लिए आती है। जो युवा स्वयं को पहचान लेता है, वही सच्ची शिक्षा प्राप्त करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ज्ञान के साथ संस्कार, बुद्धि के साथ करुणा व सफलता के साथ विनम्रता को अपनाएं। कहा कि जब मन में कभी संदेह आए, लक्ष्य धुंधला लगे, परिस्थितियां कठिन हों तब स्वामी विवेकानंद के विचार अपनाएं। उनके विचार भीतर से मजबूत बनाते हैं। अपने ऊपर विश्वास रखें। क्योंकि आत्मविश्वास से ही जीवन की हर लड़ाई जीती जा सकती है। यही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश है। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. एसके पांडेय ने किया। उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ. मनोरमा सिंह, कुलानुशासक डॉ आरके झा, वित्त पदाधिकारी डॉ विमल कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अजीत सेठ, परीक्षा ओएसडी डॉ. गौरव श्रीवास्तव,राजनीतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार, ओएसडी डॉ विजय कुमार पांडेय, डीएसडब्ल्यू डॉ० संगीता कुजूर, विश्वविद्यालय के सभी कर्मी प्रणव शार्थी, सौरभ सेन, आदित्य कुमार, मनोज कुमार, नीरज कुमार, घनश्याम राम, मनीष कुमार व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## लापता बच्चों के परिजनों से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में लापता बच्चों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी धुर्वा स्थित लापता बच्चों के आवास पर पहुंचीं और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली और उनकी पीड़ा को गंभीरता से सुना।

बातचीत के दौरान बच्चों की मां भावुक हो उठीं और अपने बच्चों की जल्द व सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। इस दौरान माहौल बेहद संवेदनशील हो गया, जिसे देखते हुए मंत्री ने परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है। केंद्रीय मंत्री ने मौके पर ही झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने न केवल स्थिति की जानकारी ली, बल्कि लापता बच्चों की मां और परिजनों की भी सीधे डीजीपी से बात करवाई, ताकि उनकी आवाज शीर्ष स्तर तक पहुंचे और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संबंधित प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को लगातार समन्वय बनाकर बच्चों की जल्द से जल्द तलाश और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी लगाए जाएंगे।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यदि घटना के पहले 24 घंटे में स्थानीय पुलिस ने गंभीरता और तत्परता दिखाई होती तो शायद आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने दो टूक कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और इस मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

मंत्री ने यह भी कहा कि जिस स्थान पर यह घटना हुई है, वहां से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर राज्य का पुलिस मुख्यालय स्थित है। इसके अलावा राज्य के सभी मंत्री और मुख्यमंत्री भी चंद मिनटों की दूरी पर कार्य करते हैं। इसके बावजूद राजधानी में इतनी गंभीर घटना हो जाना और लंबे समय तक किसी ठोस कार्रवाई का न होना, राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और बच्चों की शीघ्र बरामदगी की मांग की।ये भी

## आइआइटी (आइएसएम) धनबाद में 6-8 फरवरी को होगा III-2026 कॉन्क्लेव एंड एग्जीबिशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** आइआइटी (आईएसएम) धनबाद में 6 से 8 फरवरी 2026 तक इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट इंटरेक्शन (III-2026) कॉन्क्लेव एंड एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आइआइटी (आइएसएम) धनबाद, विज्ञान भारती, सीएसआइआर–केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) तथा टीइएक्समिन के संयुक्त सहयोग से होगा। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय आयोजन की थीम "स्मार्ट माइनिंग, क्रिटिकल मिनरल्स और ग्रीन एनर्जी: आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी" रखी गई है।

कॉन्क्लेव एवं एग्जीबिशन का उद्देश्य ग्रीन माइनिंग टेक्नोलॉजी, स्मार्ट माइनिंग सिस्टम, सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट और क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस से जुड़े नवीनतम विकास पर विमर्श और ज्ञान साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप खनन और ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी आत्मनिर्भरता और स्थायी समाधान को बढ़ावा देगा।

सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने बताया कि III-2026 का एक प्रमुख फोकस क्रिटिकल मिनरल्स (सीआरएम) पर रहेगा, जो देश की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सीमित उपलब्धता और उत्पादन-प्रोसेसिंग के केंद्रीकरण के कारण इन मिनरल्स की सप्लाई चेन में जोखिम बना रहता है। लिथियम, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम, परिवहन, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकों की रीढ़ हैं।

सिंफर के निदेशक डॉ. ए.के. मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप है, जिसमें क्रिटिकल मिनरल्स और क्लीन एनर्जी भविष्य के प्रमुख फोकस क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि माइनिंग सेक्टर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि यही क्षेत्र पावर प्लांट, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए आवश्यक कच्चा माल उपलब्ध कराता है।

विज्ञान भारती के डॉ. एन.पी. शुक्ला ने बताया कि III-2026 में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति-निर्माता भाग लेंगे। यह आयोजन आईआईटी (आईएसएम) के सेंटेनरी एलुमनाई रीयूनियन "बसंत 2026" से भी जुड़ा रहेगा, जिससे बड़ी संख्या में पूर्व छात्र भी इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्रों को नामचीन वैज्ञानिकों से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा और प्रयास रहेगा कि चंद्रयान-3 मिशन के नेतृत्वकर्ता एस. सोमनाथ से भी छात्रों का संवाद कराया जाए।

कार्यक्रम में माइनिंग 5.0, डिजिटलाइजेशन, सर्कुलर इकोनॉमी, सस्टेनेबिलिटी, ऑटोनॉमस माइनिंग सिस्टम, एनर्जी एफिशिएंट टेक्नोलॉजी, वेस्ट मिनिमाइजेशन और रीयूज जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। III-2026 का लक्ष्य क्रिटिकल मिनरल्स में आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देना और माइनिंग व एनर्जी सेक्टर में इनोवेशन आधारित, सस्टेनेबल ग्रोथ को नई दिशा देना है।

## विकसित भारत रोजगार मिशन पर विपक्ष के भ्रम को खट्टर ने किया बेनकाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को सिरे से खारिज किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर अधिनियम की वास्तविकता रखने का आह्वान किया। खट्टर ने कहा कि यह मिशन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि वार्षिक रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन की गई है, शीघ्र भुगतान और बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान है। अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों की आवश्यकता के अनुसार योजनाएं बनाई जाएंगी, जिससे ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

## कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित थीं। इस अवसर पर उपायुक्त आर. रॉनिटा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। जनता दरबार में खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों, किसानों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे मंत्री के समक्ष रखीं। जनता दरबार में सबसे अधिक आवेदन कृषि से जुड़े मामलों को लेकर प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने डीप बोरिंग, सिंचाई सुविधा, कृषि यंत्र, बीज, खाद, कीटनाशक, मुर्गी, गाय, बकरी शेड समेत अन्य आवश्यक



सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। कई किसानों ने खेतों में पानी की कमी, कृषि उपकरणों का अभाव एवं सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलने की शिकायत की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनसमस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जनता दरबार केवल राजधानी रांची में आयोजित होता था, जिससे दूर-दराज के ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए अब सभी प्रखंड कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में खूंटी प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया और कुछ घंटे में ही पचास से ज्यादा कृषि संबंधी समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान की दिशा में पहल की गई। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दरबार में उमड़ी भारी भीड़ यह दर्शाती है कि लोग सरकार की इस पहल से आशान्वित हैं और अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार पर भरोसा जता रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हुसैन, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता गोप, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नईमुद्दीन खान, आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## 14 जनवरी को मिलेगा झारखंड बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मकर संक्रांति के मौके पर झारखंड भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव की घोषणा करते हुए 13 जनवरी को नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर 14 को निर्वाचन की औपचारिकता पूरी करने का निर्णय लिया है। इसके लिए पार्टी द्वारा नवनियुक्त चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव सोमवार शाम रांची पहुंच रहे हैं।

चुनाव प्रभारी जुएल उरांव की देखरेख में होने वाले निर्वाचन की जानकारी देते हुए पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के प्रदेश संयोजक प्रदीप वर्मा ने कहा कि 13 जनवरी को दिन के 12 बजे से 2 बजे तक प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के लिए नामांकन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोपहर 2 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और दोपहर 3 बजे से 5 तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। झारखंड बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष कौन होंगे यह 14 जनवरी को तय हो जाएगा। वैसे तो कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नये प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना है, उसके बावजूद पार्टी ने 14 जनवरी को रांची में दोपहर 2 बजे निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया है। पार्टी नेता डॉ प्रदीप वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि एक से अधिक नामांकन होने पर मतदान होगा और यदि एक नामांकन होता है तो निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जायेगी।

## तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने ली शिक्षक की जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ैल खानपुर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शिक्षक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों शिक्षक एक ही बाइक पर सवार होकर मेसकौर प्रखंड के पारोरिया स्थित विद्यालय में पढ़ाने जा रहे थे। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे बालू लदा ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृत शिक्षक की पहचान कुंदन प्रभात के रूप में हुई है, जो कादिरगंज थाना क्षेत्र के गुरमहा बेलदरिया गांव के निवासी थे। वर्तमान में वे गोनावां मोती बीघा में रह रहे थे। कुंदन प्रभात बीएससी चयनित शिक्षक थे। बताया जाता है कि बीते वर्ष ही उनकी मां की भी सड़क हादसे में मौत हुई थी, जिससे परिवार पहले से ही सदमे में था। दूसरे घायल शिक्षक की पहचान आलोक कुमार के रूप में हुई है। वे शिक्षक संघ के सचिव, बामसेफ के नेता तथा पूर्व वार्ड पार्षद अर्जुन सिंह के पुत्र हैं और गढ़पर के निवासी हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद एंबुलेंस की लचर व्यवस्था भी सामने आई। आधे घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची, जिसके बाद निजी एंबुलेंस से घायल को पटना भेजा गया।

## बाबा सिद्धनाथ मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर जीर्णोद्धार सेवा समिति के आजीवन अध्यक्ष और नालंदा जिले के तेल्हाड़ा निवासी बाबा फौजदार शाह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। बाबा फौजदार शाह को बाबा सिद्धनाथ मंदिर समिति के "विकास पुरुष" के रूप में जाना जाता है। स्वर्गीय शाह ने अपने जीवनकाल में वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्ष 2000 में उन्होंने बाबा सिद्धनाथ मंदिर जीर्णोद्धार सेवा समिति की नींव रखी। इसके बाद उनके नेतृत्व में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था तथा मंदिर पर चढ़ने के लिए सीढ़ियों का निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण विकास कार्य संपन्न हुए। उनके प्रयासों से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकीं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–44–25, दिनांक 08.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल– जगदीशपुर में पूर्ण लंबाई की व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु.34,08,563.79, **बयाना राशि:** रु. 68,200/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 02.02.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-304/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-01-06-26, दिनांक 09.01.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-01-26, दिनांक 09.01.2026,** सहायक मंडल अभियंता/बाँकुड़ा-I के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात की सुरक्षित आवाजाही के लिए ट्रैक के मजबूतीकरण तथा मानकीकरण हेतु विविध पी. वे कार्य; रु. 4,14,06,981.46; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-02-26, दिनांक 09.01.2026,** सहायक मंडल अभियंता/बाँकुड़ा-II के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात की सुरक्षित आवाजाही के लिए ट्रैक के मजबूतीकरण तथा मानकीकरण हेतु विविध पी. वे कार्य; रु. 4,14,06,981.46; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-03-26, दिनांक 09.01.2026,** मंडल अभियंता (पूर्व)/आद्रा के अधीन वर्तमान खराब हो चुके/जंग लगे/टूटे हुए रेल स्क्रू को हटाना, स्लाइड कुर्सियों की वेल्डिंग, बर को हटाना, गार्ड रेल इत्यादि स्थापित करना; रु. 74,94,480.88; **(4) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-04-26, दिनांक 09.01.2026,** आद्रा मंडल में सहायक मंडल अभियंता/बोकारो स्टील सिटी के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात की सुरक्षित आवाजाही के लिए ट्रैक के मजबूतीकरण तथा मानकीकरण हेतु विविध पी. वे कार्य; रु. 4,14,06,981.46; **(5) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-05-26, दिनांक 09.01.2026,** आद्रा मंडल में सहायक मंडल अभियंता/महुदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात की सुरक्षित आवाजाही के लिए ट्रैक के मजबूतीकरण तथा मानकीकरण हेतु विविध पी. वे कार्य; रु. 4,14,06,981.46; **(6) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-06-26, दिनांक 09.01.2026,** झंटीपहाड़ी डिपो में 50 मिमी गेज के मशीन से तोड़े गए बैलास्ट की आपूर्ति एवं ढेरी में डिलीवरी करने के साथ किसी भी प्रकार के रेलवे वैगनों में उसकी लोडिंग; रु. 2,61,31,443.17; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 से 3 के लिए दिनांक 03.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 4 से 6 के लिए दिनांक 06.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1051)**

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद

## हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं विवेकानंद सरस्वती





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोमवार को स्थानीय श्रीकृष्ण मेमोरियल स्मृति भवन में बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वधान में राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन सत्येंद्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया ।

बैठक का संचालन कर रहे संगठन के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद मात्र 39 वर्ष की आयु में आधुनिक युग के युवाओं को राष्ट्र के प्रति एक नारा दिया कि उठो , जागो , और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। 12 जनवरी 1863 को जन्मे नरेंद्र नाथ दत्त उर्फ स्वामी विवेकानंद अपने विचारों और आदर्शों की छाप जनमानस पर अंकित कर दिया। उन्हें युग प्रवर्तक और युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत के रूप में जाने जाना लगा।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी के विचार और जीवन शैली आज आधुनिक चुनौतियों का सही समाधान है,क्योंकि उन्होंने युवाओं में आत्म विश्वास, निडरता और कर्मठता के साथ आंतरिक शक्ति जगाने, सेवा भाव रखने और सकारात्मक विचारों को जीवन में उतारने पर जोर दिया , ताकि खुद को और राष्ट्र को सशक्त बना सके । सत्येंद्र शर्मा और अजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि नियमित रूप से समाज में दिखने वाले अभाव , पीड़ा , उपेक्षा ,स्वास्थ्य , शिक्षा , संस्कार और स्वावलंबन के विषयों पर अपनी क्षमता के अनुसार समर्पण भावना , सेवा कार्य को अंगीकार करना चाहिए ऐसा करने से युवा पढ़ी देश के भविष्य को उज्ज्वल कर सकेंगे ।

संगठन के जिला अध्यक्ष अजय पांडेय एवं जिला सचिव रिंकू सिंह ने सभा में उपस्थित सभी स्कूल संचालकों का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि मैं से हम तक की यात्रा का पहला कदम वसुधैव कुटुंबकम् ही एक मात्र ऐसा रास्ता है जो नई पीढ़ी या आगामी पीढ़ी को उत्तम मार्ग प्रशस्त कर सकता है। बैठक में उपस्थित परवेज आलम विजय कुमार कश्यप , अरविंद सिंह, जितेन्द्र यादव , अभिषेक कुमार सिंह, बालकेश मेहता, गजेंद्र सिंहा, दीपांशु भारती , रवींद्र पांडेय , अभय प्रताप सिंह जैसे गणमान्य लोगों ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कई आयामों को अल्प काल में ही छू लिया, 19 वी सदी के एक भारतीय हिंदू भिक्षु ,दार्शनिक , और आध्यात्मिक गुरु बनकर राम कृष्ण मिशन की स्थापना की। विश्व धर्म संसद में अपने भाषण के लिए प्रसिद्धि हासिल करते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओं को प्रेरित किया।

आज का दिन युवाओं को आत्म निर्भर, अनुशासित , देश भक्ति के साथ कर्तव्य और उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करने के लिए जाना जाता है। ईश्वर करे ऐसे महान व्यक्ति का जन्म हमारे देश में बार बार हो ।

इसी तरह शहर के वार्ड बीस दिवाकर कॉलनी में स्वामी विवेकानंद की 163वी जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्पार्चन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने की तथा संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने की ।लोगों ने कहा कि आज का भारत स्वामी विवेकानंद जी के सपनों पर बढ़ता भारत है।

भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विवेकानंद जी के बताए रास्ते पर चलकर ही हम भारत को पुनः इसकी खोई गरिमा को वापस दिला सकते हैं ।हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि स्वामी जी का दर्शन और आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत हैं। वे महान विचारक, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी, कवि और युवा संरक्षक थे। स्वामी विवेकानंद के दिखाए रास्ते पर चलकर ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्म निर्भर भारत, स्वस्थ भारत और भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता है। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन केंद्र में हैं।

धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के युवा को संस्कारी, कर्मठी और चरित्रवान होना होगा तभी वह राष्ट्रनिर्माण की दिशा में कार्य कर सकता है।

पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि हम अमृत काल में एक महान दार्शनिक, विचारक और युवाओं के प्रेरणा पुंज, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं, राष्ट्रीयता की भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता और समावेशिता को आत्मसात करने का संकल्प लें।

यही स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।उन्ही के पद चिन्ह पर चलते हुए 21 वी सदी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विश्वपटल पर भारत को पुनर्स्थापित करने में लगे हैं। इस अवसर पर विनोद सिंह, टुन्ना गुप्ता, अविनाश कुमार, प्रमोद गुप्ता, राजेश पांडेय, जयकिशोर मिश्रा, प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, विजेंद्र मिश्रा, रमाकांत सिंह, राहुल कुमार, शशांक कुमार, विश्वनाथ सिंह, अशोक शर्मा, नीरज कुमार, गौरव कुमार, केतन कुमार, लल्लू सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहें।

# बेटे को जहर देने के बाद मां ने भी की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** देवरिया थाना क्षेत्र के लखनौरी गांव में रविवार की शाम दो बच्चों की मां ने पति से मोबाइल फोन पर विवाद हो जाने से आक्रोशित होकर पहले अपने बेटे के दूध में जहर मिला दिया, फिर खुद भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, पांच वर्षीय बेटी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाते हुए घटना की जानकारी अपने पड़ोसियों को दी।

लोगों ने तीनों को देवरिया चौक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने पीड़ित महिला को बेहतर इलाज के? लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, बच्चे की सेहत में सुधार होना बताया जा रहा है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतका की मां अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ देवरिया थाना पहुंच बेटी की ससुराल में हत्या कर देने की बात बताई, तो देवरिया पुलिस घटनास्थल पहुंच शव की तलाश की मगर शव बरामद नहीं किया जा सका है।

जानकारी के मुताबिक, बारह साल पूर्व वैशाली

### पति से हुई थी अनबन

जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के मलंग दिलावरपुर गांव निवासी शिवदयाल पासवान ने अपनी बेटी नीलू कुमारी की शादी देवरिया थाना क्षेत्र के लखनौरी गांव निवासी जयनारायण पासवान के पुत्र विपिन कुमार पासवान के साथ संपन्न किया था।

शादी के बाद मृतका नीलू देवी के ससुर-सास और पति तीनों दिल्ली में रहकर मजदूरी कर भरण-पोषण करता आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच हमेशा मोबाइल फोन पर या घर आने पर विवाद होता रहता था। मृतका की मां राधा देवी ने बताया कि बीती रविवार की शाम मोबाइल फोन पर पति विपिन कुमार पासवान से विवाद हो गया, जिसकी जानकारी हमें भी फोन पर दी थी और उसके बाद उसका मोबाइल आउट ऑफ रेंज हो गया।

इलाजरत मृतका पुत्र रीधिम कुमार ने बताया कि पहले दूध में जहर की गोली मिलाकर हमें पिला दी और बाद में खुद भी पी लिया। उधर, 5 वर्षीय नीधि कुमारी को जब अनहोनी का आभास हुआ तो वो भाग निकली और घटना की जानकारी पड़ोसवालों को दी, जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो देखा कि मां-बेटे घर में छटपटा रहे थे।

लोगों ने आनन-फानन में इलाज के लिए देवरिया चौक स्थित एक नीजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने महिला को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बेटे की सेहत में सुधार होना बताया गया जा रहा है।

मृतका की मां राधा देवी ने थाने पर बताया कि मेरे पति गुजरात में मजदूरी करते हैं, घटना के संबंध में जानकारी दे दी गई है, उनका कहना है कि हम आ रहे हैं तो केस मुकदमा करेंगे।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार साह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका के मायके वालों द्वारा अभी तक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है, आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 59 मोबाइल बरामद

**भागलपुर।** पीरपैंती रेलवे स्टेशन परिसर से आरपीएफ एवं जीआरपी के संयुक्त गश्ती दल ने रविवार को एक लावारिस बैग से विभिन्न कंपनी के 59 मोबाइल बरामद किए हैं। आशंका है कि पुलिस की भनक से चोर फरार हो गया। संयुक्त गश्ती दल ने संदेह होने पर इसकी जानकारी आरपीएफ इंस्पेक्टर विपिन कुमार को दी।

लावारिस बैग को कहलगांव आरपीएफ पोस्ट ले जाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि तलाशी के क्रम में बैग से विभिन्न कंपनियों के 59 पुराने एवं उपयोग वाले मोबाइल बरामद हुए हैं। सभी मोबाइल को अग्रतर कार्रवाई के लिए जीआरपी भागलपुर को सौंप दिया गया है। जीआरपी भागलपुर जांच में जुट गई है।

उन्होंने बताया कि बरामद मोबाइल में सैमसंग के 13, वनप्लस के 8, मोटोरोला के 9, वीवो के 7, ओप्पो के 6, एप्पल ( आईफोन ) के 5, रियलमी के 4, रेडमी के 4, नथिंग का एक, आइक्यूओ का एक तथा लिटिल कंपनी का एक मोबाइल शामिल है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या एक के पूरब की ओर फुट ओवर ब्रिज के पास एक झोला में कंबल से लपेटा हुआ था।

# बीडीसी की बैठक में षष्टम वित्त की खर्च राशि पर चर्चा

### बैठक से कई पदाधिकारी रहे नदारत, जबाव तलब का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार के दिन पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रंजू कुमारी ने की। बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारी से शो कॉज की मांग की गयी।

बैठक में प्रखंड आवासीय परिसर में अधिकारी के आवास को नवीनीकरण पर षष्टम वित्त आयोग से हुए खर्च के जांच को लेकर जांच टीम बनाने का अनुरोध किया गया। बैठक में सदस्यों ने आवास योजना में नाम छूटे होने एवं पैसा लिए जाने का मुद्दा उठाया गया। बैठक में क्षेत्र में विकास को लेकर योजना भी लिया गया। बैठक में ग्रमीण क्षेत्रों में खासकर कर महादलित टोला में पानी के समस्या को लेकर आठ नए चापाकल लगाए जाने का भी निर्णय हुआ।

बैठक में रामलाल उच्च विद्यालय खपुरा में बिना एनओसी लिए चाहदीवारी निर्माण होने का मुद्दा उठाया ।सदस्यों ने योजना पर हुए खर्च का भुगतान में देरी होने पर नाराजगी जताई एवं जिला से एक नए टीए दिए जाने का अनुरोध किया गया। वर्तमान टीए के कार्यशैली पर भी सदस्यों ने नाराजगीय जताई। बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र कुमार, बीपीआरओ अनुष्का कुमारी,पीटीए दिनेश कुमार,आवास पर्वेक्षक आलोक कुमार,बीइओ कुमारी पुष्पा, बीएओ महेश चौधरी सहित पंचायत समिति सदस्य व मुखिया उपस्थित थे।

# समारोहपूर्वक मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्म दिन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोमवार को औरंगाबाद अनुग्रह स्मारक के प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के 54वें जन्मदिवस समारोह के रूप में औरंगाबाद जिला कमिटी के कर्मठ कार्यकर्त्ताओं ने उनकी तश्वीर के समक्ष गुलाब के फुल समर्पित कर मनाया और मिठाईयां बांटी गई ।इस अवसर पर तमाम कांग्रेसी नेताओं ने उन्हे दिर्घायु एवं सत्तायु होने की कामना की ।इन नेताओं में सर्व श्री पूर्व अध्यक्ष अरविन्द सिंह शैलेन्द्र मिझ्र शैल मो० इरफान अंसारी पूर्व उपाध्यक्ष उदय पासवान युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान मो० जिन्ना कुरैशी नागेन्द्र कु० सिंह प्रो० लालबहादुर सिंह प्रो० अम्बिका प्रसाद पंडित लाला दूबे नवीन शर्मा अर्जुन सिंह बैगरह उपस्थित रहें।

## वृद्धा की पीट-पीटकर हत्या

**सुपौल।** थाना क्षेत्र की लालगंज तिलाठी पंचायत अंतर्गत सरदार टोला में बीड़ी देने से मना करने पर एक वृद्ध महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

आरोप है कि गांव के ही नशे में धुत दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। मृतका की पहचान 65 वर्षीय मसोमात सुगिया देवी, पति स्व. जगदेव सरदार के रूप में हुई है।

वह अपने घर के दरवाजे पर किराना दुकान चलाकर जीवन-यापन करती थी। स्वजन के अनुसार रविवार की रात करीब नौ बजे गांव के ही आशीष और सौरभ नामक युवक नशे की हालत में दुकान पर पहुंचे। दोनों ने मृतका के पोते सत्यम और बीकेएम से बंद दुकान खोलकर बीड़ी देने को कहा। बीड़ी नहीं होने की बात कहने पर दोनों युवक उग्र हो गए और पोतों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट होता देख अलाव के पास बैठी सुगिया देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं। इसी दौरान दोनों आरोपितों ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसे से बेरहमी से पिटाई कर दी।

# विदेशी शराब, हथियार के साथ तीन बदमाश धराये




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई कर रही है ।इस कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने थाना क्षेत्र के मनीचक गांव में कार्रवाई करते हुए देशी शराब के साथ दो एक नली राइफल, एक देशी कट्टा बरामद किया ।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मनीचक में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध आग्नेयास्त्र एवं देशी शराब छुपाकर रखे हैं । सूचना मिलते ही गांव पहुँच सुमन कुमार के घर की तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में एक नाली दो रायफल, एक देशी कट्टा, विदेशी शराब एवं दो मोबाईल बरामद किया गया। सुमन कुमार की निशानदेही पर नगरनौसा में छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ रुपया नगद बरामदगी कर अवधेश कुमार, शैलेश कुमार, राजनन्द प्रसाद उर्फ तिवारी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, अपर थानाध्यक्ष ईसमा प्रवीण, मुकेश कुमार, रमेश प्रसाद, आदर्श दुवे, शंकर राम, सिपाही में शंकर कुमार, विकास कुमार, मोहम्मद इमरान शामिल थे।

## अब टू लेन होंगी ग्रामीण सड़कें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की ग्रामीण सड़कें सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को तीव्र गति मिली है। प्रखंड, अनुमंडल व जिला मुख्यालय से राज्य उच्च पथ व राष्ट्रीय उच्च पथों को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सड़कों को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि 20 वर्षों में बिहार ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 1 लाख, 20 हजार, 876 बसावटों को संपर्कता प्रदान करते हुए कुल एक लाख, 19 हजार, 915 किमी पक्की बारहमासी सड़कों और 2750 पुलों के नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है। बकौल चौधरी, वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कुल 18,166 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी कुल लंबाई 30,965 किमी है। ग्रामीण बसावटों को सुगम एवं निर्बाध संपर्कता प्रदान करने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना की शुरूआत की गई है।

# मां को डायन बता बेटों पर चाकू से हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** तारापुर थाना क्षेत्र के साढ़ी गांव में अंधविश्वास का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक महिला पर डायन होने का आरोप लगाकर उसके बेटों पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित बादल कुमार ने अपने चाचा संजय राम और अजय राम के खिलाफ तारापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना दो दिन पूर्व की है। सोमवार को केस दर्ज किया गया।

बताया जाता है कि आरोपित संजय राम और अजय राम पीड़ित के घर पहुंचे और उसकी मां पर डायन होने का आरोप लगाते हुए अपशब्द कहने लगे। दोनों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि वे अपने साथ झाड़-फूंक करने वाले एक भगत को भी लाए थे और अंधविश्वास के आधार पर परिवार पर दबाव बना रहे थे।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि परिवार का एक बच्चा बीमार है, जिसका इलाज किसी योग्य चिकित्सक से कराया जाना चाहिए। इसी बात से नाराज होकर आरोपित उग्र हो गए। पीड़ित बादल कुमार का आरोप है कि इसी दौरान दोनों आरोपितों ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

बीच-बचाव करने आए उसके भाई अमन कुमार पर भी चाकू से वार किया गया, जिससे उसके कंधे के ऊपर हाथ में गहरा जख्म हो गया। छोटे भाई अंकित कुमार के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की गई। तीनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपितों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और कीमती सामान को नुकसान पहुंचाया। आरोपितों का आपराधिक स्वभाव होने के कारण पूरा परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

# बोरसी के धुएं से पति की मौत, पत्नी और बच्चा बेहोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज थाना अंतर्गत महेशडीह गांव में रविवार की देर रात एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गम में डूबो दिया।

कड़ाके की ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में बोरसी जलाकर सोना एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुआ। बोरसी के धुएं के कारण 45 वर्षीय मनोज यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बच्चा बेहोश हो गए।

मृतक की पहचान महेशडीह गांव निवासी रूपलाल यादव के पुत्र मनोज यादव के रूप में हुई है। बताया गया कि मनोज यादव अपनी पत्नी सिंधु देवी एवं पुत्र सौरभ कुमार के साथ रात में एक बंद कमरे में सोए थे। ठंड अधिक होने के कारण उन्होंने कमरे के भीतर धान के भूसे की बोरसी जलाकर ताप ली।

साथ ही गुड नाइट अगरबत्ती भी जलाई थी। इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह तब हुई, जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। बगल के कमरे में सो रहे परिवार की दो बहनों ने जब माता-पिता को आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने शोर मचाया।

शोर सुनकर ग्रामीण जुटे और किसी तरह दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। मनोज यादव, उनकी पत्नी और बच्चा बेहोश थे। बाद में युवक की मौत की पुष्टि हुई।

ग्रामीणों के सहयोग से पत्नी और बच्चा दोनों को तत्काल इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया और मृतक के घर पर शोक का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी सह नेमदारगंज थाना अध्यक्ष राजन कुमार एवं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्वजन द्वारा पोस्टमार्टम नहीं कराने का अनुरोध किया गया, जिस पर पुलिस ने आवश्यक लिखित आवेदन लेकर आगे की कार्रवाई पूरी की। स्वजन के अनुसार पत्नी व बच्चे का इलाज चल रहा है। खतरा से बाहर बताया जा रहा है।

यह दर्दनाक घटना ठंड के मौसम में बंद कमरे में आग जलाकर सोने के खतरे की गंभीर चेतावनी है, जिसने एक परिवार पर दुखों का पहाड़ ला दिया। बता दें कि इसी ठंड के सीजन में नवादा जिले में इससे पहले भी बोरसी के धुएं से कई अन्य लोगों की भी मौत हुई है। ऐसे में सावधानी और जागरूकता बहुत जरूरी है।

# दो शिक्षकों को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रुन्नीसैदपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव के लिए राजकीय मध्य विद्यालय दसई (बालक) के प्रधानाध्यापक नारायण सहनी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल हीं में फरीदाबाद स्थित मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा इन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

इनके अलावा मध्य विद्यालय गंगवारा बुजुर्ग की सहायक शिक्षिका अंजू कुमारी को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गयाहै। अंजू कुमारीवर्ष 2015 से मध्य विद्यालय गंगवारा बुजुर्ग में पदस्थापित हैं। शिक्षा में नवाचार के लिए इन्हें मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। पूरे बिहार में कुल चार शिक्षक इस मानद उपाधि से सम्मानित हुए हैं ।पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर बच्चों को आधुनिक ओर रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान करने, समाज और विद्यालय स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के तहत पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा सामाजिक उत्थान के कार्यों में इनकी सक्रिय भागीदारी को लेकर इन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है।

मालूम हो कि 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसरपर श्री कृष्ण मेमोरियल हाल में आयोजित एक समारोह में प्रधानाध्यापक नारायण सहनी को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था।

प्रधानाध्यापक सहनी वर्ष 2012 में मध्य विद्यालय दसई (बालक) में स्थानांतरित होकर आए थे। प्रोन्नति के बाद वर्ष 2016 में इन्हें इसी विद्यालय में प्रधानाध्यापक की जबावदेही मिली ।इस अवधि में इन्होंने न केवल विद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर को संवारा, बल्कि शिक्षण पद्धति के पारंपरिक तरीके से हटकर नई और अधिक आकर्षक विधियों का प्रयोग किया।

# लैपटॉप और 9 मोबाइलों के साथ साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में अवैध ऑनलाइन गेमिंग व साइबर ठगी से जुड़े एक बड़े रैकेट का पदार्फाश हुआ है। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिए ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य सरगना मृत्युंजय पांडेय समेत तीनझ्चार अन्य की तलाश जारी है। यह जानकारी सोमवार की शाम साइबर डीएसपी स्नेह सेतू ने प्रेस वार्ता में दी।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पिपरपांती निवासी आयुष श्रीवास्तव व शाहपुर थाना क्षेत्र के कनैली गांव निवासी मोहित कुमार पांडेय के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, मृत्युंजय व आयुष इस गिरोह का मुख्य मास्टरमाइंड हैं। छापेमारी के दौरान नौ मोबाइल फोन, तीन बैंक पासबुक और दो लैपटॉप बरामद किए गए हैं। इस संबंध में दारोगा गांधी नाथ पाठक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जांच में रैकेट के तार विदेश से भी जुड़े होने के संकेत मिले हैं। गुप्त सूचना के आधार पर शाहपुर थाना पुलिस ने कनैली गांव स्थित मृत्युंजय कुमार पांडेय के घर छापेमारी की। इस दौरान आयुष और मोहित को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पूछताछ में साइबर अपराध में संलिप्तता के ठोस साक्ष्य मिलने पर दोनों को बरामद सामान के साथ साइबर थाना, आरा लाया गया।

साइबर डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपित अवैध रूप से ऑनलाइन गेम खिलवाकर लोगों से पैसे लगवाने और निकालने का काम करते थे। जांच में सामने आया कि प्रतिदिन करीब 11 से 12 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से गेम ऐप पर मंगवाए जाते थे। वहीं, गेम जीतने के नाम पर चार से पांच लाख रुपये यूपीआई और नेट बैंकिंग के जरिए खिलाड़ियों को भेजे जाते थे।

तकनीकी जांच में यह भी पाया गया कि अलग-अलग लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल कर अवैध लेन-देन किया जा रहा था। जो खिलाड़ी अधिक रकम जीत लेता था, उसे ब्लॉक कर दिया जाता था ताकि मुनाफा बना रहे। खिलाड़ियों को जोड़े रखने के लिए प्रलोभन स्वरूप कुछ राशि भी दी जाती थी।

साइबर डीएसपी के अनुसार आयुष पिछले दो वर्षों से इस रैकेट से जुड़ा हुआ था। वह मध्यप्रदेश से प्रशिक्षण लेकर आया था और यहां नए युवकों को ट्रेनिंग देकर गिरोह में शामिल करता था। गैंग को बढ़ाने और उसके संचालन में आयुष और मोहित की अहम भूमिका रही है। साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल और लैपटॉप की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल, सौ से अधिक खिलाड़ियों के बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले जा रहे हैं।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, मंगलवार 13 जनवरी 2026

## संपादकीय

# डिजिटल अफवाहें और पत्थरबाज़ी का नया 'ट्रेंड'

अगर कोई व्यक्ति या समूह किसी बात से सहमत नहीं है, तो वह अपना विरोध प्रकट कर सकता है। मगर इसका तरीका कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण और अहिंसक होना चाहिए। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी है, लेकिन यह अधिकार कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की अनुमति नहीं देता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट बुधवार तड़के अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पथराव की घटना गंभीर चिंता पैदा करती है, जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।सवाल है कि विरोध प्रदर्शन हिंसक कैसे हो गया? क्या वजह रही कि लोगों ने पुलिस कार्रवाई को रोकने के लिए ईंट-पत्थरों का सहारा लिया? दरअसल, सोशल मीडिया पर फैलाई गई अफवाहों ने इस घटना को हिंसक रूप दे दिया, जिसमें दावा किया गया कि अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एक धार्मिक स्थल को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और पुलिस बल पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस को भी हल्का बल प्रयोग और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। गौरतलब है कि पत्थरबाजी की घटनाएं पहले कश्मीर में आए दिन देखी जाती थी। कई बार तो आतंकियों को बचाने के लिए भी सुरक्षाबलों पर पथराव किया जाता था। यहां तक कि मुठभेड़ के दौरान भी सुरक्षा कर्मियों को रोकने के लिए पत्थरबाजी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि, सरकार और प्रशासन की सख्ती से हाल के वर्षों में घाटी में इस तरह की घटनाएं काफी कम हो गई हैं। मगर, विरोध प्रदर्शन के नाम पर इसी तरह के कृत्य अब दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा का प्रकरण भी काफी चर्चा में रहा है, जिसमें पुलिस बल पर जमकर पथराव किया गया था। अब दिल्ली में इसी तरह की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी नए सिरे से बहस जोर पकड़ने लगी है। यह अक्सर देखा गया है कि इस तरह के मामलों में लोगों को एक जगह एकत्रित करने और उन्हें हिंसा के लिए उकसाने में सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं का सहारा लिया जाता है।

# एनसीपी की दरार खत्म ! पवार परिवार की चाल से महाराष्ट्र की राजनीति में आया नया मोड़

**घोषणापत्र जारी करने के मौके पर दोनों गुटों के नेताओं का एक साथ मंच साझा करना अपने आप में असाधारण दृश्य रहा। अजित पवार ने इस दौरान कहा कि परिवारिक तनाव समाप्त हो चुके हैं और दोनों पक्षों के कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी फिर से एकजुट हो। महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चली आ रही राकांपा की पारिवारिक और राजनीतिक फूट पर फिलहाल विराम के संकेत मिलते दिख रहे हैं। दरअसल, पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगम चुनावों को ध्यान में रखते हुए राकांपा के दोनों गुटों ने संयुक्त घोषणापत्र जारी किया है। यह वही राकांपा है जो बीते डेढ़ वर्ष से दो हिस्सों में बंटी हुई थी और एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक राजनीति कर रही थी।**

(नीरज कुमार दुबे)

संयुक्त घोषणापत्र में गड्ढ़ा मुक्त सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, नागरिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। यह घोषणापत्र स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित है लेकिन इसका राजनीतिक संदेश दूर तक जाता है। घोषणापत्र जारी करने के मौके पर दोनों गुटों के नेताओं का एक साथ मंच साझा करना अपने आप में असाधारण दृश्य रहा। अजित पवार ने इस दौरान कहा कि परिवारिक तनाव समाप्त हो चुके हैं और दोनों पक्षों के कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी फिर से एकजुट हो। उन्होंने संकेत दिया कि फिलहाल नगर निगम चुनावों में साथ आने का निर्णय लिया गया है लेकिन भविष्य में राजनीतिक एकता की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। शरद पवार गुट की ओर से भी बयानबाजी का स्वर बदला हुआ नजर आया। तल्खी की जगह संयम और आक्रामकता की जगह राजनीतिक परिपक्वता दिखाई दी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह केवल स्थानीय तालमेल नहीं बल्कि सोची समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।

इस घटनाक्रम ने न केवल महाराष्ट्र बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। क्योंकि राकांपा का एक गुट सत्तारुढ़ गठबंधन एनडीए में है जबकि दूसरा गुट विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में दोनों का साथ आना राजनीतिक समीकरणों को हिलाने वाला कदम है।

देखा जाये तो महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर यह साबित कर रही है कि यहां




विचारधारा नहीं बल्कि सत्ता ही अंतिम सत्य है। राकांपा का विभाजन किसी वैचारिक मतभेद का परिणाम नहीं था बल्कि सत्ता के समीकरणों की उपज था। अब दोनों गुटों का एक मंच पर आना भी किसी आत्ममंथन का नहीं बल्कि सत्ता की मजबूरी का नतीजा है। संयुक्त घोषणापत्र स्थानीय विकास के नाम पर जारी किया गया है लेकिन इसका असली मकसद कार्यकर्ताओं को यह संकेत देना है कि पवार परिवार की सियासी दरार भर रही है। यह संदेश जितना नीचे तक जाएगा, उतना ही तेजी से राजनीतिक गणित बदलेगा।

यदि राकांपा के दोनों गुट पूरी तरह से एक हो जाते हैं तो इसका पहला और सीधा असर महाराष्ट्र की राजनीति पर पड़ेगा। अजित पवार का एनडीए के साथ रहना तब अर्थहीन हो जाएगा जब पार्टी की कमान फिर से एकजुट होकर शरद पवार के प्रभाव क्षेत्र में लौटेगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए यह घटनाक्रम जीवनदान जैसा हो सकता है। महाराष्ट्र जैसे निर्णायक राज्य में यदि राकांपा एकजुट होकर विपक्षी खेमे में मजबूती से खड़ी होती है तो यह न केवल विधानसभा बल्कि लोकसभा स्तर पर भी भाजपा के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी बिखराव रही है और पवारों का साथ आना इस कमजोरी पर मरहम बन सकता है। हालांकि अजित पवार पार्टी की कमान चाचा शरद पवार को वापस सौंपेंगे इसकी संभावना नगण्य ही है।

लेकिन यह तस्वीर का एक ही पहलू है। दूसरा पहलू उतना ही खतरनाक है। यदि राकांपा की एकता केवल नगर निगम और सीमित राजनीतिक सौदे तक सिमटी रहती है तो इससे विपक्षी गठबंधन इंडिया की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। जनता पहले ही अवसरवादी राजनीति से त्रस्त है और ऐसे प्रयोग उस अविश्वास को और गहरा करेंगे।

एनडीए के लिए यह स्थिति असहज करने वाली है। जिस अजित पवार को सत्ता संतुलन के लिए साथ लिया गया था वही यदि परिवारिक एकता के नाम पर अलग दिशा में चले जाते हैं तो यह गठबंधन की कमजोरी उजागर करेगा। यह संदेश जाएगा कि सत्ता के लिए बनाए गए गठबंधन टिकाऊ नहीं होते।

बहरहाल, राकांपा का यह संयुक्त कदम महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह अध्याय एकता, विश्वास और स्थायित्व की ओर जाएगा या फिर अवसरवाद और अस्थायी समझौतों की कहानी बनेगा, यह आने वाले चुनाव तय करेंगे। लेकिन इतना तय है कि पवार परिवार की हर चाल पूरे राजनीतिक शतरंज को हिला देने की ताकत रखती है।

# ईरान में तेहरान बनाम वॉशिंगटन में बदल रहा विरोध प्रदर्शन

(अभिषेक पाण्डेय)

ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन तेहरान बनाम वॉशिंगटन का रूप ले रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों और सरकारी नीतियों के कारण जरूरी चीजों के दाम में 110 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10 प्रतिशत है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लाद रखे हैं कि इन पैसों का



इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है। देश की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर है, जिससे जनता में भारी असंतोष है। हालिया विरोध प्रदर्शनों में 45 से अधिक लोगों की मौत हुई है और इंटरनेट बंद है।

ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डोनाल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं।

पश्चिम के प्रतिबंध-ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है।

आर्थिक संकट - सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42 प्रतिशत हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और

जनता में असंतोष - दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है। ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरे नजर आते हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी।

ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े ही। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

# फास्ट फूड बना रहा शरीर को खोखला, गंभीर बीमारियों के खतरे, चिकित्सक विशेषज्ञों ने ने दी चेतावनी

(दिव्यांशी भदौरिया)

डॉक्टरों के अनुसार, फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन मोटापे, पाचन समस्याओं और हृदय रोगों का कारण बनता है, जिससे शरीर अंदर से कमजोर होकर बीमारियों का घर बन सकता है।

भागदौड़ भारी जिंदगी में हम सभी अपनी सेहत का ख्याल बिल्कुल भी नहीं रखते हैं। बिजी लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने खानपान पर इतना ध्यान नहीं देते हैं। इन सब के कारण कहीं न कहीं हेल्दी खान-पान तो छूटता ही जा रहा है। धीरे-धीरे लोग हेल्दी डाइट पर जोर दे रहे हैं। वैसे सोशल मीडिया पर आपको हेल्दी डाइटिंग की कई रील्स देखने को मिल जाएगी। हालांकि, कुछ लोग जिनका जिनका गुजारा फास्ट फूड के बिना नहीं होता। लोग न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट को इग्नोर करके स्वादिष्ट फास्ट फूड का सेवन करना चाहते हैं, हालांकि क्या आप जानते हैं कि इसका सेहत पर क्या असर पड़ता है। चलिए आपको बताते हैं फास्ट फूड का सेवन करने से सेहत पर क्या असर पड़ता है।

**फास्ट फूड खाने से शरीर को क्या नुकसान होते हैं?:** - वैसे तो फास्ट फूड का सेवन करना हम सभी को काफी अच्छा लगता है, लेकिन यह हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं होता है। इसमें काफी मात्रा में तेल, नमक, चीनी और मसाले होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचता है।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप रोजाना फास्ट फूड का सेवन करते हैं, तो आपका वजन



तेजी से बढ़ने लगता है। मोटापा बढ़ने से थकान, सांस लेने में दिक्कत और शरीर में आलस जैसी समस्या होने लगती है।

फास्ट फूड का नियमित और अधिक सेवन पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर पड़ता है। इससे पेट सही तरह से काम नहीं कर पाता और गैस, एसिडिटी, पेट दर्द व कब्ज जैसी परेशानियां बार-बार होने लगती हैं। ज्यादा फास्ट फूड खाने से आंतों की कार्यक्षमता घट सकती है और धीरे-धीरे लिवर में चर्बी जमा होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

यदि आप अधिक फास्ट फूड खाती हैं तो इसकी वजह से हार्ट हेल्थ पर असर पड़ता है। ज्यादा तला-भुना और नमक वाला खाना खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। फास्ट फूड में आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा बेहद कम होती है, जैसे विटामिन, खनिज और फाइबर। इस वजह से इसका सेवन करने पर शरीर को पूरा और संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। यदि लंबे समय तक ऐसा भोजन किया जाए तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे व्यक्ति जल्दी-जल्दी बीमार होने लगता है। अत्यधिक फास्ट फूड का सेवन करने से कम उम्र में शुगर और बीपी जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। इसकी वजह से शरीर सुस्त रहता है और काम करने का मन नहीं करता है। कई बार तो न्यूट्रिशन की कमी होने के कारण आपका शरीर अंदर से खोखला होने लगता है, जिससे कई बीमारियां अंदर पनप रही होती हैं। जो भी घर पर ही ताजा खाना खाएं।

# मिलावटी पदार्थों से स्वास्थ्य पर संकट

**डॉ विजय गर्ग**

देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में बदल चुकी है। बाजार में नकली और मिलावटी खाद्य वस्तुओं का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे सीधे तौर पर आम जनता का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद प्रसाद लड्डु में मिलाव में मिलावट का मामला इस चिंता को और बढ़ा देता है। बताया जा रहा है कि 2019 से 2024 तक बनाए न हुआ। इसी तरह देश गए 20 करोड़ लड्डुओं में नकली घी का इस्तेमाल है, लेकिन कार्रवाई अब हुई है। एस देरी से भी मिलावटखोरों के हौसले मिलावट का एक मशहूर ब्रांड के घी का नमूना भी गुणवत्ता की कसौटी पर खरा नहीं उतरा और इसे सेहत के लिए घातक पाया गया। यह मामला वर्ष 2020 का है ऐसे मामलों में कार्रवाई में टालमटोल या है कि गोरखधंधारों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ऐसा लगता %करने वालों को कानून का कानन का कोई खौफ नहीं है। मिलावट की समस्या केवल घी घी तक क सीमित नहीं है। देश के बाजार नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों खाद्य पदार्थों से भरे पड़े हैं। हैं। दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं में भी मिलावट होने के कारण लोग कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। र रह हैं। भुने हुए चने जैसे सामान्य खाद्य पदार्थों में भी खतरनाक रंगों और रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है। औरामाइन नामक रंग खाद्य पदार्थों में मिलाया जाता है। यह कपड़ा चमड़ा उद्योगों में इस्तेमाल होने वाला रसायन है। इससे कैंसर और तंत्रिका तंत्र प पर बुरा प्रभाव पदार्थों में इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध है। इसके इससे साफ है कि खाद्य पड़ने का खतरा होता है। इस तरह के खतरनाक रंगों का उपयोग खाद्य बावजूद निरीक्षण में कई उत्पादों में इस तरह की मिलावट की पुष्टि हुई है। इससे सुरक्षा के नियमों की अनुपालना नहीं हो रही है, जिससे उपभोक्ता लगातार धोखा खा रहे हैं और अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। मिलावट के जरिए कोई दुकानदार भले ही ज्यादा मुनाफा कमा ले, लेकिन इस दुश्चक्र से वह और उसका परिवार भी नहीं बच सकता। असल में कोई भी व्यक्ति सभी तरह के खाद्य पदार्थ स्वयं पैदा नहीं कर सकता। उसे ज्यादातर वस्तुओं के लिए बाजार पर निर्भर रहना होता है जब दूसरी चीजें भी मिलावटी आएंगी, तो वह खुद् और उसका परिवार भी बीमारियों की चपेट में आएगा। इस तरह मिलावट के जरिए कमाया पैसा भी अस्पतालों चक्कर काटने में ही ही खर्च होगा।

# डिजिटल शोर में खोता बचपन... शॉर्ट वीडियो देखने की लत से बच्चों को कैसे बचाया जाए

**अध्ययन बताते हैं कि 15 से 90 सेकंड के शॉर्ट वीडियो की लत बच्चों में एंग्जायटी बढ़ाती है। परिवार का सहयोग बच्चों की इस आदत में सुधार ला सकता है। भिन्न एप्स पर मौजूद 15 से 90 सेकंड के शॉर्ट वीडियो 18 साल से कम उम्र के लाखों बच्चों को लगातार अपनी ओर खींच रहे हैं। ये छोटे-छोटे वीडियो बच्चों को इतना लुभाते हैं कि वे घंटों उसी में डूबे रहते हैं, खासकर तब, जब उनके शरीर और मन को आराम की जरूरत होती है। स्क्रीन से निकलने वाली तेज रोशनी नींद की लय को नियंत्रित करने वाले हार्मोन मेलाटोनिन के स्राव को धीमा कर देती है, जिससे सो पाना कठिन हो जाता है। इसके अलावा, तेज-रफ्तार कंटेंट के भावनात्मक उतार-चढ़ाव दिमाग को शांत नहीं रहने देते।**

(हिमांशु चंदेल)

एक अध्ययन बताता है कि किशोरों में शॉर्ट वीडियो का अत्यधिक उपयोग खराब नींद और बढ़ी हुई सामाजिक घबराहट से जुड़ा होता है। नींद की ये गड़बड़ियां आगे चलकर मिजाज, मानसिक लचीलेपन और याददाश्त को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा, बच्चे लोकप्रियता, दिखावा या सफलता के नकली मानकों को अपनाने लगते हैं, जो अक्सर कम आत्म-सम्मान और बढ़ती चिंता से जुड़े होते हैं। शोध बताते हैं कि ऐसे कंटेंट छोटे बच्चों के लिए ज्यादा नुकसानदेह हैं। शॉर्ट कंटेंट बच्चों के विकसित हो रहे दिमाग को परेशान करने वाले होते हैं। जिन बच्चों में घबराहट, एकाग्रता में कमी या भावनात्मक अस्थिरता होती है, वे इसके प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

तनाव, पारिवारिक अस्थिरता या अनिद्रा से जूझ रहे बच्चे देर रात तक मोबाइल चलाते रहते



हैं। अक्सर जब हर शांत पल को त्वरित मनोरंजन से भर दिया जाता है, तो बच्चे सपने देखने, खेलने, परिवार में बातचीत करने या अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से जाहिर करने का अवसर खो देते हैं, जिससे धीरे-धीरे उनकी क्षमताएं कमजोर पड़ने लगती हैं।

घर में खुला और ईमानदार संवाद बच्चों को अपनी स्क्रीन आदतों को समझने और उन्हें बेहतर दिशा देने में मदद कर सकता है। माता-पिता बच्चों के साथ मिलकर वीडियो देख सकते हैं, और उनसे चर्चा कर सकते हैं कि अमुक वीडियो ने उन्हें क्यों आकर्षित किया। सरल पारिवारिक नियम बनाना, जैसे सोते समय डिवाइस बेडरूम से बाहर रखना या मोबाइल देखने का समय निर्धारित करना और देर रात तक स्क्रॉलिंग की आदत को कम करने में सहायक हो सकता है। साथ ही, ऑफलाइन गतिविधियों, को बढ़ावा देना एक स्वस्थ व संतुलित जीवनशैली बनाए रखने में मदद करता है। शॉर्ट वीडियो रचनात्मक, मनोरंजक और सुकून देने वाले हो सकते हैं, पर इसमें माता-पिता का सहयोग जरूरी है, ताकि बच्चे उनका आनंद अपनी भलाई से कोई समझौता किए बिना उठा सकें।

अविकारिणमपि सज्जनम्
अ नि श ा म न ा य॑ :
प्रबाधतेऽत्यर्थम्।
कमलिन्या किमिह कृतं
हिमस्य यत्तां सदा दहति॥

दुष्ट मनुष्य सदा सज्जन को कष्ट देता है, भले ही उस सज्जन ने उसका कोई अपकार नहीं किया हो। जैसे, किसी कमलिनी ने पाले (तुषार) का क्या बिगाड़ा है कि (सर्दी की रात्रि में) पाला ही उसे मार डालता है। वल्लभदेव संपादित सुभाषितावली (409)।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की एनएफ रेलवे से होगी शुरूआत : महाप्रबंधक

## पीएम मोदी आधी दर्जन से अधिक ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के लिए यह जनवरी माह ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरूआत एनएफ रेलवे से होने जा रही है। इसके साथ ही एनएफ रेलवे को नए वर्ष के अवसर पर कई नई ट्रेनों की सौगात मिलने वाली है। इन ट्रेनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 और 18 जनवरी को करेंगे। इस संबंध में एनएफ रेलवे के महाप्रबंध चैतन्य श्रीवास्तव ने अपने कटिहार रेलमंडल के निरीक्षण के दौरान कटिहार स्टेशन पर सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आगामी 17 जनवरी को मालदा और 18 जनवरी को गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रमों में अलग-अलग ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

इनमें सबसे खास 17 जनवरी को मालदा से रवाना होने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन होगी। जिसे भारत की अब तक की सबसे तेज और अत्याधुनिक ट्रेन माना जा रहा है। एनएफ रेलवे के महाप्रबंधक चैतन्य श्रीवास्तव ने बताया कि



वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह ट्रेन विश्वस्तरीय तकनीक से लैस है और इतनी तेज रफ्तार में भी इसकी बोगियों के अंदर रखा पानी का गिलास तक नहीं गिरता, जो इसकी उन्नत इंजीनियरिंग और आरामदायक यात्रा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन यात्रियों को लग्जरी, सुरक्षा और सुविधा का नया अनुभव देगी। इसके अलावा रियल महाप्रबंधक द्वारा एन एफ रेलवे को मिलने वाली लंबी दूरी की अन्य नई ट्रेन जो बंगलौर, मुंबई, गोमतीनगर आदि ट्रेनों के संबंध में भी

**■ एनएफ रेलवे के जीएम ने किया निरीक्षण**

विस्तृत जानकारी दी गई और बताये कि इन ट्रेनों के परिचालन से पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क और अधिक मजबूत होगा।जिससे यात्रियों के साथ-साथ व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रेल महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने अपने निरक्षण से संतुष्टता जाहिर करते हुए बताया कि कटिहार रेलमंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह के कुशल नेतृत्व में काफी कार्य संपादित हुआ है। वहीं अमृत भारत योजना के तहत कटिहार मॉडल स्टेशन के नवीकरण का कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा हो जाएगा और कटिहार मॉडल स्टेशन को पूरी तरह नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित कर दिया जाएगा। कटिहार जोगबनी डबलिंग का सर्वे पूरा हो चुका है और उसका डीपीआर भी तैयार हो गया है। जिसका जल्द ही सेंशन के बाद कार्य शुरू होने की संभावना है जबकि इंडो नेपाल प्रोजेक्ट में नेपाल के तरफ से जमीन अधिग्रहण के मामला भी जल्द निपटारा होने की संभावना है। रेल महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि रेल के पास फंड और रिसोर्स की कोई कमी नहीं है जिस कारण आने वाले समय में यात्रियों को वेटिंग टिकट नहीं मिलेगा। जबकि अमृत भारत योजना के तहत आने वाले समय में एन एफ रेलवे वो कटिहार रेलमंडल से अन्य कई प्रस्तावित ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह, एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह सहित मुख्यालय और मंडल के कई वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद रेल महाप्रबंधक अपने विशेष निरीक्षण सैलून से बालूघाट के लिए रवाना हो गए। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और नई ट्रेनों की सौगात से एनएफ रेलवे, विशेषकर कटिहार रेल मंडल, रेल विकास के नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है, जिससे आम यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

# सांसद मनरेगा बचाओ अभियान के मजदूरों एवं स्थानीय ग्रामीणों की समस्या से हुए रुबरु



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर /कटिहार।** प्रखंड के उत्तरी लालगंज पंचायत के बंगुरूवा और नंदसुरी गांव सांसद तारिक अनवर पहुंचे। गांव पहुंचकर उन्होने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार मनरेगा बचाओ अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित मनरेगा मजदूरों से संवाद स्थापित किए।

मजदूरों के साथ साथ वहां के स्थानीय समस्याओं से रुबरु हुए। सांसद को अपनी गांव की समस्याओं से अगवगत कराने को लेकर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। उपस्थित मजदूरों ने सरकार के मनरेगा विरोधी कार्य का घोर विरोध किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी सांसद श्री अनवर से कहा कि लाभा से झौआ तक महानंदा तटबंध में बनी सड़क काफी जर्जर हो चुकी है । जर्जर महानंदा तटबंध सड़क से लोगो का चलना मुश्किल हो गया है । जिस कारण लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर उन्होने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त विभाग के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात किया। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि महानंदा तटबंध सड़क की मरम्मती को लेकर आवंटन की स्वीकृति के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। राशि की स्वीकृति मिलते ही सड़क मरम्मती का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। वही ग्रामीणों ने कहा कि बंगुरूवा महानंदा बांध ढाला के समीप धार में एक पुल की अति आवश्यकता है। पुल नही रहने के कारण ग्रामीणों को अपने खेत - खलिहान आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वही ग्रामीणों की समस्या सुनने के दौरान सांसद श्री अनवर ने कहा कि केंद्र की सरकार अपने मनमाने ढंग से मनरेगा योजना का नाम बदल दिया है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदल दिया है। उक्त योजनाओं से देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम गायब कर दिया है। इसका नियम कानून भी बदल दिया गया है। अब मनरेगा में लोगो को रोजगार मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दिया कि पहले मजदूरी भुगतान में केंद्र सरकार सौ फीसद राशि देती थी। लेकिन अब साठ प्रतिशत केंद्र और चालीस प्रतिशत राज्य सरकार को देना है। राज्य सरकार के पास चालीस प्रतिशत राशि भुगतान करने का आवंटन ही नही रहेगा तो इस परिस्थिति में योजनाओं का भुगतान भी नही हो पायेगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसका सख्त विरोध करती है। सांसद श्री अनवर एवं कटिहार जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने इस आंदोलन में अधिक से अधिक की संख्या में लोगो को जुड़ने का अपील किया। मनरेगा मजदूरों ने सांसद श्री अनवर को विश्वास दिलाया कि वो इस मुहिम मे आपके साथ है।इस दौरान पार्टी के मो सऊद आलम, मुखिया तनवीर अहमद , मो. वहाब ,मो रफीक, अकमल, मो. नसीम, मो. अस्लउद्दीन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन व दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** दर्शन साह महाविद्यालय कटिहार में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन पर एक व्याख्यान का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से किया गया` कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श और उनका युवाओं पर उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि स्वामी जी पश्चिमी दर्शन सहित विभिन्न विषयों के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह भारत के पहले हिंदू सन्यासी थे। जिन्होंने हिंदू धर्म और सनातन धर्म का संदेश विश्व भर में फैलाया। उन्होंने विश्व में सनातन मूल्यों, हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित की। इस मौके पर विषय प्रवेश करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के संयोजक डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि स्वामी जी का दर्शन और आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद के दिखाए रास्ते पर चलकर ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत,आत्म निर्भर भारत, स्वस्थ भारत और भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता हैं। आइए हम अमृत काल में एक महान दार्शनिक, विचारक और युवाओं के प्रेरणा पुंज,स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं, राष्ट्रीयता की भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता और समावेशिता को आत्मसात करने का संकल्प लें। यहीं स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मदन कुमार झा ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार पूर्वक व्यख्यान दिया उन्होंने कहा किस्वामी विवेकानंद की दिव्यता, नैतिकता, पूर्व-पश्चिम का जुड़ाव व एकता की भावना विश्व के लिए वास्तविक संपत्ति हैं। उन्होंने हमारे देश की महान आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए एकता की भावना को परिभाषित किया। वहीं प्रो. अनवर इरज उनके बारे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने लिखा बताया कि स्वामीजी इसलिए महान हैं कि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान में सामंजस्य स्थापित किया हैं, देशवासियों ने उनकी शिक्षाओं से अभूतपूर्व आत्म-सम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास आत्मसात किया हैं। वहीं प्रो. रतन कुमार दास ने बताया स्वामी विवेकानंद जी युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत हैं। उन्होंने कहा था- 'युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें हैं, जिनका हृदय वज्र तुल्य संकल्पित हैं। वह चाहते थे कि युवाओं में विशाल हृदय के साथ मातृभूमि और जनता की सेवा करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो। युवाओं पर देश की भविष्य की उम्मीदें टिकी हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बिबेकनंद स्वामी ने किया और मंच संचालन फिजिक्स विभाग के डॉ. स्वामीनन्दन ने किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तीन के संयोजक प्रो. मिथिलेश कुमार की महती भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. बिलास कुमार झा,प्रो. नारायण झा, डॉ. संजीत कुमार गुप्ता, डॉ. उदय शंकर, डॉ. मैत्रीयी, डॉ. शीला कुमारी, प्रो. रमाकांत कुमार,बीएड विभाग के प्रो. प्रशांत कुमार, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. मृगणाल कुमार, प्रो.अनिल कुमार, डॉ. एए ओंकार, शम्भू कुमार यादव, अजय परिदा, उमेश कुमार, प्रकाश कुमार, गुलाब कुमार, शुभम कुमार, अनिल कुमार एवं बृहत संख्या में छात्र और छात्रों की भागीदारी रही। वहीं राष्ट्र गान के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# खनन विभाग की ओर से बालू खनन की अनुमति देने पर ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के मनिहारी अनुमंडल के गंगा किनारे कुटी घाट के समीप खनन विभाग ने बालू खनन को लेकर दी अनुमति दी। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त घाट किनारे बालू खनन की खबर पर आमजन सहित जनप्रतिनिधि, नगर मुख्य मुख्य पार्षद राजेश कुमार, उपमुख्य पार्षद शुभम पोद्दार सहित कई लोग मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय अधिकारियों को सूचना दी।



सूचना पर एसडीओ त्रिलोकीनाथ सिंह, डीएसपी विनोद कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनन्द मौके पर पहुंचे। विभाग के खनन निरीक्षक केशव राज भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने बालू खनन के लिए निर्धारित लीज स्थल की मोबाइल नक्शा से अक्षांश, देशांतर दक्षांश की कसौटी पर परखा। उन्होंने कहा कि पूरी वस्तु स्थिति की जानकारी ली जा रही है। मौके पर मौजूद नगर मुख्य पार्षद राजेश कुमार ने कहा कि खनन लीज स्थल से गांव एवं बसावटवाली जगह नजदीक है। बाढ बरसात के दिनों में जब नदियां ऊफान पर होकर बेगवति होगी तो नदी की धारा बसावट वाली गांव की ओर बढने का खतरा बढ़ जाएगा। पास ही सरकारी राशि से बन रही अनेक जनोपयोगी निर्माण कार्य पर भी खतरे की आशंका जतायी।कहा कि आनेवाले समय में काफी दिक्कत होगी। वही स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि खनन विभाग के द्वारा बालू खनन लीज स्थल की अक्षांश, दक्षांश सहित जमीन को चिन्हित कर पूरी स्थिति को स्पष्ट करने को कहा। फिलहाल जांच पड़ताल कर चिन्हित खनन लीज स्थल की जमीन की पड़ताल की जा रही है।लीजधारी ने अधिकारियों को बताया कि खनन लीज स्थल भूमि तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 8.5 लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** डंडखोरा पुलिस ने गश्ती के दौरान छापेमारी कर 8.5 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

थानाध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि अपर थानाध्यक्ष अमलेन्दु सिंह के नेतृत्व में निकली पुलिस ने भमरैली गांव से छापेमारी कर भोला मंडल पिता भुटाई मंडल भमरैली निवासी को 8.5 लीटर देशी शराब के साथ हिरासत में लिया है।उन्होंने बताया कि थाना में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की कारवाई की जा रही है।

# टीएलएम मेले में शिक्षकों की रचनात्मक प्रस्तुति

**नवाचार को मिला मंच**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** जागेश्वर उच्च विद्यालय, गुरुबाजार के परिसर में प्रखंड स्तरीय टीएलएम 3.0 मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज एवं प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर बरारी प्रखंड के 22 संकुलों से चयनित शिक्षकों ने भाग लेकर शिक्षण के नए-नए प्रयोग प्रस्तुत किए। मेले में कुल 34 शिक्षक प्रतिभागियों ने हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण विज्ञान विषयों में टीचिंग लर्निंग मटेरियल टीएलएम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और रुचिकर शिक्षा की उपयोगिता को दशार्या। प्रदर्शित सामग्री बच्चों की समझ को सरल बनाने वाली, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज ने कहा कि टीएलएम शिक्षकों की सृजनात्मक क्षमता को सामने लाने का सशक्त माध्यम है।जिससे एफएलएन कार्यक्रम को भी मजबूती मिलती है। अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि टीएलएम के प्रयोग से बच्चे पढ़ाई से जुड़ते हैं और सीखने की प्रक्रिया सहज बनती है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे



आयोजनों से शिक्षकों में नवाचार और आपसी सीख की भावना विकसित होती है। निर्णायक मंडल में वीरेंद्र सिंह,सच्चिदानंद दास, रामजयपाल सिंह, भगत सिंह, कामख्या नारायण शर्मा, राज कुमार रविदास, राकेश कुमार, अमरदीप कुमार एवं बलवंत जायसवाल शामिल रहे। मूल्यांकन के आधार पर अंग्रेजी में वंदना प्रथम, कृति कुमारी द्वितीय व रौशन कुमार रोशन तृतीय स्थान पर रहीं। गणित में प्रणव झा प्रथम, निकोलस वर्मा द्वितीय व विकास ठाकुर तृतीय रहे। हिंदी में रेशमा कौर प्रथम, पंकज कुमार द्वितीय व सदानंद मंडल तृतीय स्थान पर रहे। उर्दू में मशकूर आलम प्रथम, आबिद हुसैन द्वितीय तथा पर्यावरण विज्ञान में मो. गुफरान प्रथम, जमशीद आलम द्वितीय व जयकिशोर मंडल तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लेखापाल संतोष कुमार पासवान, बीआरसी कर्मी अनीस कुमार,छोटू चौधरी, राजीव कुमार, मनोज जायसवाल सहित प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह, सच्चिदानंद दास, संजय सिंह, अमरदीप कुमार, मो. इकराम, भगत सिंह, कामख्या नारायण शर्मा, बलवंत जायसवाल, मो. मजरुल तथा शिक्षक आदित्य कुमार,मो. जियायुल, भानु प्रताप सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# अग्निपीड़ित परिवार को सरकारी मदद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** थाना क्षेत्र के महुअर गांव में गत दिनों आग लगने से स्वर्गीय भोलू मंडल का घर जल गया था। आग लगने से घर का सामान जल जाने से पीडित परिवार असहाय सुविधाहीन हो गया था।

सोमवार को अग्नि प्रभावित सुदामा देवी, पति भोलू मंडल को अंचल पदाधिकारी मो. इस्माईल ने आपदा राहत कोष से निर्धारित सहाय राशि चेक द्वारा प्रदान की. साथ ही गृहोपयोगी सामान, यथा वस्त्र बर्तन भी दिया गया। गृहक्षति की राशि अभी पीडित परिवार को मिलना शेष है। इस मौके पर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक अंजारूल हसन, अंचल नाजिर मंटु कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# भरतकोल चौक पर हाई मास्ट लाइट का सांसद ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद/कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को वैदा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 13 स्थित भरतकोल चौक पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत नवनिर्मित हाई मास्ट लाइट का फीता काटकर उद्घाटन किया।




इस योजना के अंतर्गत डेढ़ सौ वाट की 10 शक्तिशाली एलईडी लाइटें स्थापित की गई हैं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि भरतकोल चौक काफी व्यस्त स्थान है। यहां हाई मास्ट लाइट लगने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों को सुविधा मिलेगी तथा रात्रि में आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, पूर्व जिप सदस्य रऊफ अली, मुखिया सऊद आलम, अब्दुल वहाब, सफीक आलम, इम्तियाजुल हक, जलाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेंटेनेंस को लेकर सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक बिजली सेवा रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कटिहार के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कटिहार जिले के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कटिहार विद्युत आपूर्ति करने हेतु 33/11 केवी फीडर में मेंटेनेंस का कार्य 13 जनवरी को सुबह के नौ बजे से दोपहर के दो बजे तक बंद रखा जाएगा।

जिसको लेकर मनसाही व सेमापुर उपकेंद्र को सुबह के नौ बजे से दोपहर के दो बजे तक बंद रखा जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता मनसाही रोशन कुमार राकेश ने बताया कि 33/11 केवी को मेंटेनेंस के लिए 13 जनवरी को सुबह के नौ बजे से दोपहर के दो बजे तक बंद रखा जाएगा, जिसमें मिस्त्री के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। विद्युत शक्ति उप केंद्र में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति 24 घंटे बहाल करने के लिए मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। बिजली उपभोक्ता सुबह के नौ बजे से पहले अपना जरूरत का कार्य कर ले। वहीं दो बजे के बाद सुचारू रूप से बिजली दी जाएगी।

# माघपूर्णिमा के अवसर पर महारूद्र यज्ञ की तैयारी को ले बैठक

**■ यज्ञ अनुष्ठान के सफल संचालन को ले कमिटि का गठन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** माघ पूर्णिमा पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यज्ञ अनुष्ठान होने वाले महारुद्र यज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक एक निजी विद्यालय में हुई,यज्ञ 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक होगा। इसको लेकर कलश शोभा यात्रा दिनांक 31 जनवरी को सुबह 8:00 बजे निकाली जाएगी। महारुद्र यज्ञ मेला के सफल संपादन के लिए एक यज्ञ कमेटी का गठन किया गया।

# भारतीय संस्कृति की सुगंध विखेरने वाले स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** एक युवा सन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति के सुगंध बिखेरने वाले साहित्य दर्शन और इतिहास के प्रकांड विद्वान स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस धूमधाम से आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आनंद ने विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 ई. को कोलकाता पश्चिम बंगाल में हुआ था। इनका मूल नाम नरेंद्र नाथ दत्त जो आगे चलकर स्वामी विवेकानंद के नाम से विख्यात हुए वह एक युगांतरकारी आध्यात्मिक गुरु थे। जिन्होंने हिंदू धर्म को गतिशील तथा व्यवहारिक बनाया और सुदृढ़ सभ्यता



के निर्माण के लिए विश्व को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से जुड़ने का आग्रह किया। भारत में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। स्वामी विवेकानंद की मुख्य विशेषताएं उनकी ओजस्वी वाणी भारतीय संस्कृति और वेदांत दर्शन का वैश्विक प्रचार युवाओं के प्रेरणा स्रोत, गहन आध्यात्मिक ज्ञान, राष्ट्रवाद शिक्षा, चरित्र निर्माण पर जोर और मानवता की सेवा का संदेश थी जिन्होंने भारत और पश्चिम दोनों को प्रभावित किया और उन्हें एक देशभक्त सन्यासी के रूप में स्थापित किया। विवेकानंद आध्यात्मिक गुरु और वेदांत के प्रचारक के साथ प्रेरक और ओजस्वी वक्ता राष्ट्रवादी विचारक मानवतावादी और समाज सेवक के साथ युवाओं के आदर्श थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में सियाराम यादव, कालेश्वर साह, रवि कुमार,श्वेता सिंह,मनोज कुमार, सवेरा खातून, अमित कुमार, तारकेश्वर कुमार ऋषि, विद्यालय के बच्चों में सुहानी भारती, नैन्सी कुमारी, साक्षी प्रिया, निशा भारती, अनिशा कुमारी, ध्रुव कुमार, आदित्य कुमार, प्रीतम कुमार, प्रियांशु कुमार, अनिकेत कुमार, अनुष्का कुमारी, शालिनी कुमारी, सोनम कुमारी,आर्यन राज, आयुष राज, प्रियांशु कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन की ओर से ऊनी टोपी का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सेवा ही हमारा संकल्प के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन की ओर से शहर के शहीद चौक पर ठंड को देखते हुए टोपी वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस सेवा कार्यक्रम के तहत रिक्शा चालकों, टोटो चालकों, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म टोपी का वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में आयोजित यह कार्यक्रम मानवता, करुणा और सामाजिक दायित्व की भावना को दशार्ता है। कार्यक्रम की सफलता में लियो एडवाइजर लायन पुरुषोत्तम मोदी, लियो डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लियो तेजस चौरसिया, शाखा अध्यक्ष पीयूष राज, उपाध्यक्ष अमर रामनानी, लियो सदस्य शिवानी सिंह, प्रथम



कौशिक, सद्दाम हुसैन, कौशल आलम, कुणाल पोद्दार एवं शुभम सौरभ की उपस्थिति रही। इस अवसर पर लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन की ओर से कार्यक्रम हेतु डोनेशन प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त किया गया। क्लब सदैव समाज सेवा के ऐसे कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान

## अडानी ग्रुप गुजरात के कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ का निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह अगले पांच साल में गुजरात के कच्छ में 1.5 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रहा है। यह पोर्ट्स से लेकर माइनिंग तक के अपने कारोबार वाले इस समूह ने अपने होम स्टेट गुजरात में निवेश बढ़ाने का फैसला किया है। अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अडानी ने रविवार को राजकोट में हुए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में कहा, हम अपनी खवड़ा परियोजना पूरी करके 2030 तक 37 गीगावॉट की पूरी क्षमता चालू कर देंगे, और साथ ही मुंद्रा में अपनी बंदरगाह क्षमता को भी अगले 10 साल में दोगुना कर देंगे। करण अडानी ने आगे कहा, ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता और बंटवारे का सामना कर रही है, भारत एक उम्मीद की किरण बनकर उभर रहा है। यहां करीब 8 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है, विनिर्माण आधार बढ़ रहा है और देश 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है।




उनके अनुसार, गुजरात भारत के सबसे अधिक औद्योगिक रूप से विकसित और जुड़े राज्यों में से एक है। यह देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है, औद्योगिक उत्पादन में 17 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, देश का 40 प्रतिशत कार्गो अपने बंदरगाहों से संभालता है और रिन्यूबल एनर्जी में अग्रणी है। गुजरात के भीतर, कच्छ परिवर्तन का एक शक्तिशाली प्रतीक है – एक बार दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण माना जाने वाला यह क्षेत्र अब भारत के सबसे रणनीतिक औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स और ऊर्जा केंद्रों में से एक बन गया है। करण अडानी ने कहा, जैसे भारत विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, गुजरात इस राष्ट्रीय परिवर्तन का आधारस्तंभ बना रहेगा। अडानी समूह एक मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक सम्मान वाले भारत के निर्माण में एक विश्वसनीय साझीदार बने रहने के लिए गहराई से

### 86 प्रतिशत आईटी दिग्गजों ने माना

## एआई छीन नहीं रहा, बल्कि संवार रहा है नौकरियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय आईटी दिग्गज अब सिर्फ एआई टूल्स को अपना ही नहीं रहे हैं, बल्कि एजेंटिक एआई के जरिए पूरी दुनिया में तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं। दरअसल, एजेंटिक एआई तकनीक उन सिस्टम पर आधारित है, जो स्वतंत्र रूप से सोचने, तर्क करने और काम करने में सक्षम है।



प्रौद्योगिकी परामर्श फर्म थॉटवर्क्स की नई रिपोर्ट के अनुसार, 86 फीसदी आईटी दिग्गजों ने माना है कि एआई की वजह से प्रतिभा निखर रही है और यह नौकरियां नहीं छीन रहा है। सर्वे के दौरान यह भी पता चला कि भारत एजेंटिक एआई जैसी उन्नत तकनीक को अपनाने के मामले में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों से काफी आगे निकल गया है। यह सर्वेक्षण सात देशों के 3,500 अधिकारियों पर किया गया, जिसमें 500 प्रतिभागी भारत से थे। रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंटिक एआई को अपनाने के मामले में भारत 48 प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे आगे है। यह अमेरिका (28 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया (23 प्रतिशत) जैसे पश्चिमी बाजारों से बिल्कुल अलग स्थिति है, जो अभी भी पारंपरिक दक्षता सुधारने पर ही ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह रुझान दर्शाता है कि भारतीय कंपनियां अब केवल एआई टूल का उपयोग नहीं कर रहीं, बल्कि वे पूरी तरह से एआई-आधारित बिजनेस मॉडल की ओर बढ़ रही हैं। सर्वे के दौरान 10 में नौ लोगों ने कहा कि एआई लोगों की प्रतिभा को निखार रहा है। इसकी वजह से सबसे बड़ा प्रभाव कौशल और काम की गति को बढ़ाने में दिख रहा है। इसके अलावा, 57 प्रतिशत कंपनियों ने बताया कि मानव-एआई सहयोग के कारण उनकी संस्थाओं में कुल भूमिकाओं और पदों में बढ़ोतरी हुई है। भारतीयों को एआई से होने वाले आर्थिक लाभ पर सबसे अधिक भरोसा है। पांच वर्षों में उनके राजस्व में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी, जो दुनिया में सबसे उच्च स्तर का आत्मविश्वास है। वहीं अगले 12 महीनों में 15 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद रखने वाले भारतीय लीडर्स की संख्या लगभग 14 फीसदी है,

# चीन ने लगा दिया अड़ंगा, रुक गया रिलायंस का बड़ा प्रोजेक्ट

### मुकेश अंबानी ने किया है बड़ा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भारत में लिथियम-आयन बैटरी सेल बनाने की अपनी योजना फिलहाल रोक दी है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसकी वजह यह है कि उसे चीन से ज़रूरी तकनीक नहीं मिल पाई। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस इस साल से बैटरी सेल बनाने की शुरुआत करना चाहती थी। इसके लिए वह चीन की कंपनी ज़ियामेन हिथियम एनर्जी स्टोरेज टेक्नोलॉजी कंपनी से सेल बनाने की तकनीक लाइसेंस पर लेने की बात कर रहे थी। लेकिन, ये बातचीत रुक गई। चीन की कंपनी ने इस साझेदारी से हाथ खींच लिया।

सूत्रों ने बताया कि रिलायंस ने बैटरी एनर्जी स्टोरेज कंटेनर असेंबली और सेल प्रोडक्शन दोनों के लिए कुछ मशीनरी आयात की है। लेकिन चीनी तकनीक तक पहुंच न होने के कारण सेल बनाने का काम रुका हुआ है। चीन ने कुछ खास सेक्टरों में अपनी तकनीक को बाहर जाने से रोकने के लिए नए नियम बनाए हैं। इस झटके के बाद रिलायंस अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनाने पर ध्यान दे रही है, जिनमें उसकी रिन्यूएबल पावर परियोजनाओं के लिए बिजली स्टोर की जा सके। चीन अब क्लीन एनर्जी से जुड़ी टेक्नोलॉजी के सौदों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। वह अपनी रणनीतिक बढ़त को बनाए रखना चाहता हैं। इससे विदेशी कंपनियों के लिए भारत में लोकल मैन्युफैक्चरिंग करना मुश्किल हो रहा है।

रिलायंस के एक प्रवक्ता ने ईमेल के जरिए बताया कि कंपनी की योजनाओं में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, आप देखेंगे कि क्ब्धस्स मैन्युफैक्चरिंग, बैटरी पैक मैन्युफैक्चरिंग और सेल मैन्युफैक्चरिंग हमेशा से हमारी एनर्जी स्टोरेज योजनाओं का हिस्सा रहे हैं और हम इन्हें लागू करने में अच्छी प्रगति कर रहे हैं।




उन्होंने चीनी कंपनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। चीनी कंपनी ने भी टिप्पणी के अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया।

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने पिछले अगस्त में शेयरधारकों को बताया था कि रिलायंस की बैटरी बनाने की गीगाफैक्ट्री 2026 में शुरू हो जाएगी। रिलायंस ने साल 2021 में चार गीगाफैक्ट्री बनाने की घोषणा की थी। यह ग्रीन एनर्जी बिजनेस पर 10 अरब डॉलर के निवेश का हिस्सा था। सूत्रों का कहना है कि रिलायंस की अंदरूनी टीमों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि अगर चीन की भरोसेमंद सेल तकनीक नहीं मिली, तो लागत बहुत बढ़ जाएगी और काम पूरा करने में भी ज्यादा जोखिम होगा।

**दूसरे विकल्पः** सूत्रों ने यह भी बताया कि जापान, यूरोप और दक्षिण कोरिया की वैकल्पिक तकनीकों का भी मूल्यांकन किया गया था, लेकिन उन्हें बड़े पैमाने पर भारत में इस्तेमाल के लिए बहुत महंगा और कम प्रतिस्पर्धी पाया गया। भारत लंबे समय से अपनी खुद की बैटरी बनाने की क्षमता विकसित करना चाहता है।

### लेमन ट्री होटल्स के इस बड़े फैसले से शेयरों में उछाल

# दो हिस्सों में बंट जाएगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लेमन ट्री होटल्स के शेयर सोमवार को कारोबार के दौरान 4 प्रतिशत उछले। वह भी तब मार्केट में गिरावट है। यह उछाल कंपनी द्वारा वैल्यू क्रिएशन और फंड जुटाने पर केंद्रित एक बड़े पुनर्गठन पहल की घोषणा के बाद आया। इस पुनर्गठन में कंपनी को दो अलग-अलग इकाइयों में बांटना और वारबर्ग पिंकस को रणनीतिक साझेदार बनाना शामिल है। आज लेमन ट्री के शेयर की कीमत

आज लेमन ट्री होटल्स के शेयर का भाव बीएसई पर 155.05 रुपये प्रति शेयर पर खुला। दिन के कारोबार में शेयर ने 155.90 रुपये का उच्चस्तर और 151.55 रुपये का निचला स्तर छुआ, हालांकि बाद में यह दिन के उच्चस्तर से नीचे आ गया।

**पुनर्गठन की योजनाः** इस नई योजना के तहत, लेमन ट्री होटल्स अब एक समर्पित, एसेट-लाइट (कम संपत्ति वाला) होटल प्रबंधन और ब्रांडिंग प्लेटफॉर्म बन जाएगा। वहीं, एक नई बनाई गई इकाई, फ्लेर होटल्स के पास समूह की होटल स्वामित्व वाली संपत्तियां और उनके विकास की क्षमता होगी। फिलहाल, लेमन ट्री के पास फ्लेर होटल्स में 58.91 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि एपीजी के पास बाकी 41.09 प्रतिशत है। इस डील के तहत, प्राइवेट इक्विटी फर्म वारबर्ग पिंकस, एपीजी की फ्लेर होटल्स में पूरी 41.09 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद लेगी। इसके अलावा, वारबर्ग ने भविष्य के डेवलपमेंट के लिए चरणबद्ध तरीके से फ्लेर होटल्स में 960 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। लेमन ट्री होटल्स अपनी दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को मूल कंपनी में मिला देगा, जबकि चार अन्य सहायक कंपनियों का फ्लेर होटल्स में विलय कर दिया जाएगा। कंपनी 12 होटल भी फ्लेर होटल्स को हस्तांतरित करेगी, जिसके बदले में फ्लेर के शेयर सीधे लेमन ट्री के शेयरधारकों को जारी किए जाएंगे। निर्धारित अनुपात के मुताबिक, लेमन ट्री होटल्स के हर 311 शेयरों के बदले शेयरधारकों को फ्लेर होटल्स के 20 शेयर मिलेंगे।

पुनर्गठन के बाद, फ्लेर होटल्स के पास 5,813 कमरों वाले 41 होटल होंगे, जो वर्तमान में 3,993 कमरों वाले 24 होटल हैं। दूसरी ओर, लेमन ट्री होटल्स 6,011 कमरों वाले 89 होटलों का प्रबंधन करेगा, जिनका स्वामित्व या तो फ्लेर होटल्स या तीसरे पक्ष के मालिकों के पास होगा। व्यवस्था पूरी होने पर, लेमन ट्री के शेयरधारक सीधे फ्लेर होटल्स के 32.96 प्रतिशत मालिक होंगे, जबकि लेमन ट्री 41.03 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रखेगी। फ्लेर होटल्स में बची हुई 26.01 प्रतिशत हिस्सेदारी वॉरबर्ग पिंकस के पास होगी।

# कीमतें छुएंगी नई ऊंचाई या होंगी धड़ाम

### इस हफ्ते कैसी रहेगी सोने-चांदी की चाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
इस हफ्ते सोना और चांदी की कीमतों में सकारात्मक रुझान बने रहने की उम्मीद है। जानकारों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले को लेकर अनिश्चितता, सर्राफा बाजार को समर्थन देती रहेगी। इसके अलावा अमेरिका, भारत और जर्मनी से आने वाले महंगाई के आंकड़े, चीन के व्यापार और निवेश से जुड़े डेटा और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बयान भी अहम भूमिका निभाएंगे।



#### आज क्या गुल खिला सकती हैं चांदी

एक सेबी-पंजीकृत कमोडिटी विशेषज्ञ अनुज गुप्ता ने कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों को लेकर तनाव और संघर्ष में अमेरिका की भूमिका से जुड़े नवीनतम विकास कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ा सकते हैं। गुप्ता ने कहा, चांदी की कीमतें तेजी के साथ खुल सकती हैं और 82 से 85 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं, जबकि एमसीएक्स में यह 2,56,000 और 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थटेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों को 2,40,000 से 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में एक मजबूत सहायता मिलने वाली है। अगर चांदी की कीमतें 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को तोड़ती हैं, तो सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण, मूल्य में गिरावट के दौरान आक्रामक संचय के चलते, आने वाले हफ्तों में यह बढ़त 2,60,000 से 2,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे तक जा सकती है।

जानकारों के मुताबिक, तकनीकी तौर पर सोना इस हफ्ते 1,41,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर की ओर बढ़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने ने मजबूती दिखाई और कीमतें करीब 4 फीसदी उछलकर 4,500 डॉलर प्रति औंस के आसपास बंद हुईं। वहीं चांदी ने भी जबरदस्त तेजी दिखाई। एमसीएक्स पर चांदी करीब 6.94 फीसदी उछलकर 2,52,725 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई, जबकि हफ्ते के दौरान यह रिकॉर्ड स्तर 2,59,692 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थी। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में लगातार निवेश बढ़ रहा है। जानकारों का कहना है कि चांदी की तेजी बरकरार रही तो इसके दाम 2,80,000 से 3,00,000 रुपये प्रति किलो तक भी जा सकते हैं।

## पीएसयू नवरत्न के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। पीएसयू नवरत्न इरेडा के शेयरों में आज सोमवार को भारी बिकवाली के बीच तूफानी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में 4 प्रतिशती के तेजी दर्ज की गई है। इस उछाल के पीछे की वजह तिमाही नतीजे हैं। बता दें, पब्लिक सेक्टर की कंपनी इरेडा का एकल आधार पर नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़कर 585 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से कंपनी की आय बढ़ने से लाभ बढ़ा है। सरकारी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसे 425 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। बीएसई में आज सोमवार को इरेडा का शेयर 139.90 रुपये के स्तर पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत की तेजी के साथ 142.30 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 38 प्रतिशत बढ़कर 2,140 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,699 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में इरेडा का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को तेज करने के हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सबसे ज्यादा बिकने वाली दवा

# एक महीने में 1,950 करोड़ की दवा! दिसंबर में टूट गए बिक्री के सारे रेकॉर्ड

**नई दिल्ली-** देश के शहरों में बढ़ रही प्रदूषण का असर सीधे-सीधे मेडिकल बिलों में नजर आ रहे है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2025 में सांस से जुड़ी दवाइयों जैसे एलर्जी और अस्थमा की दवाओं की बिक्री 1,950 करोड़ रुपये के पार चली गई। यह अब तक का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है जो प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते खतरे का संकेत दे रहा है। मार्केट रिसर्च फर्म फार्मारैक के आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2025 में इन दवाओं की बिक्री दिसंबर 2024 की तुलना में 10 प्रतिशत और दिसंबर 2023 की तुलना में 18 प्रतिशत ज्यादा रही। इससे साफ है कि सांस से जुड़ी बीमारियों का प्रकोप हर साल बढ़ रहा है। प्रदूषण सबसे ज्यादा होता है। इस तिमाही के दौरान दवाओं की बिक्री 2024 की तुलना में 14 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 8 प्रतिशत ज्यादा रही। इस तिमाही में सांस से जुड़ी बीमारियों की दवाओं की कुल बिक्री 5,620 करोड़ रुपये से ज्यादा रही। यह पिछली तिमाही से 17 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें से करीब 3,500 करोड़ रुपये सिर्फ अस्थमा और (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज की दवाओं से आए। सीओपीडी एक ऐसी बीमारी है जिसमें सांस लेने में बहुत दिक्कत होती है। सर्दी के महीनों में अस्थमा और सांस की दूसरी समस्याओं के लिए इस्तेमाल होने वाली दवा फोराकोर्ट भी सबसे ज्यादा बिकने वाली दवाओं में से एक रही। दिसंबर में यह दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली दवा थी। इसकी बिक्री 90 करोड़ रुपये रही। सबसे ज्यादा बिकने वाली दवा वजन घटाने वाली मौनजारो थी। कुल मिलाकर भारत में दवाओं का बाजार सालाना 2.4 लाख करोड़ रुपये का है। डॉक्टरों का कहना है कि हवा में प्रदूषण के कणों के संपर्क में आने से अस्थमा और सांस की बीमारियां बढ़ सकती हैं। यह गंभीर समस्याओं जैसे सीओपीडी कारण भी बन सकती हैं। गुरुग्राम में पारस हेल्थ के इएनटी विभाग के हेड अमिताभ मलिक ने बताया कि हवा में धूल और कणों के बढ़ने से एलर्जिक राइनाइटिस और ब्रोंकाइटिस के मरीजों की संख्या रोजाना ओपीडी में करीब 60 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। मास्क और एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल, खासकर कमजोर लोगों के लिए बहुत मददगार होता है।



# पिता दिन के 100 से पालते थे परिवार, बेटे ने ऐसे खड़ा कर दिया करोड़ों का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आज के दौर में करियर चुनना किसी चुनौती से कम नहीं है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत स्टूडेंट सही मार्गदर्शन के अभाव में गलत करियर का चुनाव कर लेते हैं। इसी समस्या को दूर करने के लिए हैदराबाद के एम. राजा शेखर और उनके दोस्त के. वमसी प्रसाद ने कॉलेज मेंटर नाम के स्टार्टअप की शुरुआत की। यह स्टार्टअप केवल कॉलेजों की जानकारी देने वाला पोर्टल नहीं है। अलबत्ता, आठवीं क्लास से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्रों के लिए पूरा मेंटरशिप इकोसिस्टम है। इस कहानी की सबसे प्रेरणादायक बात संस्थापक राजा शेखर का संघर्ष है। उनके पिता कभी सिर्फ 100 रुपये दिन कमाकर परिवार पालते थे। आज राजा शेखर का स्टार्टअप 5 करोड़ रुपये का रेवेन्यू (वित्त वर्ष 2024-25) हासिल कर चुका है। 250 से अधिक लोगों को यह रोजगार देता है। आइए, यहां एम. राजा शेखर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। एम. राजा शेखर का बचपन अभावों में बीता। उनके पिता दिन के 100 रुपये कमाते थे। इससे बड़ी मुश्किल से परिवार का गुजर-बसर होता था। राजा शेखर खुद एक क्रिकेटर बनना चाहते थे। लेकिन, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें खेल छोड़ शिक्षा का रास्ता चुनना पड़ा। इंजीनियरिंग के दौरान उन्होंने देखा कि भारत में एजुकेशन पोर्टल सिर्फ येलो पेजेस की तरह जानकारी देते हैं। छात्रों को इनसे कुछ खास फायदा नहीं होता है। इसी अनुभव और सालों तक अलग-अलग विश्वविद्यालयों में कंसल्टेंट के रूप में काम करने के बाद उन्होंने अक्टूबर 2024 में कॉलेज मेंटर को लॉन्च किया। इसका मकसद था कि किसी भी छात्र को जानकारी के अभाव में अपना सपना न छोड़ना पड़े। राजा शेखर ने इस स्टार्टअप की नींव अपने एक दोस्त के. वमसी प्रसाद (पूर्व गूगल प्रोफेशनल) के साथ रखी। इस स्टार्टअप की सबसे बड़ी खासियत इसका 360-डिग्री पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप मॉडल है। इसमें हर छात्र को छह स्पेशल मेंटर मिलते हैं। इनमें स्टूडेंट मेंटर (सीनियर की तरह गाइड), करियर मेंटर (इंडस्ट्री एक्सपर्ट), हेल्थ मेंटर (मानसिक तनाव दूर करने के लिए), एडमिशन मेंटर (फॉर्म भरने और कॉलेज चुनने के लिए), स्कॉलरशिप मेंटर और लोन मेंटर शामिल हैं।



# रोशनी यहां है- 250 रुपये की फीस से 966 करोड़ का सफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी एक ऐसे युवक की है, जो खेतों की मिट्टी में पलकर बड़ा हुआ। घर की हालत इतनी खस्ताहाल थी कि पढ़ाई विलासिता जैसी चीज लगती थी। सुबह-सुबह बाकी बच्चे नींद में खोए रहते, लेकिन वह साइकिल पर दूध के डिब्बे लेकर गांव-गांव घूमता। उससे हुई थोड़ी-सी कमाई उसकी पढ़ाई, किताबों, किराये, और रोजमर्रा की जरूरतों का सहारा बनती। दिन बीतते गए, हालात कई बार बद से बदतर हुए, लेकिन उस लड़के का हौसला डगमगाया नहीं। चुनौतियों से लड़ते हुए उसने डेयरी टेक्नोलॉजी में डिग्री हासिल की और एक डेयरी केमिस्ट के रूप में कॅरिअर की शुरुआत की। इसी ऊहापोह की स्थिति में कुछ समय बाद उसने नौकरी छोड़ दी। उस लड़के ने अलग-अलग जगहों पर जाकर काम किया और डेयरी उद्योग को गहराई से समझा। कुछ वक्त बाद उसने अपने दम पर एक छोटा-सा चिलिंग प्लांट शुरू किया। पूंजी कम थी, लेकिन उसकी ईमानदारी, मेहनत और लगन देखकर धीरे-धीरे किसान उस पर भरोसा करने लगे। यही भरोसे की बुनियाद धीरे-धीरे रेड काउ डेयरी नाम से विशाल पहचान बन गई, जिसमें न सिर्फ हजारों लोगों को रोजगार मिलता है, बल्कि यह लाखों किसानों की आमदनी का सशक्त आधार भी है। इस प्रेरक सफर का नाम है नारायण मजूमदार, जिन्होंने साबित किया कि अगर हौसला सच्चा हो, तो साधन अपने आप रास्ता बनाते हैं।



# हिजला मेले की तैयारी को ले प्रशासन ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** मयुराक्षी नदी के तट पर लगने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का आनंद लेने के लिए अब लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा। जिला प्रशासन ने इसकी तिथि तय कर दी है। प्रशासनिक बैठक के बाद तय हुआ कि मेला 20 फरवरी होकर 27 तक चलेगा।

मेले सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने समाहरणालय सभागार में आयोजन से जुड़े सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि मेला सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

कृषि विभाग को प्रदर्शनी को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी उन्नत एवं आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित होगी, जिससे किसानों को नई कृषि पद्धतियों की जानकारी मिल सके। प्रदर्शनी में विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी की खेती को भी शामिल किया जाएगा, ताकि किसानों को वैकल्पिक एवं लाभकारी खेती के प्रति प्रेरित किया जा सके।

मेला परिसर में स्टॉल एवं पंडाल निर्माण कार्य को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर लें। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी तैयारी पूरी करें।

जिला खेल पदाधिकारी से कहा कि मेला में होने वाली खेल-कूद प्रतियोगिताओं का विस्तृत कैलेंडर तैयार करें।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कला दलों के चयन किया जाए। गठित विभिन्न समितियों को अपने-अपने दायित्वों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेला परिसर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य को समय पर पूर्ण करने को कहा।

उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान लगातार साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि परिसर स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर बना रहे। इसके लिए पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर कचरा निष्पादन की नियमित व्यवस्था की जाए।

आने वालों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था, मेला परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। कहा कि मेला परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाए। सभी विभागों को निर्देश दिया कि मेला से संबंधित सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में दो लोगों की गयी जानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पांकी मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो परिवारों के चिराग बुझ गए। पीपरा कोनवाई के समीप हुई इस आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई, जबकि स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद से मृतकों के गांव नुरू में मातम पसरा हुआ है।

मृतकों की पहचान नुरू निवासी भरत साव (28 वर्ष) और ब्यास यादव (26 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त किसी निजी काम से बाजार गए थे। काम निपटाकर देर रात जब वे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीपरा कोनवाई के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और उनकी बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर जा गिरे।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाई गई और घायलों को तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) ले जाया गया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद भरत और ब्यास को मृत घोषित कर दिया।

स्कॉर्पियो चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। जैसे ही मौत की खबर मृतकों के गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

पांकी थाना प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

हादसे के कारणों की जांच की जा रही है कि आखिर रात के अंधेरे में यह चूक कैसे हुई। सोमवार को शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पांकी मुख्य मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात के समय तेज हेडलाइट्स की चकाचौंध और अनियंत्रित रफ्तार अक्सर ऐसी जानलेवा भिड़ंत का कारण बनती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में मासूम जिंदगियों को बचाया जा सके।

## चार पुलिसकर्मियों पर वारंट

**गयाजी।** हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में यात्री से हुई सोना लूट की सनसनीखेज घटना में रेल पुलिस के ही जवानों की संलिप्तता सामने आने के बाद अब कार्रवाई तेज हो गई है। गया रेल थाना क्षेत्र से जुड़े इस हाईप्रोफाइल कांड में फरार चल रहे चार सिपाहियों और दो सिविलियनों के खिलाफ रेल न्यायालय ने सोमवार को गिरफ्तारी वारंट निर्गत कर दिया है।

मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रेल न्यायालय से वारंट प्राप्त कर लिया है और अब आरोपितों की तलाश तेज कर दी गई है। रेल न्यायालय से जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी हुआ है, उनमें गया रेल थाना के सिपाही करण कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, रंजय कुमार और आनंद मोहन शामिल हैं। इनके अलावा दो सिविलियन परवेज आलम और रेल थाना के पूर्व चालक सीताराम उर्फ अमन शर्मा भी नामजद हैं। एसआईटी के अनुसार, यदि आरोपितों ने शीघ्र गिरफ्तारी नहीं दी या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं किया तो अगली प्रक्रिया के तहत उनके खिलाफ इश्तिहार जारी किया जाएगा और उसके बाद कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी।

# डीडीसी ने किया सूर्यकुण्ड मेला की तैयारियों का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंडधाम में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी से लगने वाले सूर्यकुंड मेला को लेकर उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त के साथ असिस्टेंट कलेक्टर, एसडीएम जोहन टुडू, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी सहित बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश देते हुए बिजली विभाग के जेई को 440 वोल्ट के नंगे तार को हटाकर कवरयुक्त तार से जीरो कट विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

इसके साथ ही मेला आयोजकों को पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर तैनात करने तथा सभी वॉलिंटियरों को परिचय पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के मौके पर मुखिया ललिता देवी, आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, मेला कमेटी के विजय नायक, अमित पांडेय, विकास पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, परमेश्वर साहू, सुरेंद्र साव, राजकुमार यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चोरों ने काटा रेलवे का ओवरहेड तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** सिरका-अरगडा मुख्य मार्ग के वीटीसी के समीप रेलवे की ओवरहेड 25 हजार वोल्ट का विद्युत प्रवाहित तार नीचे लटकने से सोमवार सुबह यातायात बाधित हो गया।

घटना सुबह करीब 8 बजे की है। मुख्य मार्ग के बीचो बीच हाई टेंशन तार नीचे लटक गया। इससे यातायात घंटों ठप हो गया। लोगों ने इसकी जानकारी रेलवे को दी।

सिरका ईएंडएम विभाग ने रेलवे के उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्युत प्रवाहित तार की लाइन काटी गई।

बताया गया कि तार झुकने के कारण किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी थी। हालांकि राहगिरों एवं ईएंडएम विभाग की सजगता और समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया।

सिरका-अरगडा मुख्य मार्ग में रेलवे क्रासिंग के समीप करीब दर्जनों वाहन तथा स्कूल बसें दोनों ओर फंस गईं। ये बसें सिरका कालोनी से बच्चों को लेकर विद्यालय जाने के लिए निकली थीं।

डीएवी बरकाकाना विद्यालय में 12वीं कक्षा के छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा होने के कारण कई अभिभावकों को अपने बच्चों को बाइक से विद्यालय पहुंचाना पड़ा। अन्य विद्यालय के छात्रों और आम लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी।

सूत्रों के अनुसार सिरका सीएचपी के करीब वर्ष 2014-15 में बंद होने के बाद से इस रेलवे ट्रैक का उपयोग नहीं हो रहा है। लेकिन इसके ऊपर से गुजर रही 25 हजार वोल्ट की ओवरहेड तार में लगातार विद्युत प्रवाहित रहती है।

तार लटकने की सूचना के बाद रेलवे की टीम ने जांच के दौरान पाया कि रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दो स्थानों नोनियाहीटाड़ और सिरका बुधबाजार जाने वाले स्थल पर इंसुलेटर के पास से 10 से 12 स्पैन (करीब 600 मीटी) तार काट ले गए थे।

## कार-बाइक की जोरदार टक्कर में चार घायल

**बरही, हजारीबाग।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलोतीय मोड़ के समीप शुक्रवार को कार और बाइक की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। घायलों की पहचान नरेश केशरी (उम्र लगभग 50 वर्ष), पिता स्व. जगदीश साव, निवासी बरसोत तथा दिलीप कुमार (उम्र लगभग 45 वर्ष), पिता गंदौरी प्रसाद भगत, निवासी करियातपुर के रूप में हुई है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद कार सवार मौके से भागने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बरही बायपास स्थित टाटा मोटर्स के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार सवार मेराज साह , पिता मो. सईद, एवं सुहानी बानो , पत्नी मेराज साह, घायल हो गए।सभी घायलों को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल नरेश केशरी और दिलीप कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेने की जरूरत : रौशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के पतरातू में स्वामी विवेकानंद की मनाई गई जयंती। मौके पर स्थानीय विधायक रौशन लाल ने कहा आज के दिन युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

स्वामी विवेकानंद स्मारक समिति सह एकल अभियान के तत्वाधान में आज स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती रामगढ़ के पीटीपीएस पतरातु में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने युवाओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पतरातु में स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धापूर्वक और उत्साह के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक रोशन लाल चौधरी ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत हैं। उन्होंने कहा, ?स्वामी जी का मानना था कि युवा शक्ति ही राष्ट्र के निर्माण का मुख्य आधार है। आज के युवाओं को उनके 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के संदेश को अपने जीवन में उतारना चाहिए।?विधायक ने पतरातु क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनके आदर्शों पर चलने का और संकल्प लेने का दिन है।

## पुल के नीचे गिरा हाइवा

**चतरा।** जिले के चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। चतरा से हजारीबाग की ओर जा रहा एक हाइवा वाहन सदर प्रखंड के रमटुंडा पुल के पास अनियंत्रित होकर सीधे पुल के नीचे जा गिरा। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटना में हाइवा के परखच्चे उड़ गए। वाहन की केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें चालक बुरी तरह फंस गया। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और यातायात भी प्रभावित हुआ।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोलियां, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिले में अपराध की एक और गंभीर घटना सामने आई है। जमुईझसिकंदरा मुख्य मार्ग पर अगहरा और बरुअट्टा के बीच अज्ञात अपराधियों ने बाजार से घर लौट रहे एक व्यक्ति की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और तनाव का माहौल बन गया।

मृतक की पहचान सिकंदरा थाना क्षेत्र के गौहर नगर निवासी अशोक यादव उर्फ आशो यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अशोक यादव अपनी मोटरसाइकिल से बाजार से लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। चार गोलियां लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम, एसडीपीओ सतीश सुमन और टाउन थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और घटनास्थल को सुरक्षित किया।

प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे जमीनी विवाद की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व इसी विवाद के कारण अशोक यादव के पुत्र की भी हत्या हो चुकी है, जिससे पुराने रंजिश की आशंका और गहरी हो गई है।

परिजनों के अनुसार, अशोक यादव ने बीते 5 जनवरी को सिकंदरा थाना में अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई थी और आवेदन दिया था। इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस को घटनास्थल से कई खोखे बरामद हुए हैं, जिससे स्पष्ट है कि अपराधी आधुनिक हथियारों से लैस थे। एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# पंच तत्व में विलीन हुए 1971 के नायक

**लौह नगरी का जर्रा-जर्रा हुआ नतमस्तक ▢सैनिक सम्मान के साथ नम आंखों से दी विदाई**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** नभ के जिस प्रहरी ने 1971 के रणक्षेत्र में शत्रुओं के हौसले पस्त किए थे, वह लौह विहंग का सवार आज स्वयं अनंत की महायात्रा पर प्रस्थान कर गया।

जब फिजाओं में मातमी धुन गूंजी और राष्ट्रध्वज में लिपटा एयर कमोडोर भूपेंद्र सिंह मारवा का पार्थिव शरीर बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट पहुंचा, तो मानो लौहनगरी का जर्रा-जर्रा इस महानायक के सम्मान में नतमस्तक हो गया। सोमवार को सैनिक सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए इस योद्धा की विदाई ने हर आंख को नम कर दिया।

सोमवार की भोर टाटा मुख्य अस्पताल से उनकी मर्त्य देह उनके आवास पर लाई गई। यहां स्टेशन हेडक्वार्टर की ओर से स्टेशन कमांडर और डिफेंस वेटरन की ओर से मेजर जनरल पीपी सबरवाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर आदरांजलि दी। परिजनों और सैन्य अधिकारियों ने जब अपने कंधों पर इस युद्धवीर को उठाकर सेना के वाहन में रखा, तो माहौल गमगीन हो उठा।

बिष्टुपुर गुरुद्वारा में अरदास के उपरांत, पुलिस पीसीआर की अगुवाई में यह अंतिम यात्रा पार्वती घाट पहुंची। श्मशान घाट पर दृश्य अत्यंत मर्मांतक था। भारतीय वायु सेना के प्रतिनिधि फ्लाइट लेफ्टिनेंट दीपक और फ्लाइंग ऑफिसर पारुल ने चीफ ऑफ एयर स्टाफ और एयर ऑफिसर कमांडिंग (पूर्वी कमान) की ओर से पुष्पचक्र चढ़ाकर वीरगति को प्राप्त योद्धा को नमन किया।

अंतिम सम्मान के रूप में जब वायु सेना के अधिकारियों ने उनकी धर्मपत्नी को ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज सौंपा, तो उपस्थित जनसमूह का कंठ अवरुद्ध हो गया। पुत्र पवन मारवा ने सिख मर्यादा और परिजनों की उपस्थिति में मुखाग्नि दी और इसी के साथ एक दैदीप्यमान नक्षत्र सदा के लिए अस्त हो गया। इस अंतिम विदा की बेला में मेजर जनरल पीपी सबरवाल, ब्रिगेडियर रणविजय सिंह, ब्रिगेडियर पीके झा, कर्नल रजनीश शर्मा, कर्नल एस अय्यर, कर्नल सी नाथ, डॉ. कर्नल बासु, कमांडर रमन, सूबेदार फते बहादुर सहित अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी व शहरवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने अश्रुपूरित नेत्रों से राष्ट्र के सजग प्रहरी को विदा किया।

# एनीमिया पीड़ित बच्चे के इलाज व पढ़ाई की व्यवस्था की उपायुक्त ने ली जिम्मेवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का एक प्रेरक उदाहरण सामने आया है। जिले की उपायुक्त कंचन सिंह बानो प्रखंड स्थित सुदूरवर्ती पर्यटन स्थल डाडिंग पहुंची थी। वहां उन्होंने एक बच्चे को बहुत उत्सुकता के साथ अपना इंतजार करते देखा। बच्चे से बातचीत के दौरान पता चला कि वह स्कूल नहीं जा पाता है क्योंकि उसे सिकल सेल एनीमिया नामक बीमारी से पीड़ित है और माता-पिता को उसपर हमेशा नजर रखनी पड़ती है। बच्चे की तीव्र बुद्धि ने जहां उपायुक्त को प्रभावित किया,वहीं उसकी पीड़ा के बारे में जानकर वह भावुक भी हुईं। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह अपनी निगरानी में बच्चे का इलाज कराएं और बच्चे के घर में ही पढ़ाई की व्यवस्था करते हुए उसके लिए किताबें उपलब्ध कराएं। उपायुक्त के वाहन के बोनट पर चढ़कर बच्चा बहुत खुश नजर आया।

उपयुक्त कंचन सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इसलिए बच्चों के प्रति उनका विशेष आग्रह है। उन्होंने कहा कि इस बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी जारी किया है ताकि इस तरह के बच्चों की समस्या की जानकारी उन्हें दी जाए और वह उनके लिए कुछ बेहतर कर सकें।

## झुंड से बिछड़ा हाथी दिखा जोराकाठ-मांडू वन क्षेत्र की सीमा पर

बड़कागांव हजारीबाग। हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक इकलौता हाथी रविवार शाम करीब 7 बजे बड़कागांव प्रखंड के गाली गांव में घुस आया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए हाथी को सुरक्षित तरीके से गांव से बाहर निकालकर जंगल की ओर भेज दिया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दही-चूड़ा सहभोज आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** भारतीय सेवा दल ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वार्षिक बैठक एवं दही-चूड़ा सहभोज का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सेवा दल के केंद्रीय अध्यक्ष विभांशु मिश्र रौशन, केंद्रीय प्रभारी सचिव सह कोषाध्यक्ष नंदिता सिंह, केंद्रीय संयोजक राजू सिंह, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य शिवम पांडेय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह,पूनम गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वेता गुप्ता, महिला पतंजलि योग समिति की जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि रामानुज पाण्डेय ने कहा की स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व को सनातन धर्म के उदारता एवं विशालता से परिचय कराया सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने भारतीय सेवा दल के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की कहा कि संस्था विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित कर रही है। उन्होंने भारतीय सेवा दल के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी प्रशंसा की। भारतीय सेवा दल के केंद्रीय अध्यक्ष विभांशु मिश्र रौशन ने कहा की युवाओं को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में धर्म व देश के लिए जो कार्य किया वह अतुलनीय है।

केंद्रीय कोषाध्यक्ष नंदिता सिंह ने कहा की स्वामी विवेकानंद ऐसे महापुरुष थे जिनके कारण भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र का सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ा। राष्ट्र एवं धर्म के लिए उनका बड़ा योगदान रहा है। राकेश कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए रीता कुमारी, आनंद मिश्र मनीष को जिला अध्यक्ष, सोनम सिंह को जिला सचिव एवं कुंदन कुमार वर्मा को औरंगाबाद, राजकुमार गुप्ता को रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष नामित किया गया। तथा कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सदस्य सुमन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा संचालित मुफ्त शिक्षा शिविर के बच्चे भी उपस्थित रहें। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री सह भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह, औरंगाबाद सेवा शिविर के रामप्रकाश सिंह, पूर्व उपप्रमुख देव मनीष पाठक, अधिवक्ता व साहित्यकार प्रभात बंधुल्या, राजद महिला जिलाध्यक्ष सुमन सिंह, जेडीयू तकनीकी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शशिकांत,भारतीय सेवा दल सदस्य अमित कुमार लड्डू, अंशु राज सिंह, आकृति, सुजाता गुप्ता, मनीषा गुप्ता सहित संस्था के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहें।

## दरभंगा राज की अंतिम महारानी का निधन

**दरभंगा।** दरभंगा के राज परिवार की अंतिम महारानी कामसुंदरी देवी का निधन हो गया। वे लगभग 96 वर्ष की थीं और कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। महारानी कामसुंदरी देवी, महाराजा कामेश्वर सिंह की तीसरी और अंतिम पत्नी थीं। महाराजा कामेश्वर सिंह से उनकी शादी 1940 के दशक में हुई थी। महारानी कामसुंदरी देवी से पहले महाराजा की दो पत्नियां थीं, महारानी राजलक्ष्मी और महारानी कामेश्वरी प्रिया, जिनका निधन पहले ही हो चुका है।

कामसुंदरी देवी ने महाराजा कामेश्वर सिंह की स्मृति में महाराजाधिराज कामेश्वर सिंह कल्याणी फाउंडेशन की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में योगदान दिया। उनका निधन राज परिसर स्थित कल्याणी निवास में हुआ। अंतिम महारानी के निधन पर युवराज कपिलेश्वर सिंह ने दुख व्यक्त किया और कहा, हमने अपनी दादी को खो दिया है। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थीं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीरामकथा शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** नगर के कुशवाहा टोला में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर करीब 1100 महिलाएं और कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा कथा पंडाल से प्रारंभ होकर नगर के पम्पिया पोखर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं व कन्याओं ने कलश में जल भरा।

इसके बाद कलश यात्रा कुशवाहा टोला, नया टोला, लबदा, सब्जी मंडी, स्टेशन चौक होते हुए पतना चौक से कथा पंडाल लौटी। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा में कथावाचक सुभाष शास्त्री जी महाराज सहित निवर्तमान नपं अध्यक्ष श्यामल दास, समाजसेवी सुमन कुमार, शक्तिनाथ अमन समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

शाम करीब चार बजे से श्रीराम कथा का विधिवत आरंभ हुआ। कथावाचक सुभाष शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीगणेश की वंदना के साथ कथा वाचन शुरू किया। उन्होंने रामचरितमानस से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम जितने सरल और सहज हैं, उतनी ही सरल श्रीराम कथा है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और मन पवित्र होता है। मौके पर आयोजन समिति के कई सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शिक्षिका की मौत

**भागलपुर।** औद्योगिक थानाक्षेत्र के ज्योति बिहार कॉलोनी की रहने वाली 38 वर्षीय शिक्षिका लक्ष्मी अग्रवाल को सोमवार की सुबह तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका गंभीर रूप से जख्मी हुई हैं। उन्हें आनन-फानन में जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक बताई है। हादसा तब हुआ जब वह अपने आवास से स्कूल के लिए निकली थी।

जैसे ही वह विशनपुर जिच्छो टोल प्लाजा के समीप पहुंची कि बालू लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक से शिक्षिका कुछ दूर जा गिरी। उनके शरीर के कई हिस्से में गहरी चोटें आई है।

# फाइनल हारने के बाद इस स्टार फुटबॉलर ने खोया आपा...

## मैदान पर की ऐसी हरकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेनिश सुपर कप 2026 का फाइनल 11 जनवरी ( रविवार ) को बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच खेला गया. जेद्दा के किंग अब्दुला स्पोर्ट्स सिटी में हुए फाइनल में बार्सिला ने रियल मैड्रिड को 3-2 से हराकर खिताब पर जमाया. इस मैच खत्म होने के बाद मैदान पर जो दृश्य दिखाई दिया, उसने खेल भावना पर सवाल खड़े कर दिए. इसके केंद्र में रियम मैड्रिड और फ्रांस के स्टार फुटबॉल कीलियन एम्बाप्पे रहे.



मैच समाप्त होने के बाद बार्सिलोना के खिलाड़ी जब मेडल लेने के लिए जा रहे थे, तो बार्सिलोना के खिलाफ लाइन में खड़े होकर रियल मैड्रिड टीम के लिए तालियां बजा रहे थे. लेकिन इसी दौरान कीलियन एमबाप्पे अपने टीममेट्स को संकेत देते हैं कि वो लाइन से हट जाएं और बार्सिलोना के खिलाड़ियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर ना दें. वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया, और कई फैन्स ने एमबाप्पे पर खेल भावना न दिखाने का आरोप लगाया. रियल मैड्रिड के लिए यह बार्सिलोना के खिलाफ लगातार तीसरी फाइनल हार थी. कीलियन एम्बाप्पे की बॉडी लैंग्वेज में स्पष्ट तौर पर निराशा नजर आई. मैदान पर भी उनका दिन अच्छा नहीं गया. घुटने की चोट की वजह से वह फाइनल खेलने की उम्मीद नहीं थे. लेकिन वह सऊदी अरब यात्रा कर गए और दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे

## बार्सिलोना ने जीता खिताब

# रोमांचक फाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड को दी मात

**जेद्दा, एजेंसी।** बार्सिलोना ने स्पेनिश सुपर कप का खिताब जीत लिया है। किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में खेले गए एक रोमांचक फाइनल मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना के लिए राफिन्हा ने दो गोल किए। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने अपना 16वां स्पेनिश सुपर कप खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत दोनों टीमों के बीच बराबरी के संघर्ष से हुई, लेकिन जैसे-जैसे पहला हाफ आगे बढ़ा, बार्सिलोना ने खेल पर अपनी पकड़ मजबूत की। 36वें मिनट में



राफिन्हा ने बॉक्स में शानदार मूव बनाते हुए दूर कोने में नीचा शॉट लगाकर बार्सिलोना को बढ़त दिला दी। रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में विनीसियस जूनियर ने हाफवे लाइन के पास गेंद हासिल की, वे तेजी से आगे बढ़े और दो डिफेंडरों को छकाते हुए एक बेहतरीन सोलो रन के बाद गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।पहले हाफ का रोमांच यहीं नहीं रुका। दो मिनट बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को पेनल्टी एरिया में जगह मिली और उन्होंने शानदार चिप के जरिए बार्सिलोना को फिर से बढ़त दिला दी, लेकिन इंटरवल से ठीक पहले रियल मैड्रिड ने एक बार फिर बराबरी हासिल कर ली।



# डब्ल्यूपीएल 2026 में पहली हैट्रिक

## आखिरी ओवर में 24 साल की बॉलर ने झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग 2026 के चौथे मैच में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स की टीमों का आमना-सामना नवी मुंबई के ष्ठङ्घ पाटिल स्टेडियम में हुआ. इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की एक गेंदबाजी और से ऐतिहासिक ओवर देखने को मिली. इस खिलाड़ी ने सीजन की पहली हैट्रिक अपने नाम की. हैट्रिक के साथ-साथ इस गेंदबाज ने ओवर में 4 विकेट लेने का कारनामा भी किया.

### हैट्रिक लेने पर क्या बोंली नंदिनी शर्मा?

नंदिनी शर्मा ने हैट्रिक लेने के बाद कहा, 'मेरा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर गेंदबाजी करने पर था. शेफाली और जेमिमा हर गेंद से पहले मुझसे बात कर रही थीं, और योजना सीधी-सादी थी, स्टंप्स पर आक्रमण करना.
मुझे हैट्रिक की उम्मीद नहीं थी, लेकिन टीम लगातार कह रही थी कि विकेट जरूर मिलेंगे.

## 24 साल की बॉलर ने ली हैट्रिक

इस मुकाबले में दिल्ली की युवा तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने हैट्रिक हासिल की. 24 साल की चंडीगढ़ की अनकैप्ड मीडियम पेसर नंदिनी ने सिर्फ चार ओवर में 5 विकेट चटकाए और 33 रन ही खर्च किए. इस दौरान उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में कमाल कर दिया. उन्होंने इस ओवर में कुल चार विकेट लिए, जिसमें आखिरी तीन गेंदों पर हैट्रिक पूरी की. नंदिनी शर्मा ने कनिका अहूजा, राजेश्वरी गायकवाड़ और रेणुका सिंह को आउट करके अपनी हैट्रिक पूरी की. इससे पहले उन्होंने एश्ले गार्डनर और कशवी गौतम को भी अपना शिकार बनाया.
इसी के साथ नंदिनी शर्मा महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में हैट्रिक लेनी वाली चौथी गेंदबाज बन गई.

## डब्ल्यूपीएल

# सोफी डिवाइन ने रचा इतिहास, एक ही ओवर में 4 4 6 6 6 6 बनाए 32 रन



**नवी मुंबई, एजेंसी।** गुजरात जायंट्स की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने विमेंस प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल ) 2026 में रविवार को एक ही ओवर में 6 बाउंड्री लगाई। डिवाइन ने यह कारनामा डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ किया। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गुजरात जायंट्स को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सलामी जोड़ी के रूप में बेथ मूनी और सोफी डिवाइन ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई। गुजरात जायंट्स की टीम 5 ओवरों तक बगैर कोई विकेट गंवाए 48 रन बना लिए थे। पारी का छठा ओवर स्नेह राणा के हाथों में था। उनकी पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने डीप स्क्वायर लेग की दिशा में चौका लगाकर टीम के 50 रन पूरे किए। इसके बाद अगली गेंद पर डिवाइन ने चौका लगाया और फिर ओवर की तीसरी गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का लगा दिया। चौथी गेंद पर डिवाइन ने डीप मिड विकेट की दिशा में छक्का लगाकर महज 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। अगली दो गेंदों पर उन्होंने डीप मिड विकेट और डीप स्क्वायर लेग की दिशा में छक्के लगाए। स्नेह राणा के इस ओवर में गुजरात जायंट्स ने कुल 32 रन बनाकर स्कोर को 80 रन तक पहुंचा दिया। यह विमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास का सबसे महंगा ओवर रहा। दीप्ति शर्मा ने साल 2025 में यूपी वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ एक ही ओवर में 28 रन लुटाए थे।

# रोहित शर्मा ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा

## वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले ओपनर बने

**वडोदरा, एजेंसी।** भारत के करिश्माई बल्लेबाज रोहित शर्मा ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे मैच में हासिल की। रोहित ने 301 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान शुभमन गिल के साथ पारी की शुरुआत की। धीमी शुरुआत के बाद 38 वर्षीय खिलाड़ी ने छठे ओवर में बेन फॉक्स के खिलाफ पहला छक्का लगाया। पूर्व कप्तान ने अगले ओवर में भी अपनी लय जारी रखी और काइल जैमीसन की बैक-ऑफ-ए-लेंथ गेंद को स्टैंड्स में भेज दिया। इसके साथ ही रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 650 छक्के भी पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोहित अपनी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए और 9वें ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 29 गेंदों में 26 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। रोहित ने अब वनडे में ओपनर के तौर पर 329 छक्के लगाए हैं जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के महान क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 328 छक्के हैं। भारतीय स्टार ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका सीरीज के दौरान वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्कों का शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया था। रोहित पिछले साल भी शानदार फॉर्म में थे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने 14 वनडे पारियों में उतने ही मैचों में 650 रन बनाए, जिसमें एक बार नॉट आउट रहे। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 नॉट आउट था। वह फिलहाल ICC रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज हैं।



# दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने बाबर आजम को किया प्रपोज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक तस्वीर ने जबरदस्त हलचल मचा रखी है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज क्रिकेटर एलिस पेरी ने पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म को सबके सामने प्रपोज़ किया। तस्वीर देखते ही देखते वायरल हो गई और खासकर पाकिस्तानी फैंस के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लेकिन इंटरनेट पर वायरल हर चीज़ सच नहीं होती। सवाल यही है क्या यह तस्वीर असली है या फिर एक और डिजिटल भ्रम?
वायरल फोटो में क्या दिखाया गया?
तेज़ी से फैल रही तस्वीर में एलिस पेरी को घुटनों के बल बैठा दिखाया गया है, उनके हाथ में अंगूठी है और सामने खड़े बाबर आज़म मुस्कुराते हुए उन्हें देख रहे हैं। बैकग्राउंड में लाइव दर्शकों की भीड़ दिखाई देती है, जिससे यह आभास होता है कि यह कोई सार्वजनिक इवेंट है। इस तस्वीर को पोस्ट किए जाने के कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज और शेयर मिल गए, और फैंस दोनों खिलाड़ियों के बीच कथित रिश्ते को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे।
**फैंस क्यों हो गए थे इतने उत्साहित?**- एलिस पेरी और बाबर आजम दोनों ही अपने-अपने देश के सबसे लोकप्रिय और सम्मानित क्रिकेटर्स हैं। दोनों की फैन फॉलोइंग दुनिया भर में फैली हुई है।

# सुंदर-कृष्णा बाहर, इन दो खिलाड़ियों की एंट्री

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए भारत की संभावित प्लेइंग 11



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वडोदरा में न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 4 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली और अब दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे मैच बुधवार को राजकोट में खेला जाएगा। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोटिल होकर वनडे सीरीज से बाहर हो चुके हैं और ये टीम इंडिया के लिए बड़ी परेशानी है। सुंदर के बाहर होने के बाद राजकोट में भारतीय प्लेइंग इलेवन के चयन पर टीम मैनेजमेंट को काफी माथापच्ची करनी होगी। राजकोट की पिच को बल्लेबाजों का स्वर्ग माना जाता है और यहां पर खूब रन बनते हैं। यहां तेज गेंदबाजों को शुरुआत में थोड़ी मदद मिल सकती है, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है यह पूरी तरह बल्लेबाजों के अनुकूल हो जाती है। इसके अलावा मैच के दूसरे हाफ में स्पिनरों को थोड़ी ग्रिप और टर्न मिल सकती है, लेकिन सपाट पिच पर उन्हें भी अपनी लाइन-लेंथ को काफी सटीक रखना होगा। राजकोट की परिस्थिति को देखते हुए भारतीय टीम दूसरे वनडे के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव कर सकती है। सुंदर की जगह टीम में नितीश रेड्डी को जगह दी जा सकती है जो निचले क्रम पर बैटिंग कर सकते हैं साथ ही साथ वो तेज गेंदबाजी विकल्प भी उपलब्ध करवाते हैं। टीम में दूसरा बदलाव प्रसिद्ध कृष्णा के रूप में किया जा सकता है जो पहले मैच में ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहे थे। खासतौर पर कृष्णा डेथ ओवर्स में खूब पिटे थे जिसकी वजह से न्यूजीलैंड का का स्कोर 300 तक पहुंच गया था।

# Chess: वेस्ली सो ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज़ ओपन का खिताब जीता, निहाल सरीन रहे उपविजेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओपन वर्ग में वेस्ली सो ने 12 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया जबकि सरीन के नाम 11 अंक रहे। भारत के ही अर्जुन एरिगेसी 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वेस्ली सो ने भारत के विदित गुजराती को हराया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दौर का खेल शेष रहते टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज ओपन का ओपन वर्ग का खिताब जीत लिया जबकि रविवार को यहां भारत के निहाल सरीन उप विजेता रहे। महिला वर्ग में अमेरिका की कारिसा यिप ने रोमांचक प्ले ऑफ में खिताब जीता। भारत की वंतिका अग्रवाल उप विजेता रहीं। ओपन वर्ग में वेस्ली सो ने 12 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया जबकि सरीन के नाम 11 अंक रहे। भारत के ही अर्जुन एरिगेसी 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वेस्ली सो ने भारत के विदित गुजराती को हराया। वेई यी ने भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को शिकस्त दी जो आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानंद ने हेन्स नीमैन को हराया। सरीन ने भी अहम मुकाबले में आनंद को हराया जबकि वेस्ली सो ने वेई यी को बराबरी पर रोका।



# मैनेजमेंट मुझे ऑलराउंडर बनाना चाहता है

**वडोदरा, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए पहले वनडे मैच को 4 विकेट से जीता। भारत की जीत में हर्षित राणा ने गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद हर्षित राणा ने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने को कहा है ताकि जरूरत पर कुछ रन बना सकें। हर्षित राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारतीय टीम मैनेजमेंट उन्हें वनडे में एक भरोसेमंद ऑलराउंडर के रूप में तैयार कर रहा है। गेंद से विकेट निकालने के साथ ही निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए रन बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। रोल की स्पष्टता और सीनियर खिलाड़ियों के भरोसे ने उनके आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया है। जब उन्हें बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, तो टीम के साथियों से मिला भरोसा उनके लिए सबसे बड़ा सहारा साबित हुआ। राणा ने कहा, 'टीम मैनेजमेंट मुझे एक ऑलराउंडर के तौर पर तैयार करना चाहता है, और मेरा काम है कि मैं लगातार उस पर मेहनत करता रहूं। मैं नेट्स में बल्लेबाजी पर भी काफी काम कर रहा हूं। टीम की योजना मुझे नंबर आठ के आसपास बल्लेबाजी कराने की है।'



न्यूजीलैंड के दिए 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 77 रन की मजबूत साझेदारी की बदौलत मजबूत दिख रही थी, लेकिन विराट, जडेजा और अय्यर का विकेट जल्दी गिरने के बाद भारत पर दबाव आया। जडेजा के आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर के होने के बावजूद हर्षित राणा को नंबर सात पर भेजा गया।

# बेटे ने तोड़े पिता के ही 3 रिकॉर्ड

## साथ में बैटिंग कर मचाया तहलका, क्रिकेट इतिहास में पहली बार...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं जैसा बाप, वैसा बेटा. लेकिन, तब क्या हो जब बेटा अपने पिता से भी आगे निकल जाए? वो पल एक पिता के लिए गर्व का होता है. कुछ वैसे ही गर्व का एहसास अपने बेटे हसन ईसाखिल के साथ बल्लेबाजी कर मोहम्मद नबी को भी हुआ होगा. अफगानिस्तान के इस बाप-बेटे की जोड़ी ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में 11 जनवरी को नोआखाली एक्सप्रेस और ढाका कैपिटल्स के बीच खेले मुकाबले में साथ में बैटिंग की. बाप-बेटे के साथ में बैटिंग करने की क्रिकेट इतिहास में घटी ये पहली घटना रही है. लेकिन, उससे भी मजेदार रहा ये देखना कि बेटे ने पिता के बनाए रिकॉर्ड ही तोड़ डाले.

**धड़ाधड़ गिरे विकेट तो बेटे ने बाप के साथ संभाली पारी-** मोहम्मद नबी और उनके बेटे हसन ईसाखिल BPL में नोअखिल एक्सप्रेस टीम का हिस्सा है. ढाका कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नोआखाली एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी की. ओपनिंग पर हसन इसाखिल उतरे, जिन्होंने सौम्य सरकार के साथ मिलकर ओपनिंग विकेट के लिए 9.2 ओवर में 101 रन जोड़े. सौम्य सरकार 48 रन बनाकर आउट हुए. उनके बाद दो और बल्लेबाज शहादत हुसैन औक हबीबुर भी जल्दी ही निपट गए. ऐसे में एक छोर संभाले खड़े हसन इसाखिल को साथ मिला अपने पिता मोहम्मद नबी का.



**बाप-बेटे ने की रिकॉर्डतोड़ बैटिंग, पहली बार हुआ ऐसा-** बाप-बेटे के साथ में बैटिंग करने वाला वो पल ऐतिहासिक था. साथ में रिकॉर्डतोड़ भी. नबी ने अपने बेटे हसन के साथ मिलकर 53 रन की पार्टनरशिप की, जो कि टी20 में चौथे विकेट के लिए नोआखाली एक्सप्रेस की तरफ से हुई अब तक सबसे बड़ी साझेदारी का नया रिकॉर्ड रहा. इससे पहले चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी नोआखाली एक्सप्रेस की ओर से 32 रन की हुई थी.

## बेटे हसन ने तोड़े कई रिकॉर्ड, 3 पिता नबी से जुड़े रहे

ये तो वो रिकॉर्ड रहा, जो बाप-बेटे ने साथ मिलकर बनाया. अब जरा उन रिकॉर्डों पर भी गौर कर लें, जो बेटे ने अकेले तोड़े हैं और जिसमें से कुछ पिता के भी रहे हैं. ओपनिंग पर उतरे हसन ईसाखिल ने 60 गेंदों का सामना कर 92 रन बनाए, जिसमें 5 छक्के और 7 चौके शामिल रहे. ये टी20 में नोआखाली एक्सप्रेस के किसी भी बल्लेबाज के बल्ले से निकली सबसे बड़ी पारी है. इस मामले में नबी के बेटे ने महीदुल इस्लाम अनकोन के 61 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा है. हसन ईसाखिल ने अपनी इनिंग को दौरान सौम्य सरकार के साथ 101 रन की जो पार्टनरशिप की, वो नोआखाली एक्सप्रेस के लिए किसी भी विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी रही. पहले ये रिकॉर्ड 90 रन का था, जो कि हसन के पिता मोहम्मद नबी ने हैदर अली के साथ मिलकर BPL में बनाया था. 92 रन की अपनी इनिंग के दौरान हसन, नोआखाली एक्सप्रेस के लिए ञ्20 की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने. इस मामले में उन्होंने अपने पिता समेत 3 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 3-3 छक्के जड़े थे. हसन ईसाखिल ने अपनी इनिंग में छक्के और चौके से 58 रन बनाए. ये टी20 की एक पारी में नोआखाली एक्सप्रेस के लिए बाउंड्रीज से बने सबसे ज्यादा रन है. इस मामले में पहले ये रिकॉर्ड सौम्य सरकार के नाम था, जिन्होंने 42 रन जड़े थे.

संक्षिप्त समाचार

## एक दिन ओवैसी को ही बुर्का पहनकर ना भागना पड़ जाए: कपिल मिश्रा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने हाल में कहा था कि कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। ओवैसी ने ये भी कहा था कि भारत का संविधान सभी समुदायों के लोगों को समान दर्जा देता है जबकि पाकिस्तान का संविधान शीर्ष संवैधानिक पदों के लिए केवल एक ही समुदाय तक सीमित है। आपको बता दें कि ओवैसी ने ये बयान 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले महाराष्ट्र के सोलापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दिया था। ओवैसी की इस टिप्पणी पर अब दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने कहा कि एक दिन ओवैसी को ही बुर्का पहनकर ना भागना पड़ जाए। मीडिया से बातचीत में मिश्रा ने कहा 'ओवैसी साहब को मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हिजाब वाली को पहले अपने घर से तो निकालो। आप तो बाहर नहीं निकलने दे रहे और न ही पढ़ाई करने दे रहे हैं। उन्हें ट्रिपल तलाक और हलाला में कुचल कर रखा हुआ है। और अगर ज्यादा ही हिजाब वाली और बुर्के वाली को कुचलोगे तो वहीं होगा जो ईरान में हो रहा है। एक दिन ओवैसी को बुर्का पहनकर भागना पड़ेगा।' वहीं एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 'बुर्के वाली जाग गई, इनकी आंखें खुल गईं तो ईरान की तरह होगा, तब ओवैसी को खुद बुर्का पहनकर भागना पड़ेगा।' आपको बता दें कि ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे। कट्टरपंथी इस्लामिक शासन व्यवस्था के खिलाफ दो सप्ताह से जारी इन विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान के बिगड़ते हालात पर अमेरिका नजर रखे हुए है।

## दिल्ली पुलिस एक महीने से लापता 3 बुजुर्गों का तुरंत पता लगाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वसंत कुंज इलाके से करीब एक महीने से लापता




तीन बुजुर्गों के मामले में दिल्ली पुलिस को तुरंत कार्रवाई कर उनका पता लगाने के निर्देश दिए हैं। बुजुर्गों की बेटी ने अपहरण, चोरी और पुलिस की निष्क्रियता के आरोप लगाए हैं। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस मनोज जैन की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता ओंद्रिला दासगुप्ता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी 2026 को तय की गई है। याचिका में बताया गया कि ओंद्रिला दासगुप्ता के माता-पिता मिहिर कुमार दासगुप्ता, अनिंदिता दासगुप्ता और उनके चाचा समीर दासगुप्ता 13 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब ढाई बजे अपने पालतू कुत्ते के साथ वसंत कुंज के पॉकेट-ए स्थित घर से लापता हो गए थे। उनके मुताबिक, जब वह शाम को घर पहुंचीं तो बार-बार फोन करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था, जिससे चोरी की आशंका जताई गई। उसी दिन उन्होंने किशनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसे डेली डायरी में दर्ज किया गया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि ओंद्रिला दासगुप्ता के पूर्व पति शायक सेन ने उन्हें धमकी भरे फोन कॉल किए और दावा किया कि बुजुर्गों का अपहरण उसी ने करवाया है। इसके बाद 14 और 15 दिसंबर को अतिरिक्त शिकायतें भी दी गईं, जिनमें वॉट्सऐप के जरिये धमकी मिलने और अन्य परिजनों के नाम भी सामने आने की बात कही गई। ओंद्रिला का कहना है कि 16 से 18 दिसंबर के बीच कई बार थाने जाने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

# दिल्ली में बारापुला फेज-3 का निर्माण कार्य तेज

### मयूर विहार से सराय काले खां जाना होगा आसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मयूर विहार फेज-1 से सराय काले खां तक बारापुला फ्लाईओवर के फेज-3 का निर्माण कार्य तेज हो गया है। पेड़ हटाने की अनुमति मिलने के बाद से 6 नए पिलर बनाए जा चुके हैं, बाकी 9 पिलर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद स्पैन डालने का काम किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों का दावा है कि दो तरफ 250-250 मीटर के बचे हुए निर्माण कार्य को जून में पूरा कर लिया जाएगा। फ्लाईओवर के निर्मित हिस्से पर जहां पर कारपेटिंग नहीं हुई, वहां पर फिनिशिंग टच देने का काम साथ-साथ चल रहा है। इस फेज का काम पूरा होने पर पूर्वी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद के लोगों का एम्स तक पहुंचना आसान हो जाएगा। साथ ही इससे एम्स जाने वाले वाहनों का सराय काले खां की सड़क पर दबाव कम होगा। डीएनडी और एनएच-9 पर भी वाहनों का बोझ कम होगा। बारापुला फ्लाईओवर का सराय काले खां से आईएनए मार्केट तक दो चरणों में करीब साढ़े नौ किलोमीटर का काम वर्षों पहले हो गया था। उस पर वाहन दौड़ रहे हैं। इसके फेज-3 कॉरिडोर के तहत मयूर विहार फेज-1 से सराय काले खां के बीच करीब साढ़े तीन किलोमीटर हिस्से पर काम 95 फीसदी पूरा हो चुका है। इस फेज का काम पूरा होने पर मयूर विहार फेज-एक से एम्स तक पहुंचने में 20 मिनट का समय लगेगा। अभी डीएनडी और एनएन-नौ से सराय काले खां होते हुए एम्स जाने तक 40 से 50 मिनट लगते हैं। बीच-बीच में कई स्थानों पर जाम से जूझना पड़ता है।

# तुर्कमान गेट के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से रख रहे नजर

### सुरक्षा बल तैनात, ड्रोन से रखी जा रही नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 18 हो गई है। यह हिंसा 6 और 7 जनवरी की रात उस वक्त भड़की थी जब सोशल मीडिया पर मस्जिद तोड़े जाने की गलत खबर फैल गई थी। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पत्थर और बोतलें फेंकीं। हमले में थाना प्रभारी समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। तुर्कमान गेट के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से नजर रखी जा रही है। साथ ही सुरक्षा कड़ी रखी जा रही है।

गिरफ्तार किए गए 18 आरोपियों में मोहम्मद नावेद, मोहम्मद फैज, मोहम्मद उबैदुल्लाह, मोहम्मद आरिब, मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अदनान, समीर हुसैन, मोहम्मद अतहर, शहनवाज आलम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इमरान उर्फ राजू, मोहम्मद अफ्फान, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आमिर हमजा, मोहम्मद उबैदुल्लाह, फहीम और मोहम्मद शहजाद शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि तुर्कमान गेट के संवेदनशील इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है। एक अधिकारी के अनुसार, पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है। मौजूदा वक्त में हालात पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण हैं।



अधिकारी ने आगे बताया कि पत्थरबाजी और बवाल मामले की जांच चल रही है। जांच टीमें डिजिटल सबूतों की बारीकी से जांच कर रही हैं। अफवाह फैलाने वालों और पत्थरबाजी में शामिल लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया अब भी चल रही है। बता दें कि दिल्ली के रामलीला मैदान के पास फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास 6 और 7 जनवरी की रात को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा भड़क गई थी। उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं थीं। इसमें थाना प्रभारी सहित 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हालांकि दिल्ली पुलिस ने तत्परता के साथ स्थिति को नियंत्रित कर लिया था। पुलिस की ओर से बल प्रयोग भी किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तनाव तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि अतिक्रमण हटाने के दौरान मस्जिद को तोड़ा जा रहा है। अफवाह फैलने के कारण बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा होने लगे थे। उपद्रवियों ने प्रशासन के काम में बाधा डालने की कोशिश की थी।

# ड्रग तस्करों की दरिंदगी: समुद्र तट पर रस्सियों से लटका दिए 5 मानव सिर

**इक्वाडोर , एजेंसी।**
दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के एक समुद्र तट पर उस समय सनसनी फैल गई जब लकड़ी के खंभों से रस्सियों के सहारे पांच मानव सिर लटके हुए मिले। पुलिस ने रविवार को इस भयावह घटना की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में खून से सने सिरों का खौफनाक मंजर दिखाई दिया। सिरों के पास एक चेतावनी संदेश भी छोड़ा गया था, जो बंदरगाह शहर पुएर्तो लोपेज में मछुआरों से कथित तौर पर वसूली करने वालों को निशाना बनाकर लिखा गया बताया जा रहा है।

पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात आपस में भिड़ते आपराधिक गिरोहों के बीच चल रहे संघर्ष का नतीजा है। अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह सक्रिय हैं,



जो ड्रग्स की ढुलाई के लिए मछुआरों और उनकी छोटी नौकाओं का इस्तेमाल करते रहे हैं। पुएर्तो लोपेज, मनाबी प्रांत में स्थित है, जो लंबे समय से ड्रग तस्करी के मार्गों पर नियंत्रण को लेकर हिंसा का केंद्र बना हुआ है। महज दो सप्ताह पहले इसी इलाके में हुए एक नरसंहार में छह लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ाई थी

इसके बावजूद हिंसा नहीं रुकी। तीन दिन बाद मनाबी प्रांत के ही मांटा शहर में हुए एक अन्य सशस्त्र हमले में भी छह लोगों की जान चली गई। इक्वाडोर बीते चार वर्षों से भीषण हिंसा के दौर से गुजर रहा है। देश कोलंबिया की उत्तरी सीमा और पेरू की दक्षिणी सीमा से आने वाले मादक पदार्थों के भंडारण और वितरण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2025 इक्वाडोर के इतिहास का सबसे हिंसक वर्ष रहा, जिसमें 9,000 से अधिक हत्याएं दर्ज की गईं। ताजा घटना ने एक बार फिर देश की सुरक्षा व्यवस्था और ड्रग माफिया के बढ़ते प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## तीन हफ्तों में दूसरी बार न्यूजीलैंड के टौरंगा में सिख नगर कीर्तन का विरोध

**टौरंगा, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के टौरंगा शहर में रविवार को सिख समुदाय के वार्षिक नगर कीर्तन के रास्ते में स्थानीय राइट-विंग धार्मिक समूह के लोगों ने फिर से दखल दिया। यह तीन हफ्तों में दूसरी बार है जब इस तरह का विरोध देखा गया है। नगर कीर्तन सुबह 11 बजे गुरुद्वारा सिख संगत मंदिर से शुरू हुआ और कैमरन रोड से टौरंगा बॉयज कॉलेज की ओर बढ़ा। पुलिस ने पहले से सुरक्षा बढ़ा रखी थी क्योंकि पिछले कुछ समय में इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

बता दें कि प्रदर्शन करने वाले समूह जो पेंटेकोस्टल नेता ब्रायन तमाकी के डेस्टिनी चर्च से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस समूह के लोगों ने कीर्तन के सामने मैओरी हाका नामक पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन किया और यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं, जैसे नारों वाले बैनर दिखाए। हालांकि कोई बड़ी हिंसा नहीं हुई और पुलिस तथा कीर्तन के स्वयंसेवकों की संयुक्त मदद से यह कार्यक्रम शांति से पूरा हो गया। इस विरोध प्रदर्शन को लेकर तमाकी ने सोशल मीडिया पर खुद एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने इस प्रदर्शन को शांति पूर्ण बताया। साथ ही वीडियो के कैप्सन में लिखा कि किसकी सड़के? कीवी की सड़के! हालांकि दूसरी ओर शिरोमणि गुरुद्वारा परबंधक समिति (एसजीपीसी) ने इस विरोध की कड़ी निंदा की है। पवित्र और शांतिपूर्ण प्रतीक है, और इसे रोकने की कोशिश धार्मिक आजादी तथा सामाजिक सद्भाव को चुनौती देना है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय हमेशा स्थानीय कानून और संस्कृति का सम्मान करता रहा है, लेकिन ऐसे व्यवस्थित विरोध ने समुदाय को गहरा दुख पहुंचाया है। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी ने इस विरोध प्रदर्शन को लेकर न्यूजीलैंड तथा भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है।

# हैरी पॉटर के हॉगवर्ट्स की याद दिलाते हैं चीन के अनोखे बुकस्टोर, देख कर रह जाएंगे दंग

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन तकनिक और डिजाईन की क्षेत्र में काफी आगे निकल चुका है। चीन की अत्याधुनिक इमारत, जिग-जैग सड़के और मशीने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच ही रहे हैं। इस सब के बीच चीनी बुकस्टोर भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

उत्तरी चीन के तियानजिन में स्थित एक किताब की दुकान इतनी खूबसूरत है आने-जाने वालों का मन मोह लेती है। इस दूकान में आने वाले लोगों का स्वागत अकॉर्डियन और स्पाइरल सीढ़ी करती हैं।

इस बुकस्टोर का शानदार इंटीरियर सिर्फ किताबी कीड़ों को ही नहीं बल्कि सेल्फी लवर को भी यहां लाने को मजबूर करता है। हैरी पॉटर के हॉगवर्ट्स से तुलना डेटा से पता चलता है कि देश भर में हार्ड-कॉपी



किताबों की बिक्री कोरोना महामारी से पहले के स्तर पर वापस नहीं आ पाई है, इसके बावजूद अधिकारी घरेलू खपत को बढ़ावा देने और ई-कॉमर्स बूम के लिए कोशिश कर रहे हैं। फिर भी, पिछले साल जनवरी में एक पब्लिशिंग इंडस्ट्री ग्रुप के प्रमुख ने कहा कि हाल के सालों में फिजिकल किताबों की दुकानों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। अनोखी विशेषताओं वाली किताबों की दुकानों की एक लहर सामने आई है। तियानजिन का ये झोंगशुगे बुकस्टोर सितंबर 2024 में खुला था। सोशल मीडिया पर इसकी तुलना हैरी पॉटर के हॉगवर्ट्स से की जा रही है। जो भी इस बुकस्टोर पर जाता है बिना सेल्फी लिए वापस नहीं आ पाता। इस बुकस्टोर की खूबसूरती देख टूरिस्ट सेल्फी स्टिक और ट्राइपॉड लिए यहां चले आते हैं। इसकी सेंट्रल सीढ़ियों तीन मंजिला बड़े-बड़े खंभों तक जाती हैं और छत पर मेहराब बनाती हैं। जमीन पर फोटो के लिए सबसे अच्छी जगह लिखे हुए प्रिंट चिपकाए गए हैं। बीजिंग के आर्किटेक्ट झेंग शिवेई का कहना है कि चीन में कुछ बुकस्टोर अब ऐसे इंटीरियर बनाने में इन्वेस्ट कर रहे हैं जिनकी तस्वीरें ली जा सकें। पिछले जून में, नानजिंग शहर का एक बुकस्टोर भी टूरिस्ट हॉटस्पॉट बन गया था। बाद में स्टोर में एक नोटिस लगाया गया जिसमें फ्लैश फोटोग्राफी, ट्राइपॉड, घूमने-फिरने और बिना इजाज़त के फोटो शूट पर बैन लगा दिया गया था। लोगों का कहना था कि ऐसा करने से वहां पढने के लिए आए लोगों को परेशानी होती थी।

## वेनेज़ुएला पर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान: खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई कर और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में भूचाल ला गया था। वहीं अब वेनेजुएला से जुड़ा एक पोस्ट कर नई सनसनी फैला दी है। अपने ट्रूथ सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट कर ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, उन्होंने इससे जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है। खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया है। ट्रुथ सोशल पर साझा की गई इस पोस्ट में वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रंप को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में दर्शाने वाली एक डिजिटल रूप से संपादित तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर ऐसे वक्त पर साझा की गई है, जब ट्रंप लगातार वेनेजुएला के तेल भंडार को लेकर तेल कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं और लगातार ईरान-ग्रीनलैंड पर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं। विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दर्शाया गया। बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा। बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ।

# दिल्ली में शीतलहर से हाड़ जमाऊ सर्दी शुरू, गिरते पारे ने बढ़ाई टेंशन; 3 दिन और भी भारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में सर्दी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। राजधानी में रविवार सुबह बफीर्ली हवाओं और 3 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे लुढ़के पारे ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। हालांकि, दिन में धूप खिलने से राहत मिली पर शाम को फिर तेज ठंडी हवाओं ने गलन बढ़ा दी।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में रविवार को इस मौसम की पहली शीतलहर दर्ज की गई और कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़क गया। आईएमडी के मुताबिक, अगले दो दिनों तक हालात ऐसे ही बने रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने राजधानी में सोमवार और मंगलवार को शीतलहर के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18-20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

दिल्ली में रविवार को आयानगर शहर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम स्टेशन पर 13 वर्षों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.6 डिग्री कम है, जबकि अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो



सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

आईएमडी के एक अधिकारी के अनुसार ठंड के इस मौसम में राजधानी में शीतलहर की यह पहली घटना है। पालम में रविवार को पिछले 13 वर्षों में सबसे कम तीन डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम है। इससे पहले पालम केंद्र पर 7 जनवरी 2013 को न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हालांकि, पालम में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 जनवरी 1967 को शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

आंकड़ों के अनुसार, आयानगर शहर का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री कम 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम 18.1 डिग्री सेल्सियस रहा। रिज केंद्र पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री कम 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री कम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

लोधी रोड पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री कम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने आगे भी शीतलहर की स्थिति बनी रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी के मुताबिक, शीतलहर की स्थिति तब घोषित की जाती है, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक कम हो।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया मिथिला महिला समिति का 32वां वार्षिकोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद् की इकाई मिथिला महिला समिति का 32वां वार्षिकोत्सव शनिवार की शाम सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में सोल्लास मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सचिव दिलीप झा व मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर समिति की ओर से अतिथियों को मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण करते हुए समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने मिथिला महिला समिति द्वारा किए गए समाजोपयोगी कार्यों का जिक्र करते हुए इसमें सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने अपने संबोधन में मिथिला महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी मिथिला की कला-संस्कृति व सामाजिक कार्यों के प्रति समिति कार्य करती रहेगी। उन्होंने सभी से सामाजिक कार्यों में सहयोग करने की अपील की। मिथिला महिला समिति की अध्यक्षा पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा के नेतृत्व में आयोजित इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में समिति की सदस्याओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापति की रचना भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि.. गीत की सुमधुर प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में समिति की सदस्याओं ने प्रसिद्ध गीतकार डॉ चंद्रमणि झा की रचना स्वागत गीत मंगलमय दिन आजु हे पाहुन छथि आयल... की सुमधुर प्रस्तुति की। झिझिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। मंच संचालन कमला झा व बबिता झा ने किया। इस अवसर पर डॉ जी एन झा, इंदिरा झा, ए के झा, अमिता झा, राजेश कुमार झा, किरण झा, शीला मिश्रा, डॉ मंजु झा, आशा झा, बीनू चौधरी, जयंती पाठक, नमिता झा, रंजना भगत, समरेन्द्र झा, सीमा झा, ए के मिश्रा, डी एन झा, बीणा झा, पूनम झा, अविनाश झा, मधुबाला झा, प्रदीप झा, वंदना झा, पी के झा चंदन, कुमकुम झा, अनिल कुमार झा, प्रदीप, पदमा चौधरी, प्रेरणा ओझा, एस एन झा, लीला झा, कौशल कुमार राय, विनीता राय, अपर्णा झा, रुचि प्रेरणा, एल के झा आदि उपस्थित रहे।




# युवा दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी बोकारो में युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद जयंती सह पूर्व छात्र स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसमें विद्यालय समिति के साथ-साथ उपस्थित पुरातन छात्रों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिनेश खवास ने कहा कि आप जहां भी जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वहां समाज हित और देश हित में भी अपना कार्य अवश्य करें। विद्या भारती विश्व का सबसे बड़ा छात्र शैक्षणिक संस्थान है। जिसके द्वारा आप जैसे होनहार ,कर्तव्यनिष्ठ बालकों का सर्वांगीण विकास होता है। अतः आपके ऊपर अधिक जवाबदेही बनती है कि देश की उन्नति कैसे हो। विद्यालय कार्यालय प्रमुख,शुभम प्रताप ने अपने उद्बोधन में कहा विवेकानंद जी की जयंती के अवसर जब पूरा देश युवा दिवस के रूप में मनाता है उसे समय हमारे विद्यालयों में पूर्व छात्रों की ऐसी गोष्ठी और स्नेह मिलन का कार्यक्रम होता है जिससे उनका जुड़ाव निरंतर अपने आचार्य और विद्यालय का प्रतीक बना रहता है। । आज पूरे विश्व में विद्या भारती का पूर्व छात्र एलमुनि सबसे अधिकतम संख्या को प्राप्त करके अग्रणी बना हुआ है। उपस्थित पूर्व छात्र विकास पाण्डेय अपने समय के अनुभव कथन को कहते हुए भावुक नजर आए । उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से जो संस्कार हमें प्राप्त हुए हैं उनका क्रियान्वयन आज हम अपने कार्य क्षेत्र में कर रहे हैं । जितनी सरलता और आत्मीयता के साथ यहां के आचार्य बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं, आज यह अपनत्व की भावना हमें कहीं नजर नहीं आती यही कारण है कि विद्यालय हर वर्ष हमें याद करती है और आज भी यह विद्यालय हमें अपना सा लगता है।




## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर बोकारो स्टील सिटी कॉलेज में संगोष्ठी

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो स्टील सिटी कॉलेज में आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं में राष्ट्रबोध, सामाजिक दायित्व एवं संगठनात्मक चेतना को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा हुई। आज आयोजित कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं भारतीय परंपरा के गौरवपूर्ण मूल्यों पर सारगर्भित एवं प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रनिर्माण में योगदान एवं युवा चेतना को जागृत करने वाले विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिरंची नारायण जी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और संगठित युवाशक्ति ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बोकारो महानगर इकाई के गठन की घोषणा जिला संयोजक पवन कुशवाहा द्वारा की गई। इकाई गठन की घोषणा का उपस्थित कार्यकताओं एवं विद्यार्थियों ने तालियों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ।



### बाइक की टक्कर से एक की मौत, मुआवजे को लेकर हंगामा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास चंदनकियारी मुख्य पथ पत्थरकट्टा साईट के पास सड़क पर पैदल चल रहे दंपति को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। मौके पर ही करम बाउरी की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार चीकू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। चिकित्सा युवक चीकू को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में भेजने का काम कर रहे थे। तब परिजनों ने हंगामा करते हुए उसे ले जाने से रोक दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उग्र लोगों को समझने का काम किया। लेकिन लोग नहीं माने। मृतक के परिजन आरोपी युवक से 10 लाख का मुआवजा की मांग कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि लिखित रूप से अगर युवक के परिजन मुआवजा की बात स्वीकार करते हैं तो चीकू को बाहर इलाज के लिए ले जाने देंगे, नहीं तो इसे रोक कर रखेंगे। परिजनों का आरोप है कि युवक चीकू नशे में धुत था, जिस कारण यह हादसा हुआ है। मृतक चोमसोबाद का रहने वाला था जबकि युवक चीकू कुमार भवानीपुर साइड का रहने वाला है।

### हाइवा की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत डीएसपी कार्यालय के समक्ष स्थित चर्च के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गई। मोदीडीह कोलियरी के डी-12/14 नंबर कोल डंप की ओर जा रहे हाइवा की चपेट में आने से लालटेन, अंगारपथरा निवासी 52 वर्षीय पोखन भुइंया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने नियोजन और मुआवजे की मांग को लेकर कतरास-धनबाद मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम रखा। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं, सूचना मिलने पर जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार, लोयाबाद थाना प्रभारी पीकू प्रसाद, तेतुलमारी पुलिस सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। मृतक के पुत्र संदीप कुमार भुइंया ने बताया कि नया मोड़ जाने के दौरान उन्होंने अपने पिता को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी से उचित मुआवजा देने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक शव घटनास्थल पर ही पड़ा था और पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराने की तैयारी में जुटी हुई थी।



# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जरीडीह प्रखंड द्वारा जीवन ज्योति मंदिर जैनामोड़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। जिसकी अध्यक्षता अमित कुमार द्विवेदी एवं मंच संचालन शिवम सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा में माला अर्पण कर प्रारंभ की गई। जिसके बाद छात्रों के बीच निबंध, भाषण एवं भेष भूषा प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ए बी वी पी के पूर्व कार्यकर्ता विवेक पाठक, झारखंड प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक रोशन जैसवाल, झारखंड प्रांत कार्यकारणी सदस्य शिवम जारीडीह नगर सह मंत्री अमित कुमार द्विवेदी, जीवन ज्योति मंदिर जेनामोड़ के प्रधानाचार्य नकुल सर उपस्थित थे विवेक पाठक ने कहा स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी को हुआ। वो वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें 2 मिनट का समय दिया गया था लेकिन उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों' के साथ करने के लिये जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। झारखंड प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक रोशन जैसवाल ने कहा स्वामी विवेकानंद भारत के महान हिंदू भिक्षुओं में से एक है। वह न केवल एक आध्यात्मिक नेता है, जिन पर भारत को गर्व है, बल्कि एक महान स्वतंत्रता सेनानी भी थे। जिन्होंने उन्हें गहराई से समझा और पढ़ा है वह उन्हें स्वतंत्रा सेनानी भी मानते थे, वहीं भारत की आजादी में योग्यादान देने वाले महान स्वतंत्रा सेनानियों ने कहा भी है कि उनके अंदर आजादी की अलख जागाने वालों में से एक स्वामी विवेकानंद भी थे। आज भी सिर्फ हम भारतीय नहीं बल्कि पूरी दुनिया उनके सिद्धांतों का सम्मान करती है और उनका पालन करती है। उन्होंने अपने अभूतपूर्व भाषण के माध्यम से विश्व संस्कृति और धर्म पर कभी ना कम होने वाला प्रभाव डाला है। उनके उपदेशों ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों के प्रति मानवता और सहानुभूति के गुणों का आह्वान किया है। स्वामी विवेकानंद ने वैसे तो कई जगह भाषण दिए हैं, लेकिन शिकागो में दी गई स्पीच काफी फेमस रही और आज भी लोग उनकी यह स्पीच सुनने को उत्सुक रहते हैं। नकुल सर ने कहा स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर 1983 को शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भाषण देकर दुनियाभर में भारत की मजबूत छवि पेश की थी. इस भाषण को 130 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी स्वामी जी के इस ऐतिहासिक भाषण की चर्चा होती है. इतना ही नहीं स्वामी जी के भाषण के बाद ऑडियंस की ओर से स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला था और पूरे 2 मिनट तक तालियां बजती रही स्वामी विवेकानंद ने भाषण की शुरूआत में कहा, मेरे अमरीकी भाइयों और बहनों आपने स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है, जिससे मेरा दिल भर आया. मैं दुनिया की पुरानी सत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की ओर से धन्यवाद देता हूं. सभी जातियों और संप्रदायों के हिंदुओं की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ। अंतिम में प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



## स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया युवा दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी, बोकारो में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में बड़े उत्साह एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र (पुरातन छात्र) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भैया-बहनों को दी। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर आधारित भाषण, कविता, समूहगान तथा विचार प्रस्तुतियाँ दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया और उन्हें आत्मविश्वास, सेवा, अनुशासन तथा चरित्र निर्माण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाकर अपने जीवन को समाज और राष्ट्र की सेवा में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा पूर्व छात्रों ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा एवं नैतिक मूल्यों के पालन का संकल्प लिया। पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति, ऊर्जा और उत्साह से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय परिवार एवं पूर्व छात्र परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ।



# भारत सरकार के प्रतिबिंब ऐप की मदद से बोकारो पुलिस ने 6 साइबर ठगों को दबोचा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के प्रतिबिंब ऐप से मिली जानकारी के बाद एसपी के द्वारा गठित टीम ने चिराचास थाना क्षेत्र के वैष्णवी कंपलेक्स के एक फ्लैट से जमशेदपुर और बिहार के रहने वाले 6 साइबर ठग को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। गिरफ्तार साइबर ठग गिरोह का मास्टरमाइंड शेखपुरा बिहार का रहने वाला प्रिंस कुमार है । जिसके खिलाफ बिहार के विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं। उसके साथ जमशेदपुर के रहने वाले मिथिलेश कुमार झा, शेखपुरा के रहने वाले रोहित आर्य, नवादा बिहार के रहने वाले टिंकू कुमार, विकास रविदास और नालंदा जिला के रहने वाले गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 13 एंड्रॉयड और कीपैड मोबाइल, 20 हजार नकद, विभिन्न कंपनियों के सिम सभी गिरफ्तार अपराधियों का आधार कार्ड, एचडीएफसी का पासबुक और ठगी का हिसाब किताब का पंजी भी बरामद किया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि यह सफलता प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से मिली है। यह गिरोह लोन दिलाने और म्युचुअल फंड में जल्दी पैसे दोगुनी करने के नाम पर लोगों को ठगने का काम करते थे। इन लोगों का और भी नेटवर्क है जिसकी जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि यह लोग सोशल मीडिया के माध्यम से नंबर लोगों का इकट्ठा करते थे उसके बाद ठगी का शिकार बनाते थे। एसपी ने बताया कि बैंक कर्मियों के मिली भगत की भी जांच मामले में की जाएगी।



# स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलकर भारत बनेगा विश्व गुरु : धर्मवीर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री करणी सेना ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। जिला कार्यालय बोकारो दुंदीबाग बाजार में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि श्री करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्र भक्त समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने इस अवसर पर पुष्प अर्पित कर अपने सम्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रखर राष्ट्रभक्त योद्धा सन्यासी थे और भारत भारतीयता तथा सनातन धर्म संस्कृति, वैदिक रीति नीति का पूरे विश्व में पताका फहराकर भारत का गर्व एवं गौरव को बढ़ाया। उन्होंने गुलाम भारत में युवाओं एवं देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में उन्होंने भारत और भगवा का पताका लहरा दिया।पूरे भारत का भ्रमण कर उन्होंने भारत के विकास का प्रारूप तैयार किया और युवाओं में स्वतंत्रता सेनानीयों में आजादी हेतु हुंकार भरा। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कल था और आगे भी रहेगा। भारत का मार्गदर्शन हजारों वर्षों तक करेगा।आज कार्य क्रम का संचालन झारखंड प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन युवा प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मवीर सिंह, गोपाल सिंह, सुजीत कुमार सिंह, भाजपा नेता अवधेश यादव, शम्भू सिंह,सौरव सिंह,पिंटू मंडल, मनोज कुमार, संजय कुमार सिंह,देव सिंह, संतोष राज सिंह, उमेश कुमार,सहित अन्य उपस्थित थे।



# कसमार: राष्ट्रीय युवा दिवस पर 'युवा उत्सव' का आयोजन

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को कसमार प्रखंड अंतर्गत बगदा पंचायत भवन में 'युवा उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए नेतृत्व क्षमता का विकास, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें तो समाज और देश में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहे कार्य बाल विवाह, नशामुक्ति, बाल हिंसा, युवा नेतृत्व,अशिक्षा एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध युवाओं को एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प को दोहराया। साथ ही इन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन तथा महिला हिंसा की रोकथाम में युवाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने कहा कि युवाओं एवं किशोरियों से शिक्षा, नेतृत्व विकास और सामाजिक बदलाव के लिए संगठित होकर कार्य करने की अपील की। किशोरियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। मौके पर संस्था की एनिमेटर संगीता देवी, बिनीता देवी, रेखा देवी, डोली कुमारी, श्वेता कुमारी, हनी, सोनिका, पार्वती, नेहा, होलिका, रजनी, आरती, रानी, पूजा कुमारी, कोमल कुमारी, पिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, न्यासा कुमारी, पायल कुमारी सहित बड़ी संख्या में युवा एवं किशोरियाँ उपस्थित रहीं।

# बीएसएल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप सड़क सुरक्षा के महत्व पर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बोकारो इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 12 जनवरी 2026 को इस्पात भवन परिसर से किया गया। 12 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएल की अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी.आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक डॉ. बी. बी.करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक एस. के. भारद्वाज सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में इस्पातकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक बी. के. सरतापे ने सभी अतिथियों एवं इस्पात कर्मियों का स्वागत किया तथा सप्ताह भर आयोजित किए जानेवाले विभिन्न सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पश्चात निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने सुरक्षा ध्वज फहराया एवं उपस्थित कर्मियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहे और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करे, तो सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव है। इस्पातकर्मियों को वाहन चलाते वक्त सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया, साथ ही सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों की यथासंभव मदद करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने इस्पात भवन परिसर से सड़क सुरक्षा एवं जीवनरक्षा के संदेश के प्रसार हेतु सुरक्षा रथ को फ्लैग-ऑफ भी किया। यह सुरक्षा रथ संयंत्र एवं नगर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रतिजागरूक करेगा। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा विभाग के उप महाप्रबंधक श्री कुमार रजनीश तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक विकास गुप्ता ने किया।






**बीएसएल ने संविदा कर्मियों के लिए 'संजीवनी' समूह स्वास्थ्य बीमा योजना का किया शुभारंभ**

बोकारो इस्पात संयंत्र ने संविदा कर्मियों की सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल करते हुए दिनांक 12 जनवरी 2026 को 'संजीवनी' नामक समूह स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्घाटन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस रूम संख्या-1 में आयोजित एक कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएल की अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी. आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक डॉ. बी. बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक एस. के. भारद्वाज, मुख्य महाप्रबंधक ए. के. शरण, मुख्य महाप्रबंधक अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नीता बा सहित बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य, मेसर्स बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य महाप्रबंधक ए. के. शरण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए 'संजीवनी' योजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्य एवं प्रमुख विशेषताओं को साझा किया। अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी ने कहा कि यह योजना सेल में अपनी तरह की पहली पहल है, जो संविदा कर्मियों के कल्याण के प्रति संगठन की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन कुशल एवं अति-कुशल संविदा कर्मियों के लिए प्रारंभ की गई है, जो सकल वेतन ₹21,000/- से अधिक होने के कारण ईएसआईसी चिकित्सा कवरेज के दायरे से बाहर थे। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने 'संजीवनी' योजना को बीएसएल के संविदा कर्मियों के लिए एक सशक्त सुरक्षा कवच बताते हुए कहा कि यह पहल संविदा कर्मियों के समग्र कल्याण, सुरक्षा एवं मनोबल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक एवं दूरदर्शी कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह योजना संविदा कर्मियों के कल्याण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में सहायक सिद्ध होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK